चैत्र मास, शुक्ल पक्ष 13, वर्ष 11, अंक 340, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, सोमवार, 3 अप्रैल, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित





अन्दर : पूर्व क्रिकेटर सलीम दुर्रानी का निधन

अन्दर : दक्षिण के द्वार पर 2024 का सेमीफाइनल

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# पश्चिम बंगाल के हुगली में हिंसा भड़की

## शोभायात्रा के दौरान पत्थरबाजी, वाहनों में आग लगाई, पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली में रविवार को दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। रिशरा इलाके में शोभायात्रा के दौरान पत्थरबाजी हुई। इसके बाद वाहनों में आग लगा दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने हिंसक भीड़ को काबू करने के लिए आंसू गैस के गोले भी छोड़े।

भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा कि महिलाओं और बच्चों पर पत्थर फेंके गए। हावड़ा में हिंसा के बाद भी राज्य सरकार ने कोई एक्शन नहीं लिया। पश्चिम बंगाल के हावड़ा और उत्तरी दिनाजपुर जिले में गुरुवार को शोभायात्रा के दौरान हिंसक झड़प हुई थी। शुक्रवार को एक बार फिर शिबपुर में पत्थरबाजी की घटना सामने आई। इस मामले में पुलिस ने 38 लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि दो मामले दर्ज किए गए हैं।

**थम नहीं रहीं हिंसा**

**दिलीप घोष बोले- राज्य सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही**

**हावड़ा के शिवपुर में अब माहौल शांत, ममता बोलीं- जुलूस का मार्ग कैसे बदला?**



हावड़ा के पुलिस कमिश्नर ने कहा कि हालात अब सामान्य हैं, और लोगों को इस मामले में परेशान होने की जरूरत नहीं है। कुछ इलाकों में धारा 144 लागू की गई है और पुलिस इन इलाकों में गश्त लगा रही है।वहीं, विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी और ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने कोर्ट से मामले की ठक्ष्अ जांच कराने की मांग की थी। हावड़ा के शिबपुर में अब स्थिति सामान्य है। यहां सड़कों पर अब भी पुलिस तैनात है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इन घटनाओं के लिए सीधे भाजपा को जिम्मेदार ठहराया था। ममता ने भाजपा का नाम लिए बगैर कहा, 'वे सांप्रदायिक दंगों के लिए राज्य के बाहर से गुंडे बुलाते रहे हैं। उनके जुलूसों को किसी ने नहीं रोका, लेकिन उन्हें तलवारें और बुलडोजर लेकर मार्च करने का अधिकार नहीं है। हावड़ा में ऐसा करने की उनकी हिम्मत कैसे हुई?'ममता ने कहा- उन्होंने मार्ग क्यों बदल दिया? विशेष रूप से एक समुदाय को टारगेट करने और हमला करने के लिए अनधिकृत मार्ग क्यों चुना? भाजपा ने हमेशा हावड़ा, पार्क सर्कस और इस्लामपुर को निशाने पर रखा है।'

**चार दिन पहले भी हुई थी हिंसा**

बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र में चार दिन पहले भी हिंसा की घटनाएं हुई थीं। हालांकि बीते तीन दिनों से माहौल शांत है। इन राज्यों के हिंसाग्रस्त इलाकों में पुलिसबल तैनात किया गया है। बंगाल-बिहार के कई जिलों में धारा 144 लागू कर दी गई। बंगाल के हावड़ा में जांच सीआईडी के हवाले है, लेकिन एनआईए जांच की मांग की जा रही है। यहां 30 लोगों की गिरफ्तारी हुई है और 2 केस दर्ज किए गए हैं।

# ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में होगा बड़ा परिवर्तन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ब्लॉक प्रमुख की चुनाव प्रक्रिया में बड़ा परिवर्तन हो सकता है। आगरा में ग्राम विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा और मंडल स्तरीय ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ सम्मेलन में आए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ऐसे संकेत दिए। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ऐसी व्यवस्था पर विचार कर रही है जिसमें ब्लॉक प्रमुख पद का चुनाव भी क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान की तरह जनता द्वारा किया जाएगा।



सम्मेलन में आगरा मथुरा फिरोजाबाद व मैनपुरी से 42 से अधिक ब्लॉक प्रमुख व उनके प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रमुखों ने शस्त्र लाइसेंस दिलाने, मनरेगा में बजट का प्रावधान, सार्वजनिक भूमि से कब्जे हटवाने और प्रमुखों का प्रोटोकॉल निर्धारित करने की मांग की। साथ ही वर्षों से ब्लॉक में जमे बीडीओ के लिए तबादला नीति बनाने की मांग की, जिसके जवाब में ग्राम्य विकास मंत्री व डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जल्द भविष्य में ब्लॉक प्रमुखों का चुनाव जनता द्वारा कराए जाने पर सरकार विचार कर रही है। जिसके बाद ब्लॉक प्रमुखों को प्रोटोकॉल के साथ-साथ विभागीय बैठक व योजनाओं में पूर्ण सहभागिता मिलेगी। उन्होंने कहा बीडीओ का ब्लॉक स्तर पर तबादले किए जाएंगे।

**संभावना**

**अब बीडीसी नहीं जनता चुनेगी डिप्टी सीएम ने दिए संकेत**

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
वाराणसी
916 हॉलमार्क ज्वेलरी
SUNDAY OPEN

C.U.E.T CHS
BHU / DU / AU
ENTRANCE EXAM - 2023
9th & 11th
B.Sc. B.Com. B.A. LL.B
Selection
1218 in CUET 155 in CHS
संकल्प ट्यूटोरियल्स पॉलिटेक्निक
1. बादशाह बाग (G.G.I.C. के पास) मलदहिया
2. रविन्द्रपुरी एक्सटेंशन 3. नेवादा 4. सिगरा बाजार
5. पाण्डेयपुर 6. बुलानाला 7. बसही, वाराणसी
9335418689, 9335720660

# कर्फ्यू के बाद भी सासाराम में हिंसा

**नालंदा।** रामनवमी पर जुलूस के दौरान भड़की हिंसा की आग में बिहार अभी भी जल रहा है। सासाराम और बिहार शरीफ में फिर से भड़की हिंसा में 9 लोगों के घायल होने की खबर है। इनमें से कुछ लोगों की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। शनिवार रात सासाराम के शेरगंज इलाके में एक धार्मिक स्थल के बाहर बम फेंका गया. धमाके में 6 लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए जिन्हें इलाज के लिए पहले स्थानीय अस्पताल लाया गया. हालत गंभीर देखकर सभी को बाद में बीएचयू रेफर कर दिया गया।

रोहतास में इंटरनेट सेवा पूरी तरह बंद है। नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने शहर में कर्फ्यू लगाने की घोषणा की है। बिहार शरीफ के पहाड़पुर में शनिवार शाम को ताजा हिंसा के दौरान 12 राउंड गोलियां चलीं जबकि काशी तकिया में 6 राउंड फायरिंग हुई। सासाराम में पुलिस टीम, स्पेशल टॉस्क फोर्स और पारा मिलिट्री फोर्स ने फ्लैग मार्च भी किया। पूरा शहर में पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है और रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती हो चुकी है। रोहतास में शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी स्कूल, मदरसों और कोचिंग सेंटर्स को 4 अप्रैल तक बंद रखने का आदेश जारी किया है। हिंसा पर पुलिस की तरफ से लगातार कई ट्वीट भी किए गए हैं। बिहार में हिंसा को लेकर राजनीति भी तेज हो गई है। घटना को लेकर सीएम नीतीश कुमार और बीजेपी में वार-पलटवार चल रहा है।

नीतीश कुमार को जहां हिंसा में इधर-उधर की साजिश नजर आई तो वहीं बीजेपी नेता औ? केंद्रीय मंत्री गिरिराज ने कटाक्ष करते हुए कहा- टोपी पहन लेते तो अमित शाह की रैली नहीं रुकती।

गिरिराज सिंह ने कहा कि सासाराम और नालंदा की घटना बता रही की सैंया कोतवाल बन गए हैं, अगर साजिश होती तो ताजिया पर पत्थर चलते। नालंदा के डीएम ने बिहारशरीफ शहर को लेकर लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील करते हुए कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी, वहीं नालंदा के पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा ने कहा, नालंदा के बिहारशरीफ में स्थिति पूर्णतः सामान्य है।

**मुजफ्फरपुर भी हिंसा की चपेट में, उपद्रव, आगजनी**

**मुजफ्फरपुर।** बिहार एक घटना थमी नहीं दूसरी घटना फिर हो गई। बिहार के नालंदा और सासाराम में हिंसक झड़प से हालात गंभीर बने हुए हैं। इसी बीच मुजफ्फरपुर में भी शनिवार की देर रात दो गुटों के बीच विवाद हो गया। जानकारी के मुताबिक, रामनवमी पर विवाद हुआ था जिसे लेकर शनिवार को हालात बिगड़ गए। देखते ही देखते सकरा थाना क्षेत्र के रामपुर बखरी गांव रण क्षेत्र में बदल गया। जानकारी के मुताबिक, कई दुकानों में जमकर तोड़फोड़-आगजनी की गई। यही नहीं पत्थरबाजी की भी सूचना मिली है। हालात बिगड़ने की सूचना के बाद मौके पर डीएसपी के नेतृत्व में कई थाने की पुलिस पहुंची। पुलिस टीम ने स्थिति को संभालने का प्रयास शुरू किया। भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पहुंची और उपद्रवियों को खदेड़ कर हटाया और दोनों पक्षों को शांत कराया।

## खड़ी ट्रेन में दो महिलाओं से रेप

**झांसी।** झांसी रेलवे स्टेशन के यार्ड में खड़ी ट्रेन में दो महिलाओं से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िताओं ने दो फौजियों पर इस घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस व सेना मामले की जांच में जुटी हुईं हैं। महिलाओं ने बताया कि वे रविवार की शाम जीआरपी थाने के पास से गुजर रहीं थीं। इसी दरम्यान एक व्यक्ति ने उन्हें रोककर कहा कि उसका मोबाइल खो गया है। जबकि, उसे एक जरूरी कॉल करना है। इस पर महिलाओं ने उसे मोबाइल दे दिया। आरोपी है कि व्यक्ति बहाना बनाकर महिलाओं का कानपुर यार्ड में खड़ी स्पेशल गाड़ी में ले गया। वहां उसका एक साथी भी मौजूद था। दोनों ने महिलाओं को बोगी में बुला लिया। इसके बाद दोनों के साथ दुष्कर्म किया है। बाद में मोबाइल छीनकर महिलाओं को धमकाते हुए वहां से भगा दिया। महिलाओं ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। जानकारी होने पर पुलिस, जीआरपी और सेना पुलिस मौके पर पहुंच गई है। मामले की जांच की जा रही है।

**पीड़िताओं ने लगाया सेना के दो जवानों पर गंभीर आरोप**

# पशु व्यापारी की पीटकर हत्या

**बंगलूरू।** कर्नाटक के रामनगर में एक व्यापारी की पीट-पीटकर कर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान इदरीश पाशा के रूप में हुई है। इदरीश मवेशियों का व्यापार करता था। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक ये घटना एक अप्रैल यानी शनिवार की है। शनिवार को वह संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया था। जिसके बाद, पाशा के परिजनों ने विरोध जताते हुए कार्रवाई की मांग की थी। सूत्रों के मुताबिक, घटना शुक्रवार रात को हुई। जब आरोपी, पुनीत केरेहल्ली और उसके सहयोगियों ने मृतक व्यापारी और उसके दो साथियों को अवैध रूप से मवेशियों को ले जाने का आरोप लगाते हुए रोका था। इस दौरान इदरीश पाशा ने उन लोगों को बताया कि उसने मवेशियों को पास के एक बाजार से खरीदा है। उसने इस संबंध में कागजात होने की बात भी कही। बावजूद इसके कथित गौरक्षकों ने उससे दो लाख रुपयों की मांग की।

जब पाशा ने उनकी बात नहीं मानी तो उन लोगों ने उसके और साथियों के साथ झगड़ा किया। इस दौरान हमलावरों ने उससे पाकिस्तान चले जाने की भी बात कही। इस दौरान कुछ हमलावरों ने इदरीश पाशा और उसके साथी की पिटाई कर दी। कथित गौरक्षकों की पिटाई में इदरीश पाशा गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। केरेहल्ली की शिकायत के आधार पर मृतक के साथी जहीर और उनके सहयोगियों के खिलाफ कर्नाटक गोहत्या और मवेशी रोकथाम अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, पशु परिवहन अधिनियम और मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

हत्या के बाद मौके पर इकट्ठे लोगों और मृतक के परिजनों ने जमकर विरोध किया। जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जायजा लेते हुए विरोध कर रहे परिजनों को शांत कराया। बाद में पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज किया। रिपोट्र्स के मुताबिक, मृतक के परिजनों ने कथित गौ रक्षक पुनीत केरेहल्ली व अन्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 302, 343 (गलत तरीके से रोकना) और 504 (शांति भंग के लिए जानबूझकर अपमान करना) के तहत मामला दर्ज किया है।

**कर्नाटक का मामला**

**व्यापारी ने नहीं मानी बात तो इतना पीटा कि हो गई मौत**

**दो लाख रुपयों की मांग की थी पुलिस ने दर्ज किया मामला**



# राहुल लीगल टीम के साथ आज आएंगे गुजरात

## सूरत कोर्ट में सजा के खिलाफ अपील करेंगे

**अहमदाबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सूरत की कोर्ट ने मानहानि के एक केस में दो साल की सजा सुनाई है निचली अदालत के फैसले को सूरत के सेशन्स कोर्ट में चुनौती देने राहुल गांधी सोमवार को सूरत आएंगे राहुल गांधी के साथ लीगल टीम भी आएगी जो सूरत की कोर्ट में अपील करेगी बता दें कि राहुल गांधी ने एक चुनावी भाषण के दौरान कहा था 'सभी चोर मोदी ही क्यों होते हैं?' इस मामले में भाजपा के विधायक और पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने सूरत कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का केस दायर किया थो गत 23 मार्च को कोर्ट ने राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई थी।

साथ ही सेशन्स कोर्ट में अपील करने के लिए राहुल गांधी को 30 दिन की मोहलत भी दी थी फैसले के 10 दिनों बाद राहुल गांधी सूरत की निचली अदालत के फैसले के खिलाफ सेशन्स कोर्ट में अपील दायर करने 3 अप्रैल को सूरत आ रहे हैं। राहुल गांधी अपनी लीगल टीम के साथ आएंगे और सूरत की कोर्ट में अपील करेंगे दिल्ली के कुशल वकीलों की टीम कोर्ट में राहुल गांधी की पैरवी करेंगे बता दें कि दो साल की सजा के फैसले के बाद राहुल गांधी की संसद की सदस्यता रद्द कर दी गई थी साथ ही उन्हें 22 अप्रैल तक सरकारी आवास खाली करने की भी नोटिस जारी कर दी गई है।



यह घटना 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले की है जब कर्नाटक के कोलार में एक रैली के दौरान राहुल गांधी ने कहा था, 'सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है, चाहे वह ललित मोदी हो या नीरव मोदी हो चाहे नरेंद्र मोदी।' इसके बाद सूरत पश्चिम के भाजपा विधायक और राज्य के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने राहुल के खिलाफ मानहानि का केस किया था। उनका कहना था कि राहुल गांधी ने हमारे पूरे समाज को चोर कहा है और यह हमारे समाज की मानहानि है। इस केस की सुनवाई के दौरान राहुल गांधी तीन बार कोर्ट में पेश हुए थे। आखिरी बार अक्टूबर 2021 की पेशी के दौरान उन्होंने खुद को निर्दोष बताया था।

## महंगाई बढ़ाकर लोगों की जेब काट रही मोदी सरकार : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि महंगाई पहले से ही लोगों का जीवन कठिन बना चुकी है, लेकिन सरकार चुपचाप महंगाई बढ़ाकर आम लोगों की जेब काटने का काम कर रही है। राहुल गांधी ने शनिवार को अपने फेसबुक पोस्ट में कहा कि महंगाई देश की सबसे जटिल समस्याओं में से एक है और इसकी जिम्मेदार भारत के इतिहास की सबसे नाकारा सरकार है। दवाइयों की कीमतें इस साल फिर से चुपचाप 11 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ा दी गईं हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा का खर्च आसमान छूता जा रहा है। ये सारे जरूरी खर्चे हैं, आम लोगों के जीवन का अभिन्न अंग हैं। जहां सरकार को इन्हे धीरे-धीरे निःशुल्क करने की कोशिश करनी चहिए, उसे वे और महंगा करते जा रहे हैं।

# नीतीश के लिए भाजपा के दरवाजे बंद

## शाह बोले- 2024 में बिहार सरकार गिर जाएगी, दंगाइयों को उल्टा लटकाकर सीधा करेंगे

**पटना।** बिहार में रामनवमी के बाद हुई हिंसा के बीच गृह मंत्री अमित शाह रविवार को नवादा पहुंचे। शाह हिसुआ में आयोजित सम्राट अशोक जयंती कार्यक्रम में आए थे। गृह मंत्री ने अपने 21 मिनट के भाषण में कहा कि नीतीश के लिए भाजपा के दरवाजे अब हमेशा के लिए बंद हो गए हैं। 2024 लोकसभा चुनाव के बाद महागठबंधन सरकार गिर जाएगी और हमारी सरकार आएगी। शाह ने हाल ही में पांच जिलों में हुई हिंसा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा- मुझे सासाराम जाना था, लेकिन दुर्भाग्य है कि वहां लोग मारे जा रहे हैं। गोलियां चल रही हैं। इसलिए वहां नहीं जा सका, मैं वहां की जनता से यहीं से क्षमा मांगता हूं। लेकिन अगली बार वहां जरूर जाऊंगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनने पर दंगा करने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेंगे।

अमित शाह ने कहा कि नीतीश बाबू को पीएम बनना है, तेजस्वी को सीएम बनना है। इनके बीच बिहार की जनता पिस रही है, लेकिन देश की जनता ने तय किया है कि मोदी को तीसरी बार भी प्रधानमंत्री बनाएंगे। इसलिए लालू जी आप ये भूल जाओ कि नीतीश कुमार आपके बेटे को मुख्यमंत्री बनाएंगे। अमित शाह ने कहा- मैं एक बात स्पष्ट कर देता हूं कि 2024 लोकसभा के चुनाव परिणामों के बाद नीतीश बाबू और लल्लन बाबू को भाजपा में वापस नहीं लिया जाएगा। नीतीश बाबू और लल्लन बाबू के लिए भाजपा के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो चुके हैं। जातिवाद का जहर घोलने वाले नीतीश बाबू और जंगलराज के प्रणेता लालू प्रसाद... इन दोनों के साथ भाजपा कभी राजनीतिक सफर नहीं तय कर सकती। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि मैंने राज्यपाल को फोन किया तो ललन सिंह बुरा मान गए। वे कहते हैं कि बिहार में क्यों हस्तक्षेप कर रहे हैं?

**किया हमला**

**लालू जी भूल जाओ कि नीतीश आपके बेटे को सीएम बनाएंगे**

**नीतीश-ललन बाबू के लिए दरवाजे बंद**



# सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों के अनाज में भी मिलावट

**नई दिल्ली।** देश के अलग अलग राज्यों में सरकारी दुकानों से मिलने वाले राशन में भारी मिलावट हो रही है। केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय एक रिपोर्ट के मुताबिक बीते साल देश के अलग-अलग राज्यों में लिए जाने वाले नमूने फेल हुए हैं। मंत्रालय के मुताबिक, यह मिलावट सरकारी गल्ले की दुकान चलाने वाले लोगों की ओर से हो रही है। ऐसी लापरवाही करने वालों को न सिर्फ सजा हुई है, बल्कि उनको जेल की हवा तक खानी पड़ी है।

पूरे देश में उत्तर प्रदेश तमिलनाडु गुजरात मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा नमूने लिए गए। केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक बीते साल पूरे देश भर में सरकारी राशन की दुकानों से 165356 राशन के नमूने लिए गए। इनमें से 31592 नमूने फेल हो गए हैं। खाद एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी बताते हैं कि लोगों को राशन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी राज्य सरकार के अधीन आती है। इसके लिए सरकारी गल्ले की दुकानों का प्रावधान है।

अधिकारियों का कहना है कि सरकारी राशन की दुकानों पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराए जाने वाला राशन अलग-अलग अधिकारियों और जांच करने वाले जिम्मेदारों की नजर से गुजरता है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से सरकारी डिपो और दुकानों तक पहुंचाया जाने वाला राशन बेहतर क्वालिटी का होता है। सरकारी गल्ले की दुकानों में मिलने वाले राशन की जब खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत नमूनों की जांच की गई तो पाया गया कि गल्ले की दुकान करने वालों की ओर से कुछ खाद्य पदार्थों में मिलावट हुई थी। पिछले साल ऐसे ही लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वाले 669 लोगों को जेल तक भेजा गया।

केंद्र सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, सबसे ज्यादा सैंपल उत्तर प्रदेश में लिए गए। यहां 26934 राशन के नमूने लिए गए। इसमें 13 हजार से ज्यादा सैंपल फेल पाए गए। उत्तर प्रदेश की ओर से केंद्र सरकार को भेजे गए दस्तावेजों में बताया गया कि ऐसे संगीन अपराध करने वाले 118 लोगों के खिलाफ जुर्माना भी लगाया गया और जेल भी भेजा गया। पूरे देश में दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा सैंपल तमिलनाडु में 19858 सैंपल लिए गए। तमिलनाडु में लिए गए सैंपल में 1033 नमूने फेल पाए गए। ऐसी लापरवाही करने वाले 360 लोगों को कर्नाटक में जुमार्ने और कारावास की सजा दी गई। पूरे देश में तीसरे नंबर पर राजस्थान में 16022 नमूने लिए गए। 800 नमूने फेल रहे और 14 लोगों को जुमार्ने के साथ कारावास की सजा सुनाई गई।

केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक मध्यप्रदेश में 15355 और महाराष्ट्र में 13118। सैंपल लिए गए। मध्यप्रदेश में लिए गए नमूनों में 29 नमूने फेल हुए और 72 लोगों को सजा दी गई। जबकि महाराष्ट्र में 1550 नमूने लिए गए और 12 लोगों को सजा सुनाई गई। केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि केंद्र सरकार की ओर से उपलब्ध कराए जाने वाले राशन का वितरण राज्य सरकार करती है। लोगों को उच्च गुणवत्ता का राशन मिले इसके लिए राज्य सरकार समय-समय पर ऐसे नमूने लेती रहती है।

अधिकारियों का कहना है कि ऐसे राशन में मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने का प्रावधान है और उसी के तहत इन लोगों के खिलाफ कारावास तक की सजा दी जा रही है। सबसे ज्यादा सैंपल लेने वालों के अलावा कुछ राज्य ऐसे है जहां सबसे कम सैंपलिंग की गई और उनके नतीजे भी उसी तरीके से रहे। पुडुचेरी में 5 जगह सैंपलिंग की गई इसमें दो नमूने फेल हुए। जबकि त्रिपुरा में 51 जगह सैंपिलिंग की गई। फिलहाल यक्ष कोई सैंपल तो फेल नहीं पाया गया लेकिन 20 नमूनों की रिपोर्ट अभी आनी बाकी है। इसी तरह लद्दाख में 66 नमूने लिए गए। पिछले साल फिलहाल कोई भी नमूना फेल नहीं हुआ हालांकि 47 मामलों की रिपोर्ट अभी आनी बाकी है।

**खुलासा**

**पूरे देश में फेल हुए 31000 से ज्यादा नमूने**

**सिर्फ उत्तर प्रदेश में 13 हजार से ज्यादा नमूने मिले मिलावटी**

**पिछले साल देश में 669 मिलावटखोर भेजे गए जेल**



## भाजपा ने अपनाया अमेरिकी मॉडल उम्मीदवार चयन के लिए भी चुनाव

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा चुनावों में भाजपा ने अमेरिकी मॉडल अपनाया है। चुनावों के एलान होते ही सभी राजनीतिक दलों ने तैयारी शुरू कर दी है। डिवीजन, जिलों, जातियों और समुदायों के आधार पर हर सीट पर प्रचार का खाका तैयार हो रहा है। वहीं कांग्रेस और जेडीएस ने अपनी पहली सूची जारी कर दी हैं।

उम्मीदवार अपने नाम के घोषणा होने के बाद प्रचार-प्रसार में जुट गए हैं। राज्य में दूसरी बार सरकार बनाने के लिए भाजपा ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव मॉडल को अपनाया है। इसके लिए प्रत्याशियों के चयन को प्राइमरी आयोजित की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर एक विस्तृत चयन प्रक्रिया शुरू करते हुए पार्टी ने शुक्रवार को 224 विधानसभा सीटों में से प्रत्येक के लिए तीन संभावित उम्मीदवारों की सूची तैयार करने के लिए चुनाव कराया। यानी कि विधानसभा चुनाव में विधायक चुनने से पहले निर्वाचन क्षेत्रों में प्रत्याशी चुनने के लिए वोटिंग हुई। हर एक निर्वाचन क्षेत्र में दो वरिष्ठ सदस्यों को मतदान की देखरेख के लिए पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किया गया था। उम्मीदवार चयन के लिए हर एक निर्वाचन क्षेत्र में औसतन 150 पार्टी सदस्यों ने मतदान किया। प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुने गए तीन नामों की जिला कोर समितियां शनिवार और रविवार को प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जांच करेगी। जांच के आधार पर संभावितों की लिस्ट तैयार करने के लिए राज्य कोर समिति की अगले सप्ताह की शुरूआत में बैठक होने की उम्मीद है।

# पति-पत्नी के विवाद के बाद पति की संदिग्ध मौत

## मऊआइमा के रसूलपुर छीमीताल में देर रात हुई घटना, पत्नी सहित मायके के चार लोग नामजद

**मामला संदिग्ध**

**शव रविवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, पत्नी हिरासत में**


मृतक की फाइल फोटो


मृतक की पत्नी

**मऊआइमा।** पत्नी पत्नी के बीच हुए झगड़े में जब भाईयों ने दखल दिया तो पत्नी अपने मयके के लोगों को बुलवाकर जम कर पिटवाया तथा पति सहित उसके भाईयों को थाने में बंद करा दिया। समझौता के बाद सभी को छोड दिया गया। घर पहुंचने के पूर्व पति की संदिग्ध मौत हो गई।तो पत्नी और उसके मयके वाले भाग गए। मृतक के भाई ने उसकी पत्नी सहित मयके के चार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के रसूलपुर छीमीताल गांव निवासी बच्चू लाल 34 वर्ष पुत्र स्वर्गीय महादेव हरिजन पांच भाईयों में दूसरे नम्बर पर था। वह परिवार से अलग रहता था।बताया गया है कि बच्चू लाल की शादी दशक पूर्व बहरिया थाना क्षेत्र के ग्राम गौहनिया निवासी सन्त लाल कि पुत्री रूबी उर्फ चंदा देवी के साथ हुई थी। जिससे दो पुत्र अविनाश 5 वर्ष एंव अभिषेक 2 वर्ष है। बताते हैं कि बच्चू लाल नशेड़ी था जो मेहनत मजदूरी करता था। उसे नशे में उडा देता था। जिससे प्रायः घर में भोजन को लेकर पति पत्नी के बीच रार मचा रहता था। बताया गया है कि शनिवार को पति पत्नी के बीच हुए झगड़े को लेकर रूबी उर्फ चन्दा देवी अपने मयके से पिता भाईयों को बुला लिया। मयके वालों पर आरोप है कि वह बच्चू लाल को जमकर पीटे बच्चू लाल के भाईयों ने दखल दी तो उन्हें पुलिस को सूचना देकर दामाद बच्चू लाल, उसके भाई लवकुश, चचेरे भाई दीपक को थाने में बंद करा दिए। बाद में समझौता के बाद शनिवार को देर शाम को छोड दिया गया। परिजनों ने बताया कि घर पहुंचने से पूर्व बच्चू लाल की रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर एम्बुलेंस सी एच सी ले गयी जहां डाक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी। जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया। और मृतक बच्चू लाल की पत्नी रूबी उर्फ चंदा अपने भाईयों ,पिता के साथ मयके भाग गयी। रविवार को मृतक के भाई विनोद कुमार ने मृतक भाई की पत्नी रुबी उर्फ चंदा देवी, उसके पिता सन्त लाल, रुबी उर्फ चंदा देवी के भाई संजय और रूबी के बहनोई, दूधनाथ झूंसी के मोहल्ला बदरासुनौटी के खिलाफ गाली गलौज करने मार पीट करने से मौत होने का आरोप लगाते हुए गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया ।पुलिस पत्नी रूबी उर्फ चंदा देवी को गिरफ्तार कर हिरासत में ले लिया है। पुलिस मृतक के शव को रविवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

उधर मृतक की पत्नी रूबी उर्फ चंदा देवी का आरोप है कि उसके भाई मजदूरी का पैसा ले लेते थे। बदले में शराब पीलाते थे। मारते पीटते थे। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि थाने से छूटने पर बच्चू लाल अपने साथियों के साथ ग्राम विशमभरपुर दारू पीकर कर जब आ रहा था तो रास्ते में गिर कर खत्म हो गया।

**परिजनो का आरोप : पुलिस की पिटाई से बच्चूलाल की मौत हुई**

उधर मृतक के भाई लवकुश माता राज कुमारी सहित परिजनों का आरोप है कि जब उन लोगों को पुलिस पकड़ कर ले गयी तो थाने में जमकर पट्टों से मारा पीटा था। पुलिस की पीटाई से बच्चूलाल की मौत हुई है।

**क्या कहते हैं मऊआइमा इंस्पेक्टर**

इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह ने मारपीट की बातों को झूठा करार देकर बताया कि दोनों पक्ष समझौता करके थाने से गए थे। साथ में ग्रामीण भी थे। इंस्पेक्टर ने यह भी बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ,इंस्पेक्टर ने यह भी बताया कि मृतक की पत्नी ने भी तहरीर दी है जांच के पश्चात मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा। फिलहाल बच्चू लाल की रहस्यमय संदिग्ध मौत के बारे में ग्रामीणों ने बता कि तीन दिनों से बच्चू लाल कुछ खाया नहीं था निरंतर दारू पी रहा था। चर्चा यह भी है कि मृतक कि पत्नी का उसके सगे बहनोई से गलत रिश्ता था। बहरहाल पोस्टमार्टम के बाद सच्चाई सामने आएगी।

# बेलामुण्डी गांव की जल निगम टंकी बनी शो पीस, शुद्ध पेय जल को तरस रहे ग्रामीण

**अनदेखी**

**ग्रामीणों ने कई बार की शिकायत, नतीजा जस का तस बना रहा**

**पी.सी. पाण्डेय**



**लालापुर।** क्षेत्र के बेलामुण्डी गांव में जलनिगम की टंकी कई साल पहले बनाई गई थी। जिसमें सरकार का लाखों रुपए ग्रामीणों के हित के लिए लगाया गया। वही आज तक इस टँकी से पानी एक बूंद घर तक सप्लाई नही हो सका। ठेकेदार की चन्द गलती की वजह से ग्रामीण इस टंकी का पानी नही पी सके। क्षेत्र के बेलामुण्डी गांव की कई वर्ष पूर्व जलनिगम की ओर से पीने के पानी के लिए जल निगम की टंकी बनाई गई जो मात्र टेस्टिंग करते ही पाइप लीकेज हो गया जिसकी वजह से लोगो के घरों में पानी सप्लाई नही हो सका। गांव के ग्राम प्रधान सूर्य बली त्रिपाठी, पूर्व प्रधान श्रीमती आरजू देवी, सुरेश कुमार भारतीया, राजेश कुमार, सोनू पाल, रबी पाल, अनुराग कुमार, विकास कुमार, पवन, लाल चन्द्र साहू, सूर्य कली, सरोज, रन्नो देवी का कहना है कि टंकी मात्र सो पीस बनकर खड़ी है। अगर विभाग सिर्फ पाइप लाइन दुरुस्त कर दे तो पानी का संकट हमेशा हमेशा के लिए दूर हो जाएगा।


"सरकार का पैसा खर्च हुआ और टंकी बनकर कई वर्षों से तैयार हो रखी है, विभाग की कमी की वजह से आज तक घरों में एक बूंद पानी नही पहुँचा, सिर्फ पाइप लाइन की कमी है उसको दुरुस्त कराया जाय जिससे पानी की समस्या हमेशा के लिए दूर जाएगी।"

**-सुरेश कुमार भारतीया, ग्रामीण बेलामुण्डी**


"सरकार का लाखों रुपये खर्च हुआ इस टंकी को बनाने में, आज तक पाइप की कमी से घरों में पानी नही पहुंचा, सरकार से मांग है जो भी कमी हो दूर करवाए जिससे पीने का पानी मिल सके।"

**-चन्द्र बली त्रिपाठी, ग्रामीण बेलामुण्डी**


"टंकी बनकर कई साल से तैयार है बिजली भी लगी है घरों में पानी आखिर क्यों नही पहुंचा, जो भी कमी है उसको दूर किया जाय जिससे हम महिलाओं की पीने के पानी की समस्या सदैव के लिए खतम हो जाएगी।"

**-श्रीमती आरजू देवी, पूर्व प्रधान, बेलामुण्डी**

## संक्षेप

### दूसरी बार यमुनापार अध्यक्ष बने प्रेमानंद मिश्र



**उरुवा।** नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन प्रयागराज की जिला इकाई का गठन कर यमुनापार इकाई का भी गठन किया गया। मेजा में हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार राष्ट्रीय संयोजक जगदंबा प्रसाद शुक्ल के निर्देश पर यमुनापार इकाई का दूसरी बार अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी प्रेमानंद मिश्र को दी गयी। यमुनापार इकाई में मोहम्मद आरिफ को उपाध्यक्ष तथा सुनील कुमार मिश्र को मुख्य महासचिव बनाया गया है।

### संगठन ही पार्टी की रीढ़ होती है : नितेश तिवारी



**मेजा।** सपा जिला संगठन को दो भागों में बटवारे को लेकर सपाइयों में खुशी का माहौल है दो भाग में संगठन बटवारे से जिले में सपा को मजबूती मिलेगी पिछले दिनों सपा ने जिला प्रयागराज में यमुनापार और गंगापार में अलग अलग जिलाध्यक्ष नियुक्त किया था जबकि पहले जिला और महानगर कमेटी ही रहती थी। सपा ने यमुनापार जिला संगठन बनाकर पार्टी को मजबूत किया है। सपा के निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव यूथ ब्रिगेड नितेश तिवारी कहा है की यमुनापार में जिलाध्यक्ष बनाने से संगठन को मजबूती मिलेगी पप्पू लाल निषाद को जिलाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी दिए जाने से पार्टी कार्यकताओं में जोश है साथ ही इससे पार्टी को बल मिला है। नितेश तिवारी ने सपा मुखिया अखिलेश यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा की यमुनापार में पार्टी नए तेवर से काम करेगी जिससे नेताओ और कार्यकताओं को मजबूती मिलेगी।

### शांतिभंग में होलागढ़ पुलिस ने दो का किया चालान



**होलागढ़।** थाना क्षेत्र में अपराध एवं अपरधियों के विरुद्ध चलाएं जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में दरोगा रविन्द्र नाथ यादव और हेड कांस्टेबल कमलेश यादव एवं अनिरूद्ध सिंह ने पूर्व में वालीबाल खेल को लेकर रविवार को होलागढ़ बाजार में विवाद की स्थिति उत्पन्न करने लगें जिसमें शांति भंग होने की स्थिति में कमलेश पटेल पुत्र जयप्रकाश पटेल एवं विपिन शर्मा पुत्र राम सुन्दर शर्मा निवासी निवासी लोहन का पुरा होलागढ़ पुलिस ने शंति भंग में चालान कर दिया

### समाजसेवी के घर पहुंच सांसद ने जताई संवेदना



**बारा।** वरिष्ठ समाजसेवी व किसान रामेश्वर प्रसाद शुक्ल के निधन पर सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने शोक संवेदना जताई है। स्व. रामेश्वरप्रसाद शुक्ल के आवास पर पहुंचकर सांसद ने परिजनों से मुलाकात की और ढांढस बंधाते हुए अपने पुराने संबंधों को याद करते हुए भावुक हो गईं। सांसद प्रयागराज रीता बहुगुणा जोशी ने स्व. रामेश्वरप्रसाद शुक्ल के पैतृक आवास कसौटा पहुंचकर निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते शोक संवेदना प्रकट की। सांसद ने कहा कि उनका रामेश्वरप्रसाद शुक्ल के परिवार से काफी पुराना और घरेलू संबंध रहा है, उनके निधन से अपूर्णीय क्षति हुई है। जीवनकाल में वह एक समाजसेवी के रूप में सदैव याद किए जाएंगे। बताते चलें कि बारा क्षेत्र के अतरी कसौटा के रहने वाले किसान रामेश्वर प्रसाद शुक्ल 80 वर्ष के थे। अब से दस दिन पहले उनका निधन हो गया था। निधन का समाचार जैसे-जैसे क्षेत्र में फैलता गया, शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए लोग उनके आवास पर पहुंचने लगे। साधारण परिवार में जन्मे रामेश्वर प्रसाद शुक्ल ने साधारण जीवन व्यतीत करते हुए बच्चों को शिक्षित किया और रामेश्वरम एजुकेशन सोसाइटी की स्थापना कर क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाई। सांसद के साथ संवेदना व्यक्त करने वालों में सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय, अभिषेक शुक्ला, विजय कुशवानी,राजेंद्र शुक्ल,नरेंद्र शुक्ल आदि लोग रहे।

### दिल्ली के मशहूर कारोबारी ने दंपति संग किया गंगा पूजन



**लालगोपालगंज।** रेशम गुरुप के निदेशक जय काबरा ने श्रृंगी ऋषि की तपस्थल एवं भगवान श्रीराम की कर्म भूमि श्रृंगवेरपुर धाम स्थित श्रीराम घाट पर दंपति संग गंगा पूजन किया। माता शांता ऋषि ऋषि, धाम स्थित शिवालय में जल से अभिषेक कर मनौती मांगी। पूजन को आचार्य गणेश प्रसाद ने विधिविधान से संपन्न कराते हुए श्रृंगवेरपुर की महिमा बताई। स्ट्रीमर के माध्यम से नवका बिहार कर गंगा की निर्मलता को भी जाना। दंपति ने श्रृंगवेरपुर का दर्शन करना अपना सौभाग्य बताया। उन्होंने कहा कि अभी तक हम श्रृंग्वेरपुर धाम की महिमा का वर्णन रामायण में संत महात्माओं के माध्यम से सुना करते थे, आज स्वयं धाम आकर दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। बता दें कि इनके साथ इनकी पत्नी सुनीता एसडी काबरा जो दिल्ली की मशहूर वास्तुशास्त्र ज्ञाता हैं। इस मौके पर पंकज बंसल पलक बंसल सुरक्षा अग्रवाल रामू अग्रवाल शेष सोनू आदि लोग उपस्थित रहे।

# नवयुवक ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी बैठक संपन्न


बैठक में उपस्थित ब्राह्मण समाज

**सहसों।** रविवार को नव युवक ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में अतिआवश्यक बैठक का आयोजन हुआ, इस बैठक के आयोजन का मुख्यतः निम्न बातों पर चर्चा हुई। दिन शनिवार को हमारे देश के प्रथम क्रांतिकारी शहीद पंडित मंगल पांडे जी के पुण्य तिथि के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश महामंत्री पंडित शेष नरायण त्रिपाठी जी के आवास पर सायंकाल 04:00 बजे किया जाएगा जिसमें सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति प्रार्थनीय बताया गया 22 अप्रैल 2023 के दिन पड़ने वाले भगवान परशुराम जयंती समारोह के संबंध में चर्चा हुई ।

तथा नव युवक ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने शासन के सामने यह मांग रखी कि प्रयागराज मंडल में शहीद पंडित मंगल पांडे जी के नाम पर कोई धरोहर नहीं है, इसलिए प्रयागराज - बलिया मार्ग का नाम प्रथम क्रांतिकारी शहीद पंडित मंगल पांडे जी के नाम पर किया जाए एवं 2014 से लगातार चल रहे जन आंदोलन जिसमें नव युवक ब्राह्मण समाज लगातार मांग कर रहा है कि अन्दावां चौराहे पर प्रथम क्रांतिकारी शहीद पंडित मंगल पांडे जी की प्रतिमा स्थापित कर उसका नाम शहीद मंगल पांडे चौराहा भी किया जाए।इस मौके पर नव युवक ब्राह्मण समाज के संयोजक एवं अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्र, कृष्णदेव दुबे, शेष नारायण तिवारी, विजय तिवारी, कृष्ण वल्लभ दुबे, प्रमोद शुक्ला, पंडित सूर्यमणि पांडेय, संजय पांडेय, शिशिर मिश्र, शिवम् नंदन त्रिपाठी, डॉ. ए एन मिश्र, प्रवेश शुक्ल, रमाशंकर शुक्ला, विकास त्रिपाठी, आशीष शुक्ल, मनीष कुमार मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## ट्रेन के झटके से बुजुर्ग घायल, हालत गंभीर

**उरुवा।** रेल लाइन पार करते समय ट्रेन का झटका लगने से गिरा बुजुर्ग बुरी तरह घायल हो गया। जिसे घटनास्थल पर मौजूद रहे लोगों ने आनन-फानन में इलाज के लिए सीएचसी रामनगर पहुंचाया। जहां पर इलाज के दौरान घायल बुजुर्ग की हालत बिगड़ती देख अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मांडा थाना क्षेत्र के दिघिया गांव निवासी 60 वर्षीय श्यामा रविवार को बाजार से रेल लाइन पार करते हुए घर लौट रहे थे। जैसे ही वह रेल पटरी पर पहुंचे एक ट्रेन गुजर रही थी जिस के गुजरने के बाद वह जैसे ही आगे बढ़े सामने की पटरी पर दूसरी ट्रेन आ गई। जिसका झटका लगने से वह गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। घटनास्थल पर मौजूद रहे लोगों ने आनन-फानन में इलाज के लिए एंबुलेंस बुलाकर घायल को सीएचसी रामनगर पहुंचाया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली पदयात्रा



पदयात्रा निकालते कांग्रेसी

**बहरिया।** करनाईपुर के स्थानीय बाजार में कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने एक पदयात्रा समबहादुर पटेल के नेतृत्य में कटरा चौराहे से करनाईपुर बाजार तक निकालकर सरकार के विरोध में नारे लगाते हुये कहा कि जेपीसी का गठन करोए लोकतंत्र बचाओं देश बचाओं आदि । कार्यकताओं ने राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त होने के विरोध में कार्यकर्ताओं ने कार्यरत सरकार का जमकर विरोध किया उक्त मौके पर लोगों ने अडानी को दिये गये हजारों करोड़ रुपये के कर्ज किसके हैं ‖ और कई प्रकार के आरोप प्रत्यारोप किये गये। इस पदयात्रा में सुनील तिवारी प्रदेश उपाध्यक्षए सिन्धू सिंह प्रदेश सदस्य उ0प्र0ए बृजेष कुमार सिंह जिला उपाध्यक्षए आषीश कुमारए राजबहादुर यादवए संदीप चौधरीए जोखूलाल सरोज आदि के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# श्रीमद् भागवत कथा के प्रारम्भ में निकाली गई कलश यात्रा


कलश यात्रा में शामिल लोग

**बहरिया।** क्षेत्र के मदरा गांव में सात द्विवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन के प्रारम्भ के प्रथम दिन कलश यात्रा निकालते हुये किया गया बेदी पूजन। कथा के मुख्य स्त्रोता पं0 शिवकुमार मिश्र एवं उनकी पत्नी गीता मिश्रा हैं। कथावाचक पं0 संजय कुमार पाण्डेय के द्वारा संगीतमयी भागवत कथा का वाचन किया जायेगा। संगीतमयी कथा सात दिन तक लगातार 2 बजे से शायं 6 बजे तक चलेगी। उक्त जानकारी मुख्य स्त्रोता ने दी।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मऊआइमा ने हासिल की उपलब्धि, स्टाफ में खुशी की लहर

**मऊआइमा।** मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हमेशा अपने अच्छे और कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों को लेकर चर्चा में रहता है । मऊआइमा के अस्पताल की भौगोलिक विभिन्न स्तरों से जांच करायी गयी। जिसमें वह दूसरे नम्बर पर रहा है।यदि दूसरे एंगल से जांच होती तो भ्रष्टाचार में अव्वल आती। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कि विभिन्न स्तर की टीमों द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सक पैनल के भौतिक सत्यापन में उत्तीर्ण होने पर राज्य के द्वारा स्तरीय राष्ट्रीय स्तर पर नाम भेजा गया। जिसको लेकर चार दिवसीय स्थलीय निरीक्षण किया गया । जिसमें मऊआइमा सीएससी में मरीजों की अच्छी सुविधाओं, उच्च गुणवत्ता की जांच, चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ आदि परीक्षण के बाद सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मऊआइमा प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा । आरोप है कि टीम यदि मरीजों से पूछती तो सच्चाई सामने आ जाती। आरोप है कि फौजदारी में घायलों से धनादोहन करने में अव्वल आ जाता।दाईं के माध्यम से धनादोहन भी खुल जाता। बहरहाल प्रदेश में दूसरे नम्बर पर आने पर स्वास्थ्य कर्मियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मना कर पीठ थप थपा ली। इस मौके पर सीएससी अधीक्षक डॉ राम गोपाल वर्मा, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सुनील सरोज आदि मौजूद थे।

# नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन मेजा इकाई की बैठक संपन्न


नेशनल जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के मेजा इकाई की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी और सदस्य गण

**उरुवा।** राष्ट्रीय संयोजक जगदंबा प्रसाद शुक्ल के निर्देश पर रविवार को मेजारोड बाजार में नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के मेजा इकाई की बैठक का आयोजिन किया गया। जिसमें मंडल स्तर, जिला स्तर एवं मेजा तहसील इकाई के पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार शशिकांत तिवारी ने किया। बैठक में संगठन के विस्तार एवं पत्रकारों पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में राष्ट्रीय संरक्षक श्री तिवारी ने कहा कि पत्रकार निष्पक्ष और निर्भीक होकर अपना कार्य करे, किसी भी विषम परिस्थिति में संगठन उनके साथ रहेगा। संगठन के मंडल उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र त्रिपाठी ने पत्रकारों पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन के मंडल महामंत्री सुशील पांडेय ने कहा कि नेशनल जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन पत्रकार हितों कि हर लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है चाहे वह तहसील, जिला तथा प्रदेश स्तर का ही क्यों न हो, पत्रकार उत्पीड़न कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शीर्ष नेतृत्व के निर्णय का स्वागत करते हुए मेजा तहसील इकाई के पूर्ववत पदाधिकारियों को पुनः पदस्थापित करते हुए नए सिरे से दायित्व निर्वहन करने की जिम्मेवारी दी गयी। बैठक की शुरूआत में मंडल एवं जिले तथा तहसील के सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया गया। बैठक में संगठन के विस्तार सहित अनेक कार्य योजनाओं जैसे तहसील स्तर पर होने वाले बड़े कार्यक्रम पर चर्चा के साथ तहसील इकाई मेजा के संगठन का कार्यालय खोले जाने के संदर्भ में चर्चा तथा संगठन में अन्य सदस्यो के शामिल होने पर चर्चा की गई। इस मौके पर संगठन के यमुनापार जिलाध्यक्ष प्रेमानंद मिश्र, मेजा तहसील अध्यक्ष श्रीकृष्ण राय उर्फ गज्जू, तहसील इकाई मेजा के महामंत्री राजेश गौड़ उर्फ बाबा चाइना उपाध्यक्ष कैलाश विश्वकर्मा, मंत्री उमेशचंद्र सोनी, कोषाध्यक्ष सतीश गुप्ता, सदस्य शैलेश कुमार कुशवाहा, अखिलेश यादव, सतीश विश्वकर्मा, गोपाल जी, धनंजय प्रजापति, प्रविंद्र कुशवाहा, विनोद विश्वकर्मा, अंकित तिवारी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### मऊआइमा में संचारी रोगों नियंत्रण रोक थाम के हेतु जागरुकता रैली निकाली गई

**मऊआइमा।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत रैली का फीता काटकर भाजपा मंडल अध्यक्ष नगर शारदा प्रसाद शुक्ला ने हरि झंडी देखा कर रवाना किया। बताया गया है कि रैली का उद्देश्य कीटाणुओं एंव मच्छरों से काटने वाले रोगों जैसे एक संक्रमित दूसरे को प्रभावित करता है। तथा मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, चिकन गुनिया टाइफाइट, दिमागी बुखार, हिट स्टोक, कोविड आदि से रोक थाम का अभियान चलाया गया। उक्त रैली का उद्देश्य एक अप्रैल से तीस अप्रैल तक चलाया जाएगा। तथा 17 अप्रैल से तीस तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी डाक्टर आर जी वर्मा, स्वास्थ्य पर्वेक्षक अधिकारी अशोक सिंह, एस टी एस अशोक, स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी रहबर अली, डाक्टर गुंजन अरोरा, सुनील कुमार, धर्मेंद्र, हरिगोविंद पटेल, सुरेश मिश्रा, जय प्रकाश पटेल आदि मौजूद रहे।

# सहकारी नियमों को दर किनार कर मतदान स्थल बदला

**शिकायत**

**क्रय विक्रय समिति सिरसा के निवर्तमान अध्यक्ष ने जिलाधिकारी से की शिकायत**

**मेजा।** सिरसा सहकारी क्रय विक्रय समिति के चुनाँव के लिए सहकारी नियमों को दर किनार करते ए आर प्रयागराज ने मतदान स्थल बदल दिया है। मतदान स्थल बदले जाने के संबंध में निवर्तमान अध्यक्ष रामसागर यादव उर्फ मुखिया ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र देकर माँग की है कि पुराने स्थान पर या उससे नजदीक किसी सार्वजनिक स्थल पर मतदान केंद्र बना दिया जाय।

गौरतलब हो कि सिरसा सहकारी क्रय विक्रय समिति सिरसा की चुनाँव प्रक्रिया चल रही है और आज अंतरिम मतदाता सूची का प्रकाशन होना है । वर्षों से मतदान सिरसा सहकारी क्रय विक्रय समिति पर ही होता था लेकिन शनिवार को सहकारी नियमों को दर किनार करते हुए ए आर प्रयागराज ने मतदान स्थल बदल कर कृषि बीज भंडार उप संभागीय कार्यालय मेजारोड कर दिया है।

मतदान स्थल बदलने के संबंध में रामसागर यादव ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया है की सत्ता पक्ष के दबाव में नियमों को दर किनार कर मतदान स्थल बदल दिया गया है जब कि सहकारी नियमों के अनुसार सहकारी समिति या उससे नजदीक सार्वजनिक स्थल पर चुनाँव कराया जाय। उन्होंने माँग किया है कि सिरसा सहकारी क्रय विक्रय समिति या उससे नजदीक किसी सर्वाजनिक स्थल पर मतदान स्थल बना दिया जाय।

## विद्यालयों में चलाया गया स्कूल चलो अभियान व जागरुकता रैली

**सोरांव।** शैक्षिक सत्र को सफल बनाने के लिए शनिवार को शिवगढ़ स्थित कंपोजित व उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्कूल चलो अभियान चलाया गया । प्रधानाध्यापिका सुनीता सिंह के दिशा निर्देश में जागरुकता रैली निकाली गई। उस दौरान सभी शिक्षिकाओं ने अभिभावकों से संपर्क करके बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालय में जल्द से जल्द करवाने के लिए प्रेरित भी किए। वही कक्षा 8 के बच्चों के लिए भव्य विदाई समारोह भी किया गया । शिक्षकों ने बच्चों को शैक्षिक सामग्री तथा पुस्तक वितरण किया । इस मौके पर सहायक अध्यापिका इंदु मौर्य, अर्चना आनंद, अनामिका सक्सेना, संगीता त्रिपाठी, प्रज्ञा राय संग सहयोगी शिव मूरत यादव प्रबंध समिति सदस्य, मंजू देवी व उपाध्यक्ष राजनाथ शर्मा समेत अन्य शिक्षक व छात्र छात्राओं उपस्थित रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल, गंभीर


घटनास्थल पर जुटी भीड़


**लालगोपालगंज।** स्थानीय कस्बा स्थित बाजार से लौट रहे बाइक सवार युवक को एक तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दिया। घटना देख आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी कौड़िहार भेजा, जहां उसकी हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

कुंडा थाना क्षेत्र के चौराहा भदोही गांव निवासी पीयूष पांडेय सन ऑफ विपिन पांडेय भाई द्वारा किसी काम से लालगोपालगंज कस्बा स्थित बाजार आए थे। शाम करीब 6:00 बजे वाह घर लौट रहे थे, तभी प्रयागराज-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर पलएं गांव के सामने पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक छिटक कर दूर जा गिरा और उसके सिर में गंभीर चोट आई। दुर्घटना देख आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी होने पर लालगोपालगंज पुलिस मौके पर पहुंच गई घायल युवक को आनन-फानन में सरकारी एंबुलेंस के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिहार भेजा गया, जहां युवक की स्थिति नाजुक देख डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



दुकान में आग लगने को लेकर मुआवजा की मांग करते समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी

# प्रयागराज



## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 33.00 |
| न्यूनतम : | 20.00 |
| सूर्योदय : | 06.03 |
| सूर्यास्त : | 06.15 |

## शांतिभंग में दो अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**थरवई।** रविवार को दो पक्षो में हुए आपसी विवाद को लेकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दो अभियुक्तों शिव दर्शन विश्वकर्मा व शिव कुमार विश्वकर्मा पुत्रगण स्व सोनाराम निवासी हसनपुर कोरारी थाना थरवई जनपद प्रयागराज को सीआरपीसी की धारा 151/ 107 / 116 में गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक बृजेश कुमार यादव व पुलिस टीम मौजूद रहे।

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने स्कूल भवन व छात्रावास का किया लोकार्पण



डिप्टी सीएम को हनुमान जी की प्रतिमा भेंट करते नित्यानंद उपाध्याय



डिप्टी सीएम का बुके देकर स्वागत करती पूर्व विधायक नीलम करवरिया

**मेजा।** क्षेत्र के दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कालेज गोशौरा कला के भवन और छात्रावास का लोकार्पण रविवार को प्रदेश डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने किया।

कार्यक्रम के शुभारंभ में स्कूल के चेयरमैन सुशील कुमार मिश्र व प्रबंधक स्वतंत्र मिश्रा ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का अंगवस्त्रम,प्रतीक चिन्ह व चाँदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। डिप्टी सीएम श्री पाठक दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया उसके बाद विद्यालय भवन व छात्रावास का लोकार्पण करते हुए कहा कि सुशील मिश्र ने शिक्षा के क्षेत्र में अद्भुत कार्य किया है जिसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूँ ।

इस दौरान मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष बीके सिंह, विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी, विधायक पीयूष रंजन निषाद, पूर्व विधायक नीलम करवरिया, भाजपा नेता योगेश शुक्ल, भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया, विभव नाथ भारती जिलाध्यक्ष, शिवदत्त पटेल, ई नित्यानंद उपाध्याय, सिद्धान्त तिवारी, कृष्णदास गुप्ता, पप्पू उपाध्याय, तुलसीदास तिवारी ने डिप्टी सीएम का स्वागत किया। इस दौरान स्कूल के छात्रों सहित सैकड़ों लोग रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए मौके पर एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र,उप जिलाधिकारी मेजा विनोद कुमार पांडेय पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

## घर से दुकान के लिए निकले व्यवसायी का कहीं पता नहीं

**प्रयागराज।** शनिवार की सुबह नौ बजे कीडगंज स्थित अपने घर से नखास कोना स्थित दुकान जाने के लिए निकले व्यवसायी विकास उर्फ पिन्टू जायसवाल (45वर्ष) जब शाम तक घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने उनके मोबाइल नम्बर 7398309483 पर फोन कर पता करने का प्रयास किया तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ बताता रहा। परिजन देर रात तक सगे संबंधियों और परिचित दुकानदारों आदि से उनके बारे में जानकारी प्राप्त करने की कोशिश करते रहे परन्तु उनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। परिजनों ने डायल 112 पर फोन करने के साथ ही संबंधित थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दिया है। परिजनों के अनुसार विकास उर्फ पिन्टू जायसवाल पुत्र केदारनाथ जायसवाल निवासी कीडगंज प्रयागराज, शनिवार की सुबह करीब नौ बजे घर से नखास कोना स्थित अपनी दुकान के लिए निकले थे। घर से जाने के बाद वे न तो अपनी दुकान पहुंचे और न ही घर वापस आये, तो उनकी खोजबीन शुरू की गयी। परिवार के लोग किसी अनहोनी की आशंका से काफी चिंतित व परेशान हैं। रविवार की अपराह्न तक भी उनका कहीं पता नहीं चल सका। पुलिस और परिवार तथा परिचित लोग अपने स्तर से उनके बारे में जानकारी प्राप्त करने में लगे हुए हैं।

## संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री ने स्मृति वाटिका कार्यक्रम का किया लोकार्पण



**नैनी।** प्रयागराज क्षेत्र के चाका ब्लाक नौगांवा गांव तालुका दादरी में स्मृति वाटिका के लोकार्पण कार्यक्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं नगर के नगर आयुक्त ने स्मृति वाटिका कार्यक्रम का लोकार्पण किया। नंद गोपाल गुप्ता नंदी जी ने उद्घाटन समारोह के बाद यह बताया कि इस सरकारी जमीनों पर भू माफियाओं का कब्जा था इसको खाली कराकर के यहां पर अपने पूर्वजों की पहचान के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं सुंदर पार्क का निर्माण किया जाएगा जिससे क्षेत्र में पर्यावरण की दृष्टि से इसका लाभ मिलेगा और हम अपने पूर्वजों के स्मृति में यहां पर वृक्ष लगाने का काम करेंगे ऐसा मंत्री जी ने वहां के नागरिकों से अपील की कार्यक्रम का संचालन पूर्व महानगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा नरसिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी, महामंत्री ओम प्रकाश मिश्रा,मंडल मंत्री विनोद दुबे, पूर्व ग्राम प्रधान संजय, एवं मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा रजत दुबे, दिनेश पटेल, महेश, रवि निषाद, गुड्डी देवी,रवि मिश्रा,डॉक्टर ओपी आर्य, अभिषेक आर्य, हिंदू युवा वाहिनी के जिला के महामंत्री प्रशांत ठाकुर, आदि सैकड़ों लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### मनुष्य का जीवन बड़े भाग्य से मिलता है इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए : सुश्री प्रज्ञा देवी श्री धाम वृंदावन



**जंघई।** श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन राचनपुर, बघेड़ी गांव में मुख्य यजमान उर्मिला देवी एवं रामधर शुक्ल के निवास उर्मिला कुंज में कथा व्यास सुश्री प्रज्ञा जी श्री धाम वृंदावन ने संगीतमय कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य को वैभव और पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। जो सच्चे मन से भगवान को याद करता है भगवान स्वयं प्रकट हो कर उनकी रक्षा करते हैं जैसे भगवान ने प्रहलाद को नरसिंह रूप में प्रकट होकर भयमुक्त किया था। ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, कपिल चरित्र, भगवान बाराह व नरसिंह अवतार का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण भागवत में ही वास करते हैं। जो व्यक्ति भागवत कथा का श्रवण करते हैं उनके पाप, ताप, संताप सब मिट जाते हैं। मनुष्य का जीवन बड़े भाग्य से मिलता है इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए भगवत भजन में ध्यान लगाना चाहिए इसी में मनुष्य का उद्धार है।कार्यक्रम आयोजक सज्जन शुक्ल शिक्षक, समाजसेवी, बिंदु शुक्ल ने आगंतुकों का स्वागत अभिनंदन किया एवं आरती प्रसाद वितरण करवाया।इस अवसर पर मुख्य आचार्य पंडित सुरेश दुबे, प्रियंका देवी, सुभाष तिवारी पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता परिषद हंडिया, अमित सिंह राना पूर्व महामंत्री सीएमपी डिग्री कालेज अधिवक्ता हाईकोर्ट, अखिलेश पांडेय अधिवक्ता हाईकोर्ट, राजकुमार मिश्रा एडवोकेट, रामजियावन पांडेय एडवोकेट, हृदय नारायण मिश्रा, मिस्टर मिश्रा, संतोष पांडेय, चंदू तिवारी, विनोद पांडेय, कमलेश दुबे, शेषमणि पांडेय, रमेश तिवारी, कपिल देव तिवारी, गोपाल पांडेय,मनीष शुक्ल, राजकुमार शुक्ल, संजय शुक्ल, शिवम शुक्ल, अमन शुक्ल, अंश शुक्ल, अनुभव शुक्ल, अनुराग शुक्ल, कुशलेष दुबे एडवोकेट, अखिलेश पांडेय, राहुल दुबे, आजाद तिवारी, कलेक्टर शुक्ला, अशोक मिश्रा, राजकुमार दुबे, छबीले नाथ पांडेय, राधेश्याम पांडेय, हरिओम पांडेय, इंद्रमणि पांडेय, राममणि पांडेय बृज भूषण पांडेय, भोला नाथ दुबे, जटाशंकर दुबे, राजकुमार दुबे, श्याम शंकर दुबे, सोनू दुबे, अशोक कुमार मिश्रा, विनोद कुमार मिश्रा, उधम यादव, रामनाथ यादव, लालमनि यादव, त्रिवेणी नाथ यादव, शिवपूजन गुप्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### रोजा फोटो इफ्तार पार्टी में दिखी गंगा जमुनी तहजीब



**प्रयागराज।** रविवार को इफ्तार पार्टी में गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिली भाजपा मंत्री शबाब अली के आवास पर दावत-ए-रोजा इफ्तार में सभी धर्म व संप्रदाय के लोगों ने भाग लिया। इफ्तार पार्टी में गंगा-जमुनी तहजीब की झलक साफ दिखाई दे रही थी। इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज अदा की गई। देश में अमन चैन, आपसी सौहार्द, खुशहाली व भाई चारे के लिए दुआएं मांगी गईं।

### छोटे नन्हें-मुन्ने भाई बहन ने रखा रोजा



**प्रयागराज।** चकिया के रहने वाले अन्या जफर नौ वर्ष व मो. अलियान सात वर्ष ने अपने अम्मी अब्बू से प्रेरित होकर दोनों ने रोजा रख लिया। वैसे तो रमजान का दिन ही इबादत और रहमत बरकतो का है अल्लाह इस पाक महिने में अपने बन्दों खुश रहता है इबादत करने वालो को पसन्द करता है। इस माह सारी जायज दुवाए कबूल होती है मासूम बच्चों ने हिम्मत कर अल्लाह को राजी करने के लिए रोजा रख लिया। अम्मी, अब्बू से बिना बताये शहरी करली और रोजे की नियत भी बच्चों के हौसले को देख माँ बाप भी झुकना पड़ा बच्चों से पूछनें पर बतायें शाम को भूख पर और प्यास महसूस हुई थी पर अल्लाह की रजा के लिए हम दोनों भाई बहन ने रोजा रखा है। अल्लाह हर मुश्किल को आसान करता है आपको बता दें बच्चों की माँ एक सरकारी डाक्टर हैं और पिता न्यायालय में कार्यरत हैं। बच्चों के रोजा रखने पर माता पिता औ? रिस्तेदारो में खुशी का माहौल रहा सभी ने इफ्तार के वक्त शाम में बच्चों के साथ रोजा खोला और ढेरों दोनों बच्चों को दुआएं दी।

### नौ वर्षीय नशरा फात्मा ने रखा पहला रोजा



**प्रयागराज।** दरियाबाद में रहने वाले रहबर मुस्तफाबादी की नौ वर्षीय नवासी नशरा फात्मा ने अपने पापा मतलूब हुसैन अन्ने व मां ततहीर फात्मा से ज़िद कर पहला रोजा रखा।यशब यूनिटी स्कूल में कक्षा तीन में पढ़ने वाली नशरा ऐसे तो रमजान के चांद दिखाई देने के बाद से रोजा रखने की ज़िद कर रही थीं।लेकिन उनकी हसरत आज पूरी होगई ।बच्ची की मामू जफर मुस्तफाबादी ने भांजी के रोजा रखने पर गुलपोशी कर मुबारकबाद देते हुए दुआओं से नवाजा वहीं बच्ची के माता पिता रिश्तेदारों व अजीजो को रोजा इफ्तार में शिरकत की दावत देकर दोहरे सवाब के हकदार बने।

## साइबर चोरों व ठगी करने वाले गिरोह से हो जाए सावधान



**रत्योरा मोड़।** फेसबुक पर गलत अकाउंट बनाकर सार्वजनिक रूप से टैग करके ब्लैकमेल करना अश्लील वीडियो कहानियां और तस्वीरें साझा करके बदनाम करते हुए लोगों से फिरौती वसूल करना आम बात हो चुकी है। ऐसा ही वाकया विकास कुमार उपाध्याय निवासी लालगंज मिजार्पुर द्वारा कुछ महीने पहले जय प्रकाश त्रिपाठी निवासी कुशालपुर थाना मांडा जनपद प्रयागराज जो कि गुड़गांव में व्यवसाय करते हैं उन्हें फर्जी अकाउंट से महीनों से बदनाम किया गया। उन्हें जानकारी तब हुई जब संबंधी रिश्तेदारों ने फोन करके बताया । भुक्तभोगी ने उस अकाउंट के माध्यम से जब संपर्क किया तो उनसे फिरौती मागा गया। भुक्तभोगी ने मामले की जानकारी पुलिस कमिश्नर गुड़गांव साइबर पुलिस को लिखित रूप से दी। गुड़गांव पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 26 मार्च 2023 को जांचो परान्त आवश्यक सबूतों के साथ उन्हें दोषी ठहराया और उपाध्याय के विरुद्ध धारा 506 503 67 62 508 के तहत षडयंत्र और सामाजिक नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया। इस घटना से लोगों को सचेत किया जा रहा है कि ऐसे गलत लोगों से बचें और जानकारी होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें जिससे अन्यत्र लोगों को ऐसे साइबर चोरों से बचाया जा सके।

# दिव्यांगों के कृत्रिम अंग जांच व माप शिविर में सम्मिलित हुए मंत्री नन्दी

**शिविर**

**मंत्री नन्दी ने दिव्यांगों की सेवा में समर्पित नारायण सेवा समिति के प्रति जताया आभार**

**300 से अधिक दिव्यांगजन कृत्रिम अंग व ऑपरेशन के लिए हुए सूचीबद्ध**



दिव्यांगों का हाल जानते मंत्री नंदी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी रविवार को केसर भवन प्रयागराज में नारायण सेवा संस्थान उदयपुर राजस्थान एवं रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन द्वारा दिव्यांगजनों के लिए आयोजित निःशुल्क कृत्रिम अंग जांच एवं माप शिविर में सम्मिलित हुए एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मंत्री नन्दी ने दिव्यांगों की सेवा में समर्पित नारायण सेवा संस्थान उदयपुर के प्रति आभार व्यक्त किया। मंत्री नन्दी ने कहा कि नारायण सेवा संस्थान की मदद से आज पूरे देश भर में हजारों दिव्यांग भाई बहन अपने जीवन को बेहतर बना पा रहे हैं। खुद के साथ ही समाज को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

केसर भवन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होते हुए मंत्री नन्दी ने अयोध्या में श्री राम मंदिर को लेकर करीब 500 वर्षों तक चले संघर्ष को आगे बढ़ाने और श्री राम मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्वर्गीय अशोक सिंघल जी को भी नमन किया। मंत्री नन्दी ने कहा कि केसर भवन में आने के बाद त्याग, तपस्या और समर्पण भावना मन में जागृत होती है।

संस्थान की टीम ने करीब 300 से अधिक दिव्यांगजनों के हाथ पैर की माप ली गई तथा पोलियोग्रस्त दिव्याांगों की जांच कर पात्र दिव्यांगों का नारायण सेवा संस्थान उदयपुर में सर्जरी हेतु चयन किया गया। कृत्रिम अंग, केलिपर्स तथा ऑपरेशन के लिए सूचीबद्ध किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब इलाहाबाद मिड टाउन अध्यक्ष श्री सौरभ पुरी जी, कार्यक्रम अध्यक्ष श्री शिवशंकर सिंह जी, आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# बेमौसम बारिश ने छीना किसानों का सुख-चैन, हजारों एकड़ फसल बर्बाद



पकी गेहूं की फसल में भरा बारिश का पानी

**उतरांव।** इन दिनों मौसम की बेढंग चाल ने किसानों की चिंता बढ़ा दी हैं. हंडिया में बारिश और ओलावृष्टि के चलते हजारों एकड़ रबी फसल बर्बाद हो गई है। तेज हवाओं ने गेहूं की फसल को भी खेतों में बिछा दिया है।अचनाक तापमान बढ़ने के बाद बारिश से शहरों में तो लोगों को राहत मिल गई, लेकिन किसानों के लिए ये बारिश आफत बनकर बरस रही है। खासतौर पर ज्यादातर हंडिया में तेज हवा, बारिश और ओलावृष्टि के चलते हजारों एकड़ फसल में नुकसान हुआ है।केंद्र सरकार ने भी आधिकारिक पुष्टि कर दी है कि कई राज्यों में इस बारिश ने किसानों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं, हालांकि अभी तक नुकसान का वास्तविक आकलन नहीं हो पाया है, लेकिन केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने आश्वासन दिया है कि जैसे ही राज्य सरकारें नुकसान की रिपोर्ट तैयार करके केंद्र सरकार को भेज देंगी, उसी तर्ज पर सरकार अपने राष्ट्रीय आपदा राहत कोष में से किसानों को नुकसान का मुआवजा प्रदान करेगी।

गेहूं की फसल पर सबसे बुरा असर कृषि विशेषज्ञों की मानें तो तेज बारिश, आंधी और ओलावृष्टि जैसे हालातों से गेहूं की अगेती और पछेती दोनों ही फसलों में भारी नुकसान की संभावना बन जाती है। अगेती फसलें लगभग पककर तैयार हो जाती हैं। इन दौरान गेहूं की फसल का तना हल्का और बालियां भारी हो जाती हैं।तेज हवा चलने पर खेतों में बिछ जाते हैं। इससे दानों का वजन कम हो जाता है और पशु चारा भी नहीं मिल पाता। कृषि विशेषज्ञों की मानें तो यदि कुछ दिन और मौसम का यही हाल रहा तो गेहूं उत्पादन के साथ-साथ चारा उत्पादन पर भी बुरा असर पड़ेगा। इसमें करीब 25 प्रतिशत तक गिरावट देखी जा सकती है। लगातार चल रही बेमौसम बारिश के कारण गेहूं की फसल में को नुकसान हो ही रहा है, लेकिन इससे भी ज्यादा नुकसान की जद में बागवानी फसलें हैं. वैसे तो सरसों और चना की फसल कट चुकी है, लेकिन बारिश और ओलावृष्टि से केला,जैसी फसलें नुकसान में जा रही हैं। किसानों पर टूटे मुसीबतों का पहाड़ हुई बैमौसम बारिश के बाद अब कई रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं। भारी बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। महोबा,हंडिया में अरहर, चना, मटर और मसूर जैसी दलहनी और तिलहनी फसलों में नुकसान देखने को मिला है।हंडिया में बारिश से गेहूं फसल बर्बाद हो गई है। आम के बागों में बोर आने से उत्साहित किसान अब फफूंद लगने से चिंता में आ गए हैं। वहीं बारिश के बाद खेतों में जल भराव हुआ है। धनूपुर के किसान घनश्याम, चिंतामणि, राजीतराम, मेवालाल, जीतनारायण, सरजू प्रसाद, राम धनी, प्रभु नाथ, जितेन्द्र कुमार, रविन्द्र कुमार, लालमणि, राज बली, राधेश्याम, राजाराम, राम राज, उदयराज, राजेंद्र प्रसाद, शेष धर श्याम धर बंशीधर आदि हजारों का भारी बारिश से फसल नस्ट हो गया है।

## दुकान में आग लगने को लेकर समाजवादी पार्टी ने मुआवजा की किया मांग

**प्रयागराज।** शनिवार कि सुबह चौक घंटाघर नेहरू कंपलेक्स में भीषण आग लग गई थी जिसकी वजह से उसमें 30 दुकाने जलकर राख हो गई है समाजवादी पार्टी प्रयागराज के निर्वतमान महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन, निर्वतमान महानगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि ने अग्नि पीड़ित व्यापारीयों से मुलाकात कर घटना पर दुख प्रकट करने के साथ पुरी तरहां से सब कुछ गंवा चुके व्यापारीयों को दस दस लाख आंशिक रूप से जली दुकानदारों को पांच पांच लाख भीड़ भरे इलाके और दूकानों से सटे ट्रान्सफारमर जो विक्राल रुप से आग लगने का कारण बना उसे हटाने और नेहरु भवन की जर्जर हो चुकी दूकानों की मरम्मत की मांग और अग्निशमन की बाजारों मे व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग सरकार ही की। प्रयाग व्यापार मंडल के सदस्यों ने महानगर अध्यक्ष जी से कहा है कि इन दुकानदारों को जल्द से जल्द मुआवजा दिलाया जाए क्योंकि ईद सर पर खड़ी है उनके पास अब कुछ बचा नहीं है, सोहेल अहमद मोहम्मद आमिर महमूद खान मोहम्मद अकरम अशोक अरोड़ा गुरचरण अरोड़ा चन्नी समाजवादी पार्टी के बहुत सारे कार्यकर्ता उनके साथ चल रहे थे।



चिकित्सा शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक

## भारत विकास परिषद मंगलम की ओर से चिकित्सा शिविर संपन्न

**प्रयागराज।** भारत विकास परिषद् मंगलम एवं अंतर्स फाउण्डेशन द्वारा संयुक्त रूप से रविवार को टैगोर टाउन एलआईसी कॉलोनी स्थित काली मंदिर प्रांगण में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें सेवा देने वाले प्रयागराज के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. ज्ञानेंद्र त्रिवेदी, डॉ. वी.के. मिश्रा (संयुक्त निदेशक ) डॉ. आर.के. सिंह, डॉ शशि वाला, डॉ.आर.के यादव एवं अन्य चिकित्सकों द्वारा मरीजों को देखा गया। उन्हें चिकित्सकीय सुविधा तथा निःशुल्क दवायें प्रदान की गईं। कैम्प में लगभग 138 मरीजों ने निःशुल्क इलाज किया गया। जरूरत के अनुसार उन्हें बेली हॉस्पिटल और स्वरूपरानी भी रेफर किया गया। आयोजन में विशेष रुप से सहयोग देने के लिए संरक्षक एवं अध्यक्ष नागेंद्र सिंह संरक्षक शिवनंदन गुप्ता ने सभी डॉक्टरों एवं सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। तथा असमर्थ और असहाय लोगों के स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अपना संकल्प दोहराया। मुख्य रूप से उपस्थित अध्यक्ष बी.पी गुप्ता, अरुण जायसवाल, मनीष कोहली, अंतस फाउंडेशन के अध्यक्ष आशीष गुप्ता, कमलाकांत पांडे, अशोक मित्तल, पूनम मित्तल तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# स्वर्णिम व्यापार मंडल का स्वाभिमान यात्रा पहुंचा प्रयागराज व्यापारियों ने किया जमकर स्वागत

**प्रयागराज।** व्यापार मंडल को 50 वर्ष पूरा होने पर व्यापारियों ने 13 मार्च को मेरठ से स्वर्णिम वर्ष पर स्वाभिमान यात्रा प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय महामंत्री मुकुंद मिश्रा, महामंत्री डॉ दिलीप सेठ, राजेंद्र गुप्त, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष गौरव कृष्ण के नेतृत्व में निकाला गया। स्वाभिमान यात्रा शनिवार को कौशांबी मार्ग होते हुए प्रयागराज पहुंचा तो व्यापारियों ने जमकर इस यात्रा का स्वागत किया।

बंटीभैया के नेतृत्व में काफी संख्या में लोगों ने यात्रा का स्वागत किया इसके पश्चात बंटी भैया ने क्षेत्र में भ्रमण भी करवाया। संरक्षक अध्यक्ष राजीवकृष्ण श्रीवास्तव बंटी भैया, एवं जिला अध्यक्ष अनूप वर्मा के नेतृत्व में स्वाभिमान यात्रा को हिम्मत गंज स्थित संजीव गार्डन भोजन के उपरांत स्वाभिमान यात्रा को के व्यस्ततम क्षेत्र खुल्दाबाद नखास कोना कोतवाली बहादुरगंज राम भवन मुट्ठी गंज कोठा परचा चंद्रलोक टॉकीज चौराहे से होते हुए मानसरोवर अग्रसेन चौराहा से घंटाघर पहुंचने पर व्यापारी द्वारा ज्ञात होने पर प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा प्रयागराज के संरक्षक नगर अध्यक्ष बंटी भैया एवं जिलाध्यक्ष अनूप वर्मा सहित तमाम पदाधिकारियों के साथ घंटा घर के पीछे घटनास्थल संजय मार्केट जहां पर आग लग जाने के कारण काफी नुकसान हुआ जाकर मुआयना करते हुए तमाम व्यापारियों से मुलाकात किया ।साथ ही आश्वासन देते हुए कहा कि शासन स्तर पर प्रयागराज के विषय में वार्ता करूंगा जिसके उपरांत यात्रा जानसेन गंज होटल वशिष्ठ में रात्रि विराम के लिए रोका गया ।



### प्रतापगढ़ के लिए रवाना हुई यात्रा

व्यापारियों का स्वाभिमान यात्रा रविवार की सुबह 10:00 बजे प्रतापगढ़ के लिए रवाना हो गयी। यह यात्रा राजीव कृष्ण श्रीवास्तव अनूप वर्मा के नेतृत्व में शुरू हुआ ।आज की इस यात्रा में मुख्य रूप से निखिल पांडेय शिव विशाल गुप्ता, कुलदीप पांडेय, गौरव करवरिया, नितिन गुप्ता आदि ने महानगर सहित प्रयागराज से प्रतापगढ़ तक जोरदार स्वागत करने तथा स्वागत की कड़ी में शहर सहित पूरे जनपद प्रयागराज को सजाने प्रत्येक मुख्य चौराहों पर भव्य स्वागत के लिए हर प्रयास करने का आवाहन सभी व्यापारियों से की राजीवकृष्णश्रीवास्तव अनूप वर्मा सहित अभिषेक केशरवानी निखिल पांडेय ने बताया कि यह मौका हम लोगों के जीवन में प्रथम बार आ रहा है कि सबसे प्राचीनतम व्यापार मंडल को 50 वर्ष पूर्ण कर स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रवेश करते हुए देख रहे हैं स्वर्णिम जयंती समारोह कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए राजीव कृष्ण श्रीवास्तव अनूप वर्मा कुलदीप पांडे गौरव करवरिया,अंकित गुप्ता राजेश केसरवानी,महिला अध्यक्ष एड० जूही जायसवाल,शिव विशाल गुप्ता विनय जी सोनी ओम प्रकाश गुप्ता अध्यक्ष गंगा पार,राजेंद्र अग्रवाल मुनीमजी महामंत्री गंगापार पंडित ओंकार नाथ त्रिपाठी, प्रमोद मौर्या बच्चा यादव, मनोज राहुल केसरवानी विक्की केसरवानी आदि रहे।

जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, सोमवार, 3 अप्रैल, 2023



## संक्षेप

### बाइक की टक्कर से खेल रहा मासूम घायल

**कौशाम्बी।** कोतवाली कौशाम्बी अंतर्गत नौहाई गांव में घर के बाहर खेल रहे मासूम को बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवारीजनों ने उसे इलाज के लिए प्रयागराज के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

नौहाई गांव के सतीश पाल ने अनुसार शुक्रवार को उनका नाती अनमोल पुत्र तीरथ पाल 3 वर्ष पड़ोस के बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान गांव का कुन्दन सरोज तेज रफ्तार से बाइक लेकर आ गया, बाइक अनियंत्रित होने के कारण मासूम को टक्कर लग गई और वह घायल हो गया। कहा जा रहा हैकि उसका दाहिना पैर भी टूट गया है। घायल मासूम को प्रयागराज के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर उसका इलाज चल रहा है। सतीश पाल की तहरीर पर पुलिस ने मामले को दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है।

# आखिर अभी और कितने दिन लगेंगे निर्माण कार्य में

**अधूरा निर्माण कार्य**

**विकास खंड कौशाम्बी के बस्ती तालाब के समीप बन रहा आंगनबाड़ी केंद्र अधूरा**



आंगनबाड़ी केंद्र की अधूरी ईमारत

**कौशाम्बी।** विकासखंड कौशांबी के बस्ती तालाब में वित्तीय वर्ष 2021-22 में आंगनवाड़ी केंद्र बनाने की स्वीकृति मिली थी। जिम्मेदारों ने केन्द्र निर्माण का काम 9 महीने पहले शुरू कराया था। जो अभी भी अधूरा है। आरोप है कि जिम्मेदार केंद्र को लेकर दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं।

गांव के महेश,अदालती, शुभम, राजेश आदि ने बताया कि केंद्र बहुत दिनों से बन रहा है। जिसे जिम्मेदारों ने अभी तक पूरा नहीं कराया। जिम्मेदार कभी कभी निर्माण कार्य का काम शुरू करवा कर फिर कई कई महीने के लिए काम बंद कर देते हैं जिससे आंगनबाड़ी के बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में तैनात आंगनबाड़ी अपने घर से केन्द्र का संचालन करती है। बस्ती तालाब केंद्र में तैनात आंगनवाड़ी गया श्री ने बताया कि केंद्र में 25 बच्चे हैं। केन्द्र चलाने के लिए गांव में किराए पर कमरे के लिए काफी तलाश किया लेकिन कमरा नहीं मिला। सात साल से घर में ही आंगनवाड़ी केंद्र खोल रखा है वहीं से केन्द्र का संचालन हो रहा है। कमरा काफी छोटा है। उसी कमरे के आधे हिस्से में गृहस्थी का सामान भी रखा है। कमरे में दस से पन्द्रह बच्चे ही आ पाते हैं। जिस दिन ज्यादा बच्चे आ जाते हैं। दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

## तेज रफ्तार वैन की टक्कर से बाइक सवार दो जख्मी

**दारानगर, कौशाम्बी।** कड़ाधाम कोतवाली अंतर्गत भोला चैराहा के समीप शनिवार रात तेज रफ्तार वैन ने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती करा दिया था। हालांकि घायल युवक कौन और कहां के थे इसकी जानकारी नहीं हो सकी थी।

## घर में घुसकर सास-बहू से की मारपीट

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के रूपनारायणपुर गोरियों गांव में दबंगों ने घर में घुसकर सास-बहू को पीट दिया। पीड़िता से तहरीर लेकर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। रूप नारायनपुर गोरियों गांव की रानी देवी पत्नी रमेश कुमार ने बताया के पड़ोसी पट्टीदार के परिवार से पुराना विवाद चल रहा है। इसी अदावत में दो दिन पहले दोनों के बीच कहासुनी हो गई। घर में विवाहिता को अकेली देख पड़ोसी उससे भिड़ गए। महिला के घर में घुसकर आरोपित तोड़फोड़ करने लगे। विरोध करने पर रानी व उसकी सास को पीट दिया। पड़ोसी के घर हंगामा देख गांव के अन्य लोग घटना स्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों को देख आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। महिला शिकायत लेकर थाने पहुंची और मामले की नामजद तहरीर दी। पीड़िता का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पुलिस ने आरोपित नरेश समेत चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## धोखाधड़ी में सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के कसिया पूरब गांव की महिला के साथ जालसाजी करते हुए फरेबियों ने भूमिधरी की वसीयत करा ली। अभिलेखों में हेराफेरी कर वसीयत कराने का विरोध करने पर आरोपितों ने महिला को पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने मामले की शिकायत एसडीएम के साथ पुलिस से की। पुलिस ने सात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कसिया पूरब गांव की अनारा देवी पत्नी लल्लन ने बताया कि पति के मौत के बाद पड़ोसी गांव के प्रदीप कुमार ने साथियों के साथ मिलकर उसकी भूमिधरी का गलत तरीके से वसीयत करा ली। जमीन वसीयत होने की जानकारी महिला को हुई तो उसने विरोध किया। इस पर अरोपितों ने पीड़िता को पीटते हुए कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने मामले की शिकायत एसडीएम के साथ थाने में की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित प्रदीप कुमार, लोकनाथ, अमित कुमार निवासी अमावा नेवादा, गुलाब, कुवंर, जगलाल समेत सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## देवर ने विवाहिता से किया दुराचार का प्रयास

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के एक गांव में देवर ने विवाहिता के साथ दुराचार का प्रयास किया। विवाहिता ने विरोध किया तो उसे घर से भगाने की धमकी दी। पति को फोन पर आपबीती बताते हुए पीड़िता मंझनपुर पहुंची और मामले की नामजद शिकायत एसपी से की। एसपी ने सैनी इंस्पेक्टर को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# कौशाम्बी कोतवाली पुलिस ने चलाया सफाई अभियान



अभियान के तहत सफाई कार्य में लगी पुलिस

**कौशाम्बी।** कोतवाली कौशाम्बी पुलिस ने रविवार को थाना परिसर में सफाई अभियान चलाकर कोतवाली परिसर की साफ सफाई किया।

कोतवाली पुलिस ने रविवार को कोतवाली परिसर की जमकर साफ सफाई की। कोतवाल महेश चंद ने बताया कि अब सप्ताह में एक बार पूरे थाना परिसर की साफ-सफाई कर श्रमदान करेंगे। इससे समाज के लोगों में साफ सफाई को लेकर जागरूकता भी बढ़ेगी। सफाई में महेशचंद के अलावा एसआई मनीष पाल, एसआई रंजीत सिंह, हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश गुप्ता, का.अमित गिरी, का. संतोष पटेल जयशंकर, प्रमोद सिंह आदि पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## मित्रता करो तो श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत सिराथू के कैथनबाग में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन रविवार को कथा व्यास से सुदामा चरित्र व शुकदेव विदाई के साथ परीक्षित मोक्ष कथा का संगीतमय वर्णन किया। सुदामा चरित्र की कथा सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। जय श्रीकृष्ण के जयकारे से पूजा पंडाल गुंजायमान हो उठा। कथा व्यास आचार्य डॉ. अखिलेश ने कहा कि मित्रता करो तो भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा के जैसे करो। सच्चा मित्र वही है तो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए मदद कर दे। लेकिन आज-कल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता तब तक मित्रता रहती है। इसके साथ की कथा व्यास ने शुकदेव विदाई के साथ भगवान श्रीकृष्ण के 16 हजार एक सौ आठ विवाहों का वर्णन किया। श्रीमद्भागवत कथा के बाद भजन हुआ। व्यास पीठ पूजन के साथ कथा पूर्ण की गई। अनिरूद्ध पांडेय ने बताया कि सोमवार को कथा की पूणार्हुति और मंगलवार को प्रसाद वितरण होगा।

# बढ़ती बेरोजगारी को लेकर आंदोलन पर बनी रणनीति

**बैठक**

**युवा शक्ति कार्यकर्ताओं की बैठक में बोले आप यूथ विंग प्रदेश सचिव**



आम आदमी पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में मौजूद कार्यकर्ता

**कौशाम्बी।** प्रदेश की योगी सरकार में बढ़ती बेरोजगारी को लेकर रविवार को आम आदमी पार्टी कार्यालय एक बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान पार्टी के जिला बैठक आहूत हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए पार्टी युथ विंग प्रदेश सचिव ने कहा कि यह एक बड़ी चिंता का विषय है। इसके विरोध में अब आंदोलन करने की जरूरत है।

प्रदेश प्रदेश सचिव रितेश सिंह ने योगी सरकार को घेरते हुए कहा कि यूपीपीसीएस, यूपीएसएसएससी जैसे लगभग 22 विभागो में 60 लाख से ज्यादा सरकारी पद खाली पड़े हुए है। कहा कि 2019 पुलिस का पेपर लीक, 2021 का पेपर लीक, लेखपाल परीक्षा रद्द। ऐसे में कहीं न कहीं प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी को लेकर नौजवानो में बेहद निराशा व आक्रोश है। कहा कि बेरोजगारी को लेकर पूरे प्रदेश में बेरोजगार पद यात्रा निकाली जायेगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष अमित सिंह पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार ने नौजवानो को छला है। आप यूथ विंग सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेगी। इस अवसर पर यूथ विंग के प्रदेश सचिव द्वारा कार्यकर्ताओं को मनोनयन पत्र भी सौंपा गया।


# रिद्धि-सिद्धि स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का हुआ भव्य उद्घाटन समारोह



कार्यक्रम को सम्बोधित करते विद्यालय के चेयरमैन

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में रविवार को रिद्धि सिद्धि स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम उद्घाटन चेयरमैन रिद्धि-सिद्धि ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन निवर्तमान विधायक संजय कुमार गुप्ता की हृदय कर्णिका पुत्रियां रिद्धि सिद्धि के कर कमलों द्वारा हुआ। उद्घाटन समारोह के इस महान पर्व पर केपीएस संस्थान के समस्त अभिभावकों ने भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और बच्चों के अंदर उत्साह का समुद्र हिलोरे मार रहा था। अभिभावकों द्वारा इस भव्य हाल की भव्यता की भूरी भूरी प्रशंसा की जा रही थी। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना के सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई और सबसे महत्वपूर्ण इंस्ट्रुमेंटल आरती और मोटिवेशनल सॉन्ग रहा, जिसमें वाद्य यंत्रों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, साथ साथ छात्र छात्राओं ने फोक डांस के माध्यम से विभिन्न राज्यों का अवलोकन भी मंच के माध्यम से कराया। स्पोर्ट्स कांप्लेक्स की स्थापना का मुख्य उद्देश्य बच्चों के मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास को विकसित करना है। संस्थान के चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता ने अपने अभिभाषण के दौरान कहा कि यह स्पोर्ट्स कांप्लेक्स कौशांबी जिले के लिए 1 मील का पत्थर साबित होगा। इस इंडोर स्टेडियम में मुख्य तौर पर बैडमिंटन, खो-खो, चैस, लूडो, कैरम, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, जिमनास्टिक, कबड्डी, लॉन टेनिस, टेबल टेनिस, बॉक्सिंग तथा स्पोर्ट्स का आयोजन होगा। श्री गुप्ता ने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जो किसी भी परिवार समाज और देश को विकसित कर सकता है। एक स्वस्थ मनुष्य के अंदर ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, सबसे पहले हमें अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना है मैं रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सभी संस्थानों में इस विद्या को संचालित कर रहा हूं जो निश्चित तौर पर छात्र छात्राओं के लिए वरदान साबित होगा। इस दौरान प्रतियोगी छात्र छात्राओं को मंच के माध्यम से पुरस्कृत किया गया। नर्सरी ए से प्रथम रैंक अविरल द्वितीय रैंक तन्मय सिंह तृतीय रैंक आराध्या सिंह को दिया गया, नर्सरी सेक्शन से अरनव प्रजापति को प्रथम रैंक, विवान पांडे को द्वितीय तथा मोहम्मद नावेद को तृतीय स्थान प्राप्त हुई, जूनियर केजी से आध्या कसेरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया मोहम्मद अयान ने द्वितीय तथा रिद्धिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस तरह छात्र छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन राशि मिश्रा और प्रबल प्रताप सिंह ने किया। संस्थान की डायरेक्टर सीमा पवार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना किया। कार्यक्रम में वाइस चेयरपर्सन रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन सपना गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, गंगा प्रसाद काले, सुभाष गुप्ता, डॉ मयंक कुमार मिश्रा, रत्नाकर शर्मा, किडजी प्रिंसिपल शिवांगी केसरवानी अब्दुल मोमिन, हृदयनारायण, अखिलेश सिंह, मो नूर, संस्थान के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## आवारा मवेशियों से किसान परेशान



**कौशाम्बी।** आवारा मवेशियों ने किसानों की रातों की नींद हराम कर दी है। जिले के गांवों में सैकड़ों की संख्या में आवारा पशु घूम रहे हैं। मंझनपुर क्षेत्र के दिवाकरदत्त, बबलू, राम कैलाश, दिलीप कुमार आदि किसानों का कहना है कि शिकायत के बाद भी आवारा पशुओं से छुटकारा के लिए कोई इंतजाम नहीं किया जा रहा है। लोगों ने आवारा पशुओं को पकड़कर गोशाला में भेजने की मांग की है।

## वनवासी राम का कुरई में हुआ स्वागत

**कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती कौशांबी।राम वन गमन से चलकर चित्रकूट जा रहे वनवासी राम का कुरई में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने स्वागत किया।

अयोध्या से कमलदास बाबा के साथ वनवासी राम राम वन गमन से चलते हुए चित्रकूट जा रहे हैं। जिससे वह प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर जहां पर श्री राम को केवट ने अपने नाव पर बैठा कर कुरई घाट उतारा था। वहां से उसी प्रकार वनवासी राम की टोली भी कुरई घाट पहुंची जहां पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय कुमार निषाद ने उनका स्वागत किया। और वनवासी राम का पैर धूलाकर उन के साक्षात दर्शन किए मान्यता है कि अब से करीब 2000 वर्ष पूर्व जब राम सीता और लक्ष्मण वनवास में जा रहे थे। तभी इसी कुरई में सीता जी द्वारा एक मुट्ठी बालू को कुरय दिया गया था। जिससे स्थान का नाम कुरई पड़ गया। इसी स्थान पर श्रीराम ने भगवान भोलेनाथ की पूजा किया था। जहां पर एक छोटी सी मंदिर भी बनी हुई है। इस घाट का विकास नहीं होने पर अयोध्या से आए कमलदास बाबा ने कहा कि इसके विकास के लिए सरकार को बताया जाएगा। कुछ देर रुकने के बाद कमलदास बाबा श्री राम सीता और लक्ष्मण के साथ चित्रकूट के लिए निकल गए। इस दौरान उनकी टोली में आनंद दास बाबा, रिंकू दास, रहे वही कुरई गांव के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय कुमार निषाद ग्राम पंचायत के विनोद कुमार, ध्रुव कुमार, कैलाश निषाद, संतोष विश्वकर्मा, समर सिंह, गोले दिवाकर, घनश्याम मौर्य, राम भवन मौर्य, वीरम मौर्य, धर्मराज सरोज, गोलू मौर्या, दिनेश मौर्या, अश्वनी कुमार, राजेश मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

# भारत माता की आजादी बनाए रखने के लिए जरूरी है सनातन : अवधेश



कार्यक्रम को सम्बोधित करते वक्ता

**कौशाम्बी।** भारत माता के लाल हिंदू सुरक्षित रहें इसके लिए जरूरी है कि भारत में सनातन सुरक्षित रहे पूर्व में भारत माता के कई टुकड़े किए गए हैं जितनी बार भारत माता के टुकड़े हुए हैं उतने बार सनातन की संख्या में कमी आई है ऐसा नहीं है पूर्व में अतिथियों ने भारत माता के पुत्र हिंदुओं को बड़ी संख्या में महज इसलिए काट डाला था कि वह अपने धर्म को छोड़ने के लिए तैयार नहीं थी उक्त बातें हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने पूरब शरीरा, अम्बावा, निधियावां और जजौली में आयोजित हुई बैठकों के दौरान कही। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने संपूर्ण हिंदू समाज को एकजुट होने का आवाहन करते हुए कहा कि हमारे धर्म में जातियों के बंटवारे ने धर्म का नुकसान किया है। ऐसे में हम सभी समाज के लोगों को जातियों से ऊपर उठकर हिंदू समाज एकता के लिए काम करना होगा। इस मौके पर उन्होंने आवाज उठाते हुए कहा कि विभिन्न अन्य धर्मों में भी जातियां हैं लेकिन उनकी बात नहीं उठाई जाती है। इस मौके पर बोलते हुए संगठन के उपाध्यक्ष यशवंत यादव ने जिले में चल रही चंगाई सभाओं पर आवाज उठाई इसके साथ विभिन्न थाना क्षेत्रों में हो रहे धर्म परिवर्तन के मामलों पर भी प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। इस मौके पर प्रमुख रूप से रजत पाण्डेय, पंकज मिश्रा, वेद प्रकाश सत्यार्थी, बृज बिहारी, आकाश पाल, मोनू, उमा शंकर, सोनू, कुलदीप, करन, अजय, संजय, अमन मिश्रा, आशुतोष, राज मौर्य चमन पांडे, सुनील दुबे, कृष्णकांत तिवारी, देवेंद्र सिंह, सुभम सोनी, महेश प्रसाद, शुसील पाण्डेय, उमेश प्रसाद, उदय कांत पांडे, हरिश्चंद्र, अनिल, जगतपाल, मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## परीक्षा में धोखाधड़ी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**करारी कौशाम्बी।** थाना पिपरी अंतर्गत 31 मार्च 2023 को शम्भूनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन झलवा, प्रयागराज के परीक्षा नियंत्रक अभिषेक कुमार पाण्डेय द्वारा सूचना दी गयी कि उत्तर प्रदेश सिविल कोर्ट स्टाफ सेन्ट्रलाइज्ड रिक्रूटमेंट 2022-23 के टाइपिंग परीक्षा में परीक्षार्थी के फोटो व फिंगर प्रिंट का मिलान नहीं हो पा रहा है इनकी लिखित परीक्षा किसी और ने पास की है। इस सूचना पर थाना पिपरी पर मुकदमा उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्त अजय कुमार सरोज पुत्र लालजी सरोज निवासी कस्तूरीपुर थाना होलागढ़ जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर अभियुक्त से पूछताछ करने पर पाया गया की इनकी लिखित परीक्षा किसी और ने पास की है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# एकजुटता से ही संभव है समाज का उथान : भूपेंद्र प्रजापति



आयोजित बैठक में उपस्थित प्रजापति समाज

**कौशांबी।** कुंभकार मानव कल्याण समिति की एक बैठक रविवार को पतेरिया के विसारा गांव में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट रवीकांत प्रजापति ने किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन महामंत्री राम प्रसाद प्रजापति ने किया। इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते भूपेंद्र प्रजापति ने कहा कि एकजुट समाज की एक बड़ी ताकत होती है। उन्होंने समाज को एकजुट होने के लिए कुछ मंत्र भी दिया। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रेशन के बाद प्रथम बैठक का आयोजन हो रहा है। इसमें समाज के लोगों कैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार संबंधित सेवाओं का लाभ मिले इसके लिए विचार विमर्श किया गया। वहीं समाज को एकजुट करने के लिए जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रवीकांत प्रजापति ने कहा कि यदि समाज शिक्षित होता है तो विकास संभव है। उन्होंने इस पर जोर देते हुए कहा कि समाज के हर व्यक्ति का एक अपना दायित्व बनता है कि वह आने वाले पीढ़ी को शिक्षित कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि इसके साथ-साथ समाज को एक प्लेटफार्म पर आना चाहिए, क्योंकि जब समाज एकजुट होगा तो उसके उसकी पहचान मिलेगी। कहा कि जब तक समाज एकजुट नहीं होगा तब तक उसे नजरअंदाज किया जाता रहेगा। बैठक में कोषाध्यक्ष बुधराम प्रजापति एडवोकेट, मानसी प्रजापति, डॉक्टर संतोष प्रजापति, रामाश्रय प्रजापति, राहुल प्रजापति ,हरी लाल प्रजापति अजय प्रजापति शास्त्री, बच्ची लाल, एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह, अंजू मैडम, एडवोकेट जंग बहादुर, डॉक्टर जितेन्द्र प्रजापति आदि समाज के लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### बाइक चोरी की बढ़ रही घटनाएं, एक मामले में केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाइक चोरी की इधर घटनाओं में फिर बढ़ोत्तरी होने से लोग भयभीत देखे जा रहे हैं। बेलहा गांव के सुनील सिंह पुत्र सत्यदेव सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती ग्यारह जनवरी को गांव से उसकी बाइक अज्ञात चोर ले उड़े। पुलिस ने सूचना के बावजूद केस नहीं दर्ज किया। तो पीड़ित ने अफसरों से गुहार लगाई। सीओ की फटकार पर शनिवार की रात पुलिस ने बाइक चोरी की घटना दर्ज की। इसी तरह जेठवारा थाना के पूरे छेदी गांव निवासी गोपाल शरण शुक्ल ग्यारह मार्च को रानीगंज कैथौला के एक मैरिज हाल में शादी समारोह में गए थे। वहां से देर रात उनकी भी बाइक चोर ले उड़े। तहसील परिसर से भी इधर कुछ माह में वादकारियों की बाइक चोरी की घटनाएं प्रकाश में आयी हैं। शनिवार को समाधान दिवस में अधिवक्ताओं ने दो पहिया वाहनों के चोरी की वारदात में बढ़ोत्तरी पर चिन्ता जताते हुए वाहन पार्किंग की मांग को लेकर डीएम को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा है।

# युवक का फांसी के फंदे से लटकता मिला शव, कोहराम

**प्रतापगढ़।** घर से शौच के लिए निकले युवक का गांव के बाहर पेड़ से लटकता हुआ शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महेशगंज थाना क्षेत्र के डिहवा जलालपुर निवासी अंकित पटेल (22)पुत्र विजय बहादुर अपने माता-पिता का इकलौता संतान था। शनिवार की रात करीब 10 बजे वह शौच के लिए घर से निकला था। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन उसकी तलाश करने लगे। इसी बीच गांव की एक महिला ने परिजनों को बताया कि अंकित गांव के बाहर बाग में फंदे से लटक रहा है। परिजन भागकर मौके पर पहुंचे और इलाज के लिए सीएचसी कुंडा ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की तीन बहने हैं। वह अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था। मृतक ने फांसी क्यों लगाई इस बाबत परिजन कुछ बोलने को तैयार नहीं। महेशगंज थानाध्यक्ष प्रमोद सिंह का कहना है कि युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले की जांच की जा रही है।


मृतक की फाइल फोटो

### तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट तथा गाली गालौज व तोड़फोड़ के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ क्रास केस दर्ज किया है। लालगंज के मनुहार निवासी जगदीश सिंह के पुत्र शिवप्रताप सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती अट्ठाइस मार्च को गांव के उदयभान सिंह के पुत्र रवि तथा लल्लन के पुत्र सुनील सिंह व रामबरन सिंह ने रंजिशन उसके दरवाजे पर चढ़कर मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपियों ने गाली देते हुए दरवाजे पर खड़ी बाइक तोड़कर नष्ट कर दिया। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शनिवार की रात रवि समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण, विरोध पर मुकदमा दर्ज

**प्रतापगढ़।** कुण्डा क्षेत्र के बरई महंगू राम के पुरवा में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने गयी राजस्व विभाग की टीम से उलझना और सड़क जाम करने के मामले में पुलिस ने 27 लोगों को आरोपी बनाते हुए मुकदमा दर्ज किया है। सरकारी जमीन पर कब्जा करना ग्रामीणों को भारी पड़ गया। अवैध अतिक्रमण पर मकान जमींदोज करने के साथ अतिक्रमणकारियों पर मुकदमा भी दर्ज हुआ है। महंगुराम के पुरवा में बड़े पैमाने पर सरकारी जमीन कब्जा करने की शिकायत पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कुण्डा के एसडीएम ने सरकारी जमीनों, तालाबों और चारागाहों पर कब्जा करने वालों को हिदायत दिया की अगर कब्जे की शिकायत दुबारा मिलती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें की मंहगुराम के पुरवा में लाखों रु0 की सरकारी जमीन पर लोगों ने मकान बनाकर कब्जा कर लिया था। राजस्व निरिक्षक की रिपोर्ट के बाद विभाग की टीम जेसीबी लेकर मौके पर गयी और अतिक्रमण हटवा दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने राजमार्ग जाम करके जमकर हंगामा किया था। मामले में पुलिस ने 27 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। इधर ग्रामीणों का कहना है की बिना किसी नोटिस के उनका मकान गिरा दिया गया। प्रशासन की इस कार्यवाही से उनकी गृहस्थी का सारा सामान नष्ट हो गया। अब उनके सामने भरण पोषण की समस्या आ गयी है।


आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास करती पुलिस

# गौशाला में लगी आग संचालक झुलसा


आग लगने की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस

**प्रतापगढ़।** पशुशाला में रात में लगी आग से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची फतनपुर थाने की पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह आग पर काबू पाया। मवेशी को बचाने के चक्कर में चैकीदार झुलस गया। थाना फतनपुर के केवरा कला निवासी गुलाब चंद्र सरोज पुत्र राजबहादुर थाने के चैकीदार हैं। शनिवार मध्य रात के करीब उसके पशुशाला में आग लग गई। अचानक आग की लपटें निकलने लगी तो हड़कंप मच गया। सूचना पर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाने की कोशिश की। किंतु तब तक छप्पर जल गया। उसमें रखा भूसा, अनाज जलकर राख हो गया। पशुशाला में बंधे मवेशी को निकालने के चक्कर में चैकीदार गुलाबचंद झुलस गया। चैकीदार को सीएचसी गौरा में उपचार कराया गया। आग लगने का कारण विद्युत शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

## विधायक मोना ने डीएम को जांच के लिए लिखा पत्र

**प्रतापगढ़।** लालगंज के पूरे छत्तू गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के समीप एक्सप्रेसवे निर्माण एजेन्सी द्वारा गड्ढ़ा खोदकर मिट्टी निकालने पर विधायक आराधना मिश्रा ने नाराजगी व्यक्त की। ग्रामीणों ने विधायक से शिकायत किया कि गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए एजेन्सी द्वारा स्कूल के बगल मिट्टी खोदकर गडढ़ा बना दिया गया है। विधायक मोना ने मानक के विपरीत प्राथमिक विद्यालय के समीप मिट्टी निकालने पर डीएम को कार्यवाही के लिए पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि बरसात में गडढ़े में जल भराव तथा ठीक बगल बिजली के खम्भे होने से कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। पत्र में उन्होंने निर्वाचन क्षेत्र वीरसिंहपुर गांव में भी एक्सप्रेसवे के निर्माण के नाम पर एजेन्सी द्वारा मानक के विपरीत दोनों गांवों में मिट्टी खुदाई पर प्रकरण की जांच कराए जाने की अपेक्षा की है। विधायक के पत्र लिखे जाने की जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत किया गया है।

# स्वर्ण जयंती रथयात्रा का व्यापारियों ने किया स्वागत


कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारीगण

**प्रतापगढ़।** उत्तर पदेश उद्योग व्यापार मण्डल के स्वर्ण जयंती रथयात्रा रविवार को प्रतापगढ़ पहुंची। प्रयागराज से होकर जिले के बार्डर देल्हूपर पहंचने पर व्यापारियों ने रथयात्रा पर सवार व्यापारी नेताओं का जोरदार स्वागत किया। मानधाता में आयोजित समारोह को व्यापारी नेताओं ने संबोधित किया। क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में होते हुए रथयात्रा नगर के मीराभवन पहुंची जहॉ पर व्यापारियों ने स्वागत किया। शहर के विभिन्न चाराहों पर व्यापारियों ने फूलमालाओं से अपने नेताओं का सम्मान किया। शहर के मुख्य बाजारों में पैदल भ्रमण कर चौक में जनसभा आयोजित की गई। जहॉ पर प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द बिहारी मिश्र ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि एकता में ही बल है। एकजुट रहकर समस्या पर विजय प्राप्त की जा सकती है। व्यापारी हितों के लिए अपका नेतृत्व सरकार से हर समय संपर्क में रहता है। प्रदेश संगठन व्यापारी हितों के लिए संजीदा है। इस मौके पर अमर केसरवानी ने नगर अध्यक्ष पद से त्याग पत्र दिया और अंकुर केसरवानी को नगर अध्यक्ष बनाया गया। चैक में सभा के बाद रथयात्रा चिलबिला पहुंची जहॉ पर व्यापारियों ने अपने नेताओं का स्वागत व सम्मान किया। इस मौके पर अभय केसरवानी, सुभाष अग्रहरि, संरक्षक हरि प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह छाबड़ा, महामंत्री अशोक कुमार सिंह, मनजीत सिंह गोबिन्द, सौरभ सिंह, पंकज मिश्र, जगमीत सिंह सलूजा, संदीप रावत, लोकेश, अमर केसरवानी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी व उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सरकारी खाद्यान्न दुकान का एसडीएम ने किया जांच

**प्रतापगढ़।** सरकारी खाद्यान्न की दुकान में अनियमितता की शिकायत पर रविवार को एसडीएम ने जांच की। लक्ष्मणपुर विकासखण्ड के लीलापुर गांव की प्रधान प्रिया सिंह ने गांव के सरकारी गल्ले की दुकान में अनियमितता को लेकर एसडीएम से शिकायत की थी। इस पर एसडीएम के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक ने चैदह मार्च को कोटेदार की मौजूदगी में दुकान पर शिकायत की जांच की थी। पूर्ति निरीक्षक ने सौ से अधिक कार्डधारकों का बयान दर्ज किया था। इस मामले में रविवार को गांव के पंचायत भवन पर पूर्ति निरीक्षक राज यादव की मौजूदगी में बयानों का सत्यापन कराया जा रहा था। अचानक एसडीएम लालगंज उदयभान सिंह भी वहां पहुंचे और सत्यापन कार्यवाही का जायजा लिया। एसडीएम ने पंचायत भवन पहुंचकर स्वयं भी जांच की और हिदायत दी।

## संचारी रोग व दस्तक अभियान की सफलता के लिए निकाली रैली


रैली निकालते स्वास्थ्य कर्मी

**प्रतापगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गौरा से रविवर को संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान की सफलता के लिए रैली निकाली गई। अधीक्षक डॉ0 ओ पी सिंह ने रैली की अगुवाई करते हुए कहा कि मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए नाली कूड़ा कचरा की सफाई जरूरी है। यूनिसेफ के बीएमसी नरेंद्र मिश्र ने बताया कि बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 30 अप्रैल के बीच चल रहा है। जबकि दस्तक अभियान 17 से 30 अप्रैल तक चलेगा। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम, आशा व आंगनवाड़ी कार्यकत्री घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगी। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सक डॉ0 आर के त्रिपाठी, डॉ0 नीलेश, बीपीएम नितिन शर्मा, बीएमसी यूनिसेफ नरेंद्र मिश्र, हरसू प्रसाद तिवारी के अलावा अस्पताल के कर्मचारी व आशा कार्यकत्री आदि शामिल रहे।


शिविर में उपस्थित लोग

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में सीखा एकता का पाठ

**प्रतापगढ़।** बाघराय के बी एन सिंह स्मारक महाविद्यालय बदली का पुरवा, महाराजपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतिम दिन रविवार को स्वयंसेवीओ द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक यशवंत बहादुर सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से टोली के स्वयंसेवी टीम भावना से कार्यों को सफलतापूर्वक किए इसी प्रकार भविष्य में भी टीम भावना से कार्य करने पर उन्हें सफलता का मार्ग प्राप्त हो सकता है। स्वयंसेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी अश्वनी सिंह, शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संस्थान के सभी शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

# स्कूल के बगल एक्सप्रेसवे एजेन्सी ने खोदा गड्ढा, एसडीएम ने दी चेतावनी

**प्रतापगढ़।** लालगंज तहसील के रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक के पूरे छत्तू गांव में गंगा एक्सप्रेसवे में लगी कार्यदायी संस्था द्वारा गांव के प्राथमिक विद्यालय के समीप ही गजरा गड्ढ़ा खोदकर मिट्टी एक्सप्रेसवे पर डलवा दिया। एक्सप्रेसवे द्वारा तालाब की आड़ में मिट्टी निकालने से बने गडढ़े में किसी भी समय छोटे छोटे बच्चे या राहगीर गिर सकते है। विद्यालय के बगल आठ मीटर का गहरा गड्ढ़ा देख ग्रामीणों में आक्रोश पनप उठा। जेसीबी द्वारा विद्यालय के बगल से मिट्टी खोदने को लेकर ग्रामीणों ने आपत्ति जतायी। इसके बावजूद निर्माण में लगी एजेन्सी पर फरक नहीं पड़ा। गुस्साएं ग्रामीणों ने एसडीएम से मिलकर उन्हें शिकायती पत्र सौंपा। शिकायत पर एसडीएम लालगंज उदयभान सिंह शनिवार की देर शाम विद्यालय पहुंचे। विद्यालय के ठीक समीप नौनिहालों के लिए जोखिम भरा गडढ़ा देख एसडीएम भी नाराज हुए। एसडीएम ने कार्यदायी संस्था को विद्यालय के बगल खुदवाये गये गडढ़े को पूरी तरह समतल कराए जाने के कड़े निर्देश दिए। गांव के अरूण पाण्डेय, कमलेश नारायण त्रिपाठी, रामगनेश पाण्डेय आदि ने एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण के नाम पर बरती जा रही अनियमितताओं की जांच कराए जाने की मांग की। गडढ़े को लेकर किसी अप्रिय घटना की आशंका में सरकारी स्कूल के शिक्षकों के मन में भी डर है। एक्सप्रेसवे निर्माण एजेन्सी की इस प्रकार की जोखिम भरी लापरवाही से रास्ते से गुजरने वाले ग्रामीणों में भी काफी गुस्सा है।


गड्ढा खुदाई के कार्य में लगी जेसीबी व डम्फर


राजकुमार सिंह

### एटीएल गैस एजेंसी के ग्राहक सौरभ इण्डेन से हुए संबंद्ध

**प्रतापगढ़।** सौरभ इण्डेन गैस एजेंसी के संचालक व समाजसेवी राजकुमार सिंह ने बताया कि एटीएल फैक्ट्री स्थित एजेंसी को पूरी तरह से कम्पनी ने बंद कर दिया है। एटीएल एजेंसी के सभी ग्राहकों को कम्पनी ने सौरभ गैस एजेंसी के लिए स्थानांतरित किया है। अब एटीएल के सभी ग्राहकों को सौरभ इण्डेन के गैस गोदाम, भुवालपुर किला, बृन्दावन टाकीज केएन हाइट्स काम्प्लेक्स स्थित एजेंसी आफिस या डिलिवरी वाहन से गैस सिलेण्डर मिलेगी। राजकुमार सिंह ने बताया कि ग्राहकों को किसी भी असुविधा के लिए 9335028837, 7570807054 आदि नम्बरों पर सम्पर्क कर जानकारी कर सकते हैं।

# चिकित्सा शिविर में इलाज के साथ दी दवाएं


चिकित्सा शिविर में उमड़ी मरीजों की भीड़

**प्रतापगढ़।** बाबा बेलखरनाथ धाम के बशीरपुर गांव में रविवार को पूर्व प्रधान गुड्डू शुक्ला के आवास पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। संस्कार हॉस्पिटल के डॉक्टरों द्वारा मरीजों का परीक्षण कर परामर्श देते हुए दवाएं दी। आयोजक गुड्डू शुक्ला ने बताया कि मानव कल्याण हर व्यक्ति के जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। खासतौर पर चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए यह अति आवश्यक है। शिविर के आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंद रोगी बेहतर इलाज से वंचित न रहें। उनको समय पर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो। गांव के लोग गंभीर बीमारियों से बचाव व अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। शिविर में डॉ0 वी राजन, डॉ0 विजय विक्रम सिंह, डॉ रुचि सिंह द्वारा ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, थायराइड, गंठिया रोग, स्त्री रोग और नेत्र जांच निशुल्क की गई। चिकित्सा शिविर में दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर में फार्मासिस्ट गुरु सिंह, लैब टेक्नीशियन रवींद्र विक्रम सिंह, अंशिका शुक्ला, रुचि सिंह, उमा भारती, सत्येंद्र मौर्या, ग्राम प्रधान रामजी सरोज, अनिल पांडेय, अजय यादव, प्रदीप श्रीवास्तव, बबलू विश्वकर्मा, शिवम शुक्ला, प्रवीण मिश्र, भानू सरोज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सत्यापन का एसडीएम ने लिया औचक जायजा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सरकारी खाद्यान्न की दुकान में अनियमितता की शिकायत को लेकर रविवार को जांच प्रक्रिया की औचक जानकारी लेने एसडीएम अचानक आ धमके। प्राथमिक विद्यालय पर अचानक एसडीएम के पहुंचने से हड़कम्प मच गया। लक्ष्मणपुर विकासखण्ड के लीलापुर गांव की प्रधान प्रिया सिंह ने गांव के सरकारी गल्ले की दुकान में अनियमितता को लेकर एसडीएम से शिकायत की थी। इस पर एसडीएम के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक ने चैदह मार्च को कोटेदार की मौजूदगी में दुकान पर शिकायत की जांच की थी। पूर्ति निरीक्षक ने 122 कार्डधारकों का बयान दर्ज किया था। इस मामले में रविवार को गांव के पंचायत भवन पर पूर्ति निरीक्षक राज यादव की मौजूदगी में बयानों का सत्यापन कराया जा रहा था। अचानक एसडीएम लालगंज उदयभान सिंह भी वहां पहुंचे और सत्यापन कार्यवाही का जायजा लिया। एसडीएम के अचानक पंचायत भवन पहुंचने से हड़कम्प का माहौल भी देखा गया।

# कुश्ती में मेडल जीतने पर बेटी को किया सम्मानित


रजत पदक विजेता बबिता को सम्मानित करते लोग

**प्रतापगढ़।** गोरखपुर में आयोजित अंडर 15 टेस्ट चैंपियनशिप में प्रतापगढ़ की बेटी बबिता ने रजत पदक जीता है। उसकी इस जीत पर खेल प्रमियों ने स्वागत किया है। कुश्ती कोच अंकित तिवारी की देखरेख में बबिता अभ्यास कर रही है। खिलाड़ी ने इस जीत का श्रेय कोच अंकित को दिया है। जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष अरवर खान व संरक्षक अशोक पाल व अपाध्यक्ष आदित्य शुक्ल ने रजत पदक विजेता का सम्मानित किया। इस मौके पर अखिलेश मिश्र, अच्य्युतानंद पांडे, सुशील शुक्ल, गौरव सिंह, जय बहादुर सिंह, राम शर्मा, अश्वनी सिंह, विकास यादव आदि मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

# भारत विश्व का पहला राष्ट्र

**हृदयनारायण दीक्षित**



हिन्दू राष्ट्र सम्प्रति चर्चा में है। भारत विश्व का पहला राष्ट्र है। यूरोप के देशों में 'नेशन' और नेशनैलिटी का जन्म 9वी-10वीं सदी में हुआ। भारत में राष्ट्रभाव का उदय ऋग्वेद के रचनाकाल से भी प्राचीन हो सकता है। ऋग्वेद में 'राष्ट्र' शबद का कई बार उल्लेख हुआ है। राष्ट्र के लिए अंग्रेजी में कोई समानार्थी शब्द नहीं है। राष्ट्र की अवधारणा भिन्न है और नेशन की बिल्कुल भिन्न। राष्ट्र और नेशन एक नहीं हैं। इतिहास के मध्यकाल तक पश्चिम में नेशलिज्म या राष्ट्रवाद जैसा कोई विचार नहीं था।

ऋग्वेद (8.24.27) में मंत्र है कि 'इन्द्र ने सप्तसिन्धुषु में जल प्रवाहित किया।' सप्त सिंधु 7 नदियों के प्रवाह वाला विशेष भूखण्ड है। इसकी पहचान 7 नदियों से होती है। वैदिक साहित्य के विवेचक मैक्डनल और कीथ ने लिखा है कि 'यहां एक सुनिश्चित देश का नाम लिया गया है।' पुसाल्कर ने नदी नामों के आधार पर इस देश की रूपरेखा पर विचार किया है। इसमें अफगानिस्तान, पंजाब, सिंध, राजस्थान, पश्चिमोत्तर सीमांत, कश्मीर और सरयू तक का पूर्वी भारत सम्मिलित हैं। ऋग्वेद के ऋषियों के मन मस्तिष्क में तमाम नदियों वाले इस भूखण्ड के प्रति अतिरिक्त प्रीति थी। वे इसे बार-बार याद करते हैं। नदियों में जल प्रवाह हैं जल के बिना जीवन नहीं। वे एक अन्य मंत्र (1.32.12) में सात नदियों के जल प्रवाह का श्रेय इन्द्र को देते हैं। इन्द्र इन नदियों में जल प्रवाहित करते हैं तो सविता देव कैसे पीछे रह सकते हैं। ऋषि कहते हैं 'सविता ने 7 नदियों को प्रकाश से भर दिया है।' (1.35.8)

सात नदियों की आराधना करने वाले इस भूखण्ड के निवासी सभी राष्ट्र है। मार्क्सवादी चिंतक डॉ0 रामविलास शर्मा ने सही लिखा है 'जिस देश में ऋग्वेद की सात नदियां बहती हैं, वह लगभग वही देश है जिस में जल-प्रलय के बाद, भरत जन के विस्थापित होने के बाद, हड़प्पा सभ्यता का विकास हुआ। यह देश प्राचीन काल का, ऋग्वेद और हड़प्पा के पश्चात काल का भी, बहुत दिनों तक संसार का सबसे बड़ा राष्ट्र था। सरस्वती इसके जनपदों के पारस्परिक संपर्क का साधन थी। हड़प्पा नगरों की राष्ट्रीय एकता उनकी सामान्य वास्तुकला, मुद्राओं आदि की समानता से जानी जाती है। इस राष्ट्रीय एकता की नींव ऋग्वेद के कवियों ने डाली थी। इन कवियों के लिए राष्ट्र केवल भूमि नहीं है, उस पर बसने वाले जन राष्ट्र हैं।' (भारतीय नवजागरण और यूरोप पृष्ठ 87-88) भारत दुनिया का पहला राष्ट्र है। यह अनुभूति ऋग्वेद में है। दुनिया की अर्थशास्त्र की पहली पुस्तक कौटिल्य ने लिखी थी। इसकी तुलना मैक्यावलि की 'प्रिंस' से की जाती है। दुनिया का पहला व्याकरण पाणिनि ने यहीं लिखा। गणित का अविष्कार भारत में हुआ। यह बात एन्साइक्लोपीडिया ब्रिटैनिका में है। संगीत के 7 सुरों की पहचान भारत में हुई। नाट्यशास्त्र पर पहली पुस्तक यहीं भरत मुनि ने लिखी। योग सूत्रों की खोज भी भरत में हुई। चिकित्सा विज्ञान का जन्म और विकास भारत में हुआ। ऋग्वेद में इसके साक्ष्य हैं। ऐसे सभी विषय हम सब को राष्ट्रीय गौरवबोध से भरते हैं।

कुछ विवेचक आर्थिक गतिविधियों व्यापार प्रसार आदि को राष्ट्रभाव के उदय का कारण मानते हैं। आर्थिक सम्बंधों के प्रभाव निस्संदेह सामूहिक जीवन पर भी पड़ते हैं लेकिन एक समान जीवन शैली, रीति प्रीति और संस्कृति के प्रभाव ज्यादा गहन होते हैं। ऋग्वेद के समाज में परस्पर प्रीति से गणों का विकास हुआ। जन और गण मिलकर 'जनगणमन' की एकता प्रकट हुई। यहां राष्ट्र का गठन और विकास जन गण के सामूहिक मन ने किया है। ऋग्वेद में 'विश' सामान्यजन हैं। वे अच्छे शासक की इच्छा करते हैं। शासक से कहते हैं, 'सर्वाः विशः त्वा वांछनु - संपूर्ण समाज आपको चाहता है। (10.173.1) शासक का दायित्व है कि राष्ट्र को हर तरह से अविचल बनाए। इन्द्र, वरूण, अग्नि, वृहस्पति से स्तुति है कि वे राष्ट्र को स्थिर रूप में धारण करें। (10.173.5) हिन्दू भूमि के प्रति ऋग्वैदिक पूर्वजों की आत्मीयता है। इसी भूमि पर गण रहते हैं, गण से बड़े समूह जन रहते हैं। जन अनेक हैं लेकिन 5 जनों की प्रतिष्ठा है। नदियां इन्हें समृद्धि देती हैं। ऋग्वेद में स्तुति है कि 'सबके मन समान हों। समिति समान रहे। सबके मंत्र जीवन सूत्र भी समान हों।' यह अभिलाषा ऋग्वेद के अंतिम मंत्रों में प्रकट हुई है। भारतीय राष्ट्र प्राचीन संस्था है। यह भूमि, जन और संस्कृति की त्रयी का एकात्म रूप है।


राष्ट्र असाधारण संस्था है। राष्ट्र गठन का मूल आधार दीर्घकालिक सांस्कृतिक निरंतरता है। ऋग्वेद में साथ साथ चलने, साथ साथ वातालांप करते हुए आनंदित रहने के संदेश हैं। संस्कृति में सामूहिकता है। साथ-साथ गति है। प्रीति रीति है। संस्कृति से मानव समूह की एकता सुदृढ़ होती है। सामूहिक प्रीति वाले समाज सृजन में भी रस लेते हैं। कृषि आवास आदि कारणों से मन में भूमि के प्रति लगाव पैदा होता है। भूमिजन और उदात्त संस्कृति के सुंदर मिलन से राष्ट्रभाव का जन्म और विकास होता है। हिन्दू राष्ट्रभाव का जन्म इसी दीर्घकालिक प्रक्रिया में हुआ। अथर्ववेद में बताते हैं कि यह विराट स्थिति थी। उसने ऊपर की ओर सोद्क्रमत - अतिक्रमण या विकास किया। गृहस्थ बनीं। (8.10) परिवार पहली संस्था है। आगे कहते हैं कि वह 'आहवनीय' हुई। परस्पर आवाहन से सामूहिकता का विकास हुआ। उसने इस स्थिति का भी अतिक्रमण -सोदक्रामत किया, वह सभा हो गई।ह्व (वही)

सभा विचार विमर्श की प्राथमिक संस्था है। परिवार इसके पहले है। सभा के विचार विमर्श वैदिक कालीन समाज गठन के मुख्य आधार हैं। ऋषि इस बात का ज्ञान जरूरी बताते हैं ह्वजो यह बात जानते हैं, वे सभा के योग्य है - यन्तस्य सभ्यं सभ्यो भवति। वे सभ्य हैं। सभा नाम की इस सामाजिक संस्था ने भी विकास किया। समिति का विकास हुआ। कहते हैं कि जो यह तथ्य तत्व जानते हैं, वे समित्य - सम्मानीय हैं। (वही 10 व 11) भारत में सामाजिक विकास यात्रा का आधार विचार विमर्श है। ऋग्वेद में इस विमर्श का प्राचीन इतिहास है। अथर्ववेद में विकास की अगली स्थिति के साथ सामाजिक विकास की निरंतरता है। सामाजिक विकास में विश्व अखण्ड इकाई नहीं है। यूरोप में सामाजिक विकास की एक मंजिल में घोर अंधकार था। मानवीय मूल्य नहीं थे। यूरोप में पुनर्जागरण हुआ। तब समाज और नेशन जैसी संस्थाओं के विकास की नींव पड़ी। भारत में इसके सहस्त्रों वर्ष पहले सभा, समिति, जन, गण, गण व्यवस्था व राष्ट्र जैसी संस्थाएं हैं।

ऋग्वेद में राष्ट्र है। यजुर्वेद में राष्ट्र की प्रतिष्ठा है। वैदिक ग्रंथों में राष्ट्र के साथ प्रजा द्वारा निर्वाचित, स्वीकृत राजा भी हैं। राजा प्रजा के प्रति उत्तरदायी शपथ से बंधा हुआ है। अथर्ववेद में राष्ट्र के जन्म का इतिहास है। अथर्ववेद (19.41) में कहते हैं कि ऋषियों ने लोककल्याण की कामना की थी - भद्रमिच्छन्तु ऋषयः। ये ऋषि अथर्ववेद के रचनाकाल से प्राचीन है। ये ऋषि ऋग्वेद काल के हो सकते हैं। ऋषियों के चित्त में लोक कल्याण की भावना है। उन्होंने आत्मज्ञान का बोध पाया था। उन्होंने कठोर तप किया। दीक्षा का पालन किया। दीक्षा व्रत, सत्य आदि आचार सूत्रों का ज्ञान है। (वही) बताते हैं कि ऋषियों के तप, दीक्षा और आत्मज्ञान से 'राष्ट्र' का जन्म हुआ - ततो राष्ट्रं बलम् ओजस् जातं अजायत।

**( लेखक उप्र विधानसभा के अध्यक्ष रहे हैं)**


### उत्साह



इस वर्तमान समय में/ किसी के चेहरे में उत्साह दिखता नहीं
न बच्चों में/ न नौजवानों में/ न अधेड़ों में/ न वृद्धों में।
न पंछियों में/ न जानवरों में।
न नदियों में/ न पहाड़ों में/ न जंगलों में/ न समुंदरों में।
धरती अकेले घूम रही है/ सबके मन में/ उत्साह भरने के लिए।

**- सुधीर कुमार सोनी, मोबाइल 98261 74067**

### नवगीत



चल रे मनवा/ व्हाट्सएप पर/ चैटिंग करते हैं
मिलना-जुलना बतियाना भी/ सब कुछ छूट गया
कोई अपना बनकर अपनों/ को ही लूट गया
मरुथल-से होठों पर, चल/ अपनापन धरते हैं
सिमट गई सारी दुनिया / छोटे-से परदे पर
पर, घर-आँगन की मिट्टी/ रहती गुमसुम अक्सर
कोशिश करके उसके मन की/ पीड़ा हरते हैं
चिट्ठी संग खो गए कहीं अब/ वो सुख-दुख 'जी' के
इस तकनीकी युग में रँगकर/ शब्द हुए फीके
पहले जैसा मीठापन, चल/ फिर से भरते हैं

**- योगेन्द्र वर्मा 'व्योम', मोबाइल-9412805981**

# भाजपा की ताकत और कमजोरियां

## राजनीति



**एच.एल. दुसाध**

हाल के दिनों के अखबारों में अमेरिका के जाने-माने शिक्षाविद और वाल स्ट्रीट जर्नल के लेखक वाल्टर रसेल मीड की ओर से जो बयान आया है, निश्चय ही वह विपक्ष को और खौफजदा कर सकता है. मीड के अनुसार 2014 और 2019 के आम चुनाव में सफलता के झंडे गाड़ने वाली भाजपा 2024 में भी सफलता की ओर बढ़ रही है. 70 वर्षीय शिक्षाविद मीड के अनुसार मुस्लिम ब्रदरहुड की तरह भाजपा पश्चिमी उदारवाद के कई विचारों और वरीयताओं को खारिज करती है. चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की तरह भाजपा एक अरब से अधिक लोगों वाले राष्ट्र की अगुआई की उम्मीद करती है. मीड ने भाजपा और संघ के नेताओं और उनके कुछ आलोचकों के साथ कई बैठके करने के अनुभव के आधार पर कहा है कि वह इस बात से सहमत हैं कि अमेरिकियों और अन्य पश्चिमी देशों के लोगों को इस जटिल और सशक्त आन्दोलन को और गहराई से समझना चाहिए. भारत एक जटिल स्थान है और यहाँ अन्य कई पहलू काम कर रहे हैं.

अमेरिका के जाने-माने शिक्षाविद और लेखक के उपरोक्त बयान से पहले से ही खौफजदा भाजपा विरोधियों के शिराओं में चिंता की लकीरें और शिद्दत से दौड़ गयी होंगी, ऐसा मानकर चलना चाहिए. पर, क्या भाजपा सचमुच इतनी ताकतवर हो गयी है जो मीड जैसे विदेशी लेखक को इसके 2024 में फिर से सफलता के झंडे गाड़ने का दावा करने में कोई द्विविधा नहीं हो रही है! मीड के इस दावे को परखने के लिए हमें भाजपा की ताकत और कमजोरियों का नए सिरे से आंकलन करने की जरुरत है. इस क्रम में सबसे पहले उसकी शक्ति के स्त्रोतों को सटीक जानकारी जरुरी है. अब जहाँ तक भाजपा की शक्ति के स्त्रोतों का प्रश्न है, हरि अनंत हरि कथा अनंता की तरह इसकी शक्ति के स्त्रोतों का भी अंत पाना आसान नहीं है। बहरहाल 1925 की विजयादशमी के दिन आधुनिक भारत के सर्वाधिक दूरदर्शी ब्राह्मण डॉ.केशवराव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ही भाजपा की शक्ति का प्रमुख स्त्रोत है, इस बात से शायद ही किसी की असहमति हो. अपने किस्म के विश्व के इकलौते संगठन आरएसएस के भारतीय मजदूर संघ,सेवा भारती,राष्ट्रीय सेविका समिति, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद,विश्व हिन्दू परिषद,स्वदेशी जागरण मंच,सरस्वती शिशु मंदिर,विद्या भारती,वनवासी कल्याण आश्रम,मुस्लिम राष्ट्रीय मंच,बजरंग दल,अनुसूचित जाति आरक्षण बचाओ परिषद ,लघु उद्योग भारती, भारतीय विचार केंद्र, विश्व संवाद केंद्र, राष्ट्रीय सिख संगठन, विवेकानंद केंद्र और खुद भारतीय जनता पार्टी सहित दो दर्जन से अधिक आनुषांगिक संगठन हैं, जिनके साथ 28 हजार,500 विद्यामंदिर,2 लाख 80 हजार आचार्य, 48 लाख,59 हजार छात्र, 83 लाख,18 हजार 348 मजदूर, 595 प्रकाशन सदस्य, 1 लाख पूर्व सैनिक, 6 लाख,85 हजार वीएचपी-बजरंग दल के सदस्य जुड़े हुए है.यही नहीं इसके साथ बेहद समर्पित व इमानदार प्रायः 4 हजार पूर्णकालिक कार्यकर्त्ता हैं,जो देश भर में फैले लगभग 57 हजार से अधिक शाखाओं में कार्यरत लगभग 56 लाख स्वयंसेवकों के साथ मिलकर इसके राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी को बल प्रदान करते हैं. दुनिया के सबसे ताकतवर इसी संघ की स्थापना के प्रायः 75 साल बाद उसके राजनीतिक प्रकोष्ठ भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार में महान स्वयंसेवी अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने .आज उसी संघ से निकले नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा अप्रतिरोध्य बनकर उभरी है. कहा जा सकता है कि संघ के राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने में ही आज भाजपा जुटी हुई है.

संघ के बाद भाजपा के दूसरे प्रमुख शक्ति के स्रोत में नजर आते हैं,वे साधु- संत जिनका चरण-रज लेकर देश के कई पीएम-सीएम और राष्ट्रपति-राज्यपाल खुद को धन्य महसूस करते रहे हैं. संघ के दूरगामी लक्ष्य को ध्यान में रखकर सितम्बर,1990 में भाजपा के आडवाणी ने जो रामजन्मभूमि मुक्ति आन्दोलन छेड़ा,उसे तुंग पर पहुचाने में साधु -संतों ने ऐतिहासिक योगदान दिया.चूँकि संघ का लक्ष्य अपने राजनीतिक संगठन के जरिये ब्राह्मणों के नेतृत्व में सवर्ण-हित का पोषण करना रहा है और साधु -संत सवर्ण, प्रधानतः ब्राह्मण समुदाय से आते हैं, इसलिए जब-जब भाजपा पर संकट आता है ये साधु-संत भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में मुस्तैद हो जाते हैं. अगर साधु-संतों के प्रबल समर्थन से भाजपा पुष्ट नहीं होती,अप्रतिरोध्य बनना शायद उसके लिए दुष्कर होता. 2024 के लिए भाजपा नेतृत्व जरुर उनसे नयी भूमिका की उम्मीद कर रहा होगा. शक्ति के स्रोत के रूप में तीसरे नंबर पर मीडिया(प्रिंट-इलेक्ट्रॉनिक्स) को चिन्हित किये जाने से भी शायद कम ही लोगों को आपत्ति होगी.मंडल के जरिये पिछड़ों को मिले आरक्षण से आम सवर्णों की भांति सवर्णवादी-मीडिया को भी भारी आघात लगा था.फलतः आडवाणी ने मंदिर आन्दोलन के जरिये संघ का राजनीतिक लक्ष्य साधने के लिए सितम्बर, 1990 से जो उपक्रम चलाया, उसमें मीडिया ने कदमताल करने का जो सिलसिला शुरू किया, उसमें आजतक कोई कमी नहीं आई है. बल्कि आज की तारीख में तो मीडिया प्रायः मोदीमय हो चुकी है. आज मुख्यधारा के प्रायः 80-90 प्रतिशत लेखक भाजपा के पक्ष में कलम चला रहे हैं!

शुरू से ही भाजपा की पहचान मुख्यतः ब्राहमण-क्षत्रिय झ बनियों की पार्टी के रूप में रही है. इनमें बनिया कौन!भारत का धनपति वर्ग ही तो! भाजपा से बनियों के लगाव में आज भी रत्ती भर कमी नहीं आई है.ऐसे में कहा जा सकता है कि आज की तारीख में भारतीय पूंजीपति वर्ग से प्रायः 90 प्रतिशत उपकृत होने वाली राजनीतिक पार्टी भाजपा ही है.वैश्य वर्ग के इस उपकार कारण ही वह अडानी-अम्बानी- नीरव झ ललित मोदियों का आर्थिक साम्राज्य अक्षत रखने में जुटी हुई है, ऐसा विपक्ष का कहना है. सिर्फ साधु - संत, लेखक-पत्रकार और पूंजीपति ही नहीं, खेल-कूद,फिल्म-टीवी जगत के प्रायः 90 प्रतिशत सेलेब्रिटी भाजपा के साथ ही हैं. भाजपा की शक्ति का एक बड़ा स्रोत सवर्ण मतदाता हैं,जिनका प्रायः 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा इसी के साथ है. और रहे भी क्यों नहीं, संघ के इसी चहेते वर्ग को और शक्तिसंपन्न करने के लिए तो भाजपा देश बेचने जैसे काम में सर्वशक्ति से जुटी है. भाजपा के शक्ति के स्त्रोतों की तलाश में निकलने पर कोई भी उसके प्रवक्ताओं को नजरंदाज नहीं कर सकता.गोएबल्स सिद्धांत में निपुण संघ द्वारा प्रशिक्षित भाजपा के प्रवक्ता इतने कुशल होते हैं कि लोग उन्हें मुग्धभाव से सुनने के लिए बाध्य हो जाते हैं.इनके समक्ष विपक्षी प्रवक्ता करुणा पात्र लगते हैं.

लेकिन भाजपा की शक्ति के स्रोत के रूप में देश-विदेश का कोई भी व्यक्ति जिसकी अनदेखी नहीं कर सकता, उसका नाम है नरेंद्र मोदी! मोदी संघ से निकले ऐसे दुर्लभ रत्न हैं,जिन्हें अद्वितीय कहना कहीं से भी ज्यादती नहीं होगी.आज राहुल गांधी को अपवाद मान लिया जाय देश में 1-5 तक कोई नेता है तो मोदी ही हैं:बाकी की गिनती छठवें वे नंबर से शुरू होती है.विदेशियों द्वारा राजनीति के रॉकस्टार के रूप में चिन्हित मोदी ने अपने नेतृत्व कौशल से भाजपा के शक्ति के स्त्रोतों को वांछित दिशा में निर्देशित करते हुए एक सैलाब में तब्दील कर दिया है. अपने योग्यतम नेतृत्व में जिस तरह मोदी संघ-भाजपा के लाखों कार्यकताओं को उत्तेजित, उत्प्रेरित एवं समन्वित करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में अग्रसर कर रहे हैं,उससे उनके चमत्कारी नेतृत्व में भाजपा डेढ़ दर्जन से अधिक राज्यों की सत्ता में है और इसके आज की तारीख में 1400 से अधिक विधायक तथा राज्यसभा व लोकसभा मिलाकर 400 के करीब सांसद हैं. शायद मोदी के नेतृत्व में भाजपा की यह ताकत देखते हुए ही जहां मीड 2024 में भाजपा के झंडे गाड़ने के प्रति आशावादी हैं,वहीं विपक्ष मान-अभिमान की तिलांजलि देकर एकजुट होने की तैयारी कर रहा है.

बहरहाल भाजपा का हाथी समान विशाल रूप देखते हुए अधिकांश लोग मानेगे कि मीड का दावा सही हो सकता हैं. पर, उसके शक्ति के स्त्रोतों के विपरीत अगर उसकी कमजोरियों का ठीक से आंकलन किया जाय तो पता चलेगा कि आज की तारीख में भाजपा को हराने जैसा आसान पॉलिटिकल टास्क कुछ हो ही नहीं सकता!

जिस मोदी के नेतृत्व में भाजपा अप्रतिरोध्य बनी है, उस मोदी ने सवर्णहित साधने के जुनून में बहुजन- हित की इतनी अनदेखी कर दी हैं, जिसका विपक्ष द्वारा कायदे से सद्व्यवहार करने पर भाजपा बहुत ही आसानी से सत्ता से आउट हो सकती हैं. मोदी ने विगत आठ वर्षों में मंदिर आन्दोलन के सहारे मिली सत्ता का अधिकतम इस्तेमाल आरक्षण के खात्मे तथा बहुसंख्य लोगों की खुशिया छीनने में किया है.इसके के तहत ही मोदी राज में श्रम कानूनों को निरंतर कमजोर करने के साथ ही नियमित मजदूरों की जगह ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा देकर, शक्तिहीन बहुजनों को शोषण-वंचना के दलदल में फंसानें का काम जोर-शोर से हुआ. जो आरक्षण दलित- बहुजनों की उन्नति और प्रगति का प्रधान आधार है उससे उनको महरूम करने के लिए ही एयर इंडिया, रेलवे स्टेशनों और हास्पिटलों इत्यादि को निजीक्षेत्र में देने की शुरूआत हुई और आज अग्निवीर जैसी योजनाओं की झड़ी लग गयी है .कुल मिलाकर जो सरकारी नौकरियां वंचित वर्गों के धनार्जन का प्रधान आधार थीं, मोदीराज में उसके स्रोत आरक्षण को कागजों की शोभा बनाने का काम लगभग पूरा कर लिया गया है.

राव की नवउदारवादी नीतियों को हथियार बनाकर जिस तरह मोदी वर्ग संघर्ष का इकतरफा खेल खेलते हुए शक्ति के समस्त स्त्रोत जन्मजात सुविधाभोगी वर्गः सवर्णों के हाथ में सौपने तथा बहुजनों को गुलाम बनाने की दिशा में आगे बढे हैं , उसके फलस्वरूप आज की तारीख में दुनिया के किसी भी देश में भारत के परम्परागत सुविधाभोगी वर्ग जैसा शक्ति के स्त्रोतों पर औसतन 80-90 प्रतिशत कब्जा नहीं है. इसके फलस्वरूप बहुजनों में उस सापेक्षिक वंचना के तुंग पर पहुचने लायक पैदा होने के हालात पैदा हो चुके हैं, जो सापेक्षिक वंचना क्रांति की आग में घी का काम करती है. आज सापेक्षिक वंचना के तुंग पर पहुचने लायक जैसे हालात मोदी राज में पैदा हुए हैं, वैसे हालात न तो फ्रांसीसी क्रांति में रहे और न ही जारशाही के खिलाफ उठी वोल्सेविक क्रांति में!

बहरहाल जिस आरक्षण के खात्मे के जरिये मोदी ने विश्व की विशालतम वंचित आबादी को सवर्णहित में गुलामों की स्थिति में पहुचाया है, उस वंचित बहुजन समाज के मुक्ति के लिए यदि विपक्ष ,खासकर बहुजनवादी दल यह घोषणा करे कि वे 2024 सत्ता में आने पर मोदी सरकार द्वारा गुलामों की स्थिति में पहुचाये गए बहुजनो को सेना, पुलिस बल व न्यायालयों सहित सरकारी और निजीक्षेत्र की सभी स्तर की,सभी प्रकार की नौकरियों; पौरोहित्य,डीलरशिप; सप्लाई, सड़क-भवन निर्माण इत्यादि के ठेकों, पार्किंग, परिवहन; शिक्षण संस्थानों, विज्ञापन व एनजीओ को बंटने वाली राशि, ग्राम-पंचायत,शहरी निकाय, संसद-विधानसभा की सीटों; राज्य एवं केन्द्र की कैबिनेट;विभिन्न मंत्रालयों के कार्यालयों; विधान परिषद-राज्यसभा; राष्ट्रपति, राज्यपाल एवं प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कार्यालयों इत्यादि के कार्यबल में संख्यानुपात में आरक्षण देंगे, मोदी बुरी तरह हार जायेंगे. इसके साथ यदि घोषणा कर दें कि शक्ति के स्त्रोतों पर 70-80% कब्जा जमायें 7.5% आबादी वाले सवर्ण पुरुषों को अवसरों और संसाधनों के बंटवारे में उनके संख्यानुपात पर रोककर उनके हिस्से का 60-70% अतिरिक्त(सरप्लस) अवसर मोदी द्वारा गुलामों की स्थिति में पहुचाये गए जन्मजात वंचित वर्गों के मध्य वितरित करेंगे, तब पता चलेगा कि भाजपा को हराने जैसे आसान पॉलिटिकल टास्क कुछ हो ही नहीं सकता!

**(लेखक बहुजन डाइवर्सिटी मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं. संपर्कः 9654816191)**

**अगर साधु-संतों के प्रबल समर्थन से भाजपा पुष्ट नहीं होती, अप्रतिरोध्य बनना शायद उसके लिए दुष्कर होता. 2024 के लिए भाजपा नेतृत्व जरुर उनसे नयी भूमिका की उम्मीद कर रहा होगा. शक्ति के स्रोत के रूप में तीसरे नंबर पर मीडिया (प्रिंट-इलेक्ट्रॉनिक्स) को चिन्हित किये जाने से भी शायद कम ही लोगों को आपत्ति होगी.मंडल के जरिये पिछड़ों को मिले आरक्षण से आम सवर्णों की भांति सवर्णवादी-मीडिया को भी भारी आघात लगा था.**

# दक्षिण के द्वार पर 2024 का सेमीफाइनल

## प्रसंगवश




**अरविंद जयतिलक**

224 सीट वाली कर्नाटक विधानसभा चुनाव का एलान हो गया है। चुनाव आयोग ने 10 मई को मतदान और 13 मई को नतीजे की तिथि तय की है। दक्षिण के द्वार पर लड़ा जाने वाला यह चुनाव 2024 के आमचुनाव से पहले सत्ता का सेमीफाइनल कहा जा रहा है। इस सियासी कुरुक्षेत्र के मुख्य प्रतिद्वंदी भाजपा और कांग्रेस हैं लेकिन इसके नतीजे देश की सियासत को नई दिशा देंगे। यह चुनाव परिणाम न सिर्फ भाजपा और कांग्रेस के लिए लिटमस टेस्ट होगा बल्कि क्षेत्रीय दलों की आगामी राजनीतिक गोलबंदी और भविष्य की दिशा भी तय करेगा। अगर कांग्रेस जीतती है तो बेशक विपक्षी दल उसके साथ कंधा जोड़ने को आतुर दिखेंगे। लेकिन कहीं भाजपा ने बाजी मार ली तो न सिर्फ कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ेगी बल्कि विपक्षी एकता का दिवास्वप्न भी चकनाचूर होगा। यह चुनाव ऐसे समय में हो रहा है जब देश की सियासत दोराहे पर है। सत्ता पक्ष के लिए दक्षिण के द्वार पर अपनी स्वीकार्यता बरकरार रखने की चुनौती है वहीं कांग्रेस के लिए करो-मरो की स्थिति है। बहरहाल राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने के बाद कांग्रेस को उम्मीद है कि वह सहानुभूति के लहर पर सवार होकर भाजपा को पटकनी देने में कामयाब होगी। प्रियंका गांधी ने आह्वान किया है कि कर्नाटक की जीत से भाजपा को जवाब दिया जाए। कांग्रेस कड़े तेवर से अडानी, महंगाई, बेरोजगारी और देश की सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों को उठाकर भाजपा कीघेराबंदी कर रही है। उधर, विपक्षी दल भी कांग्रेस के साथ सुर मिलाते हुए भाजपा के प्रति आक्रामक हैं। मौजूं सवाल यह है कि कर्नाटक के रण का परिणाम क्या होगा? भाजपा, कांग्रेस और क्षेत्रीय दल जेडीएस की कितनी बड़ी तैयारी है? क्या यह चुनाव देश की सियासत को प्रभावित करेगा?ढ़ेरों ऐसे सवाल हैं जो भविष्य के गर्भ में है। फिलहाल कांग्रेस की बात करें तो दक्षिण के अन्य राज्यों की अपेक्षा यहां उसकी स्थिति मजबूत है। बूथ स्तर पर उसके कार्यकर्ता सक्रिय हैं और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इसी राज्य से आते हैं। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी को खूब समर्थन मिला। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह समर्थन वोट में तब्दील हो पाएगा? क्या कांग्रेस बोम्मई शासन से नाराज लोगों को एकजुट करने में कामयाब हो पाएगी? यह सवाल इसलिए कि कर्नाटक के रण में एक तीसरा खिलाड़ी पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा और उनके पुत्र कुमारस्वामी की पार्टी जेडीएस भी है। यह पार्टी भी वसवराज सरकार से नाराज वोटों पर नजर गड़ाए हुए है। फिलहाल जेडीएस ने चुनावी रण में एकला चलो का फैसला लिया है। ऐसे में माना जा रहा है कि भाजपा के खिलाफ वोटों का बंटवारा होना तय है। गौर करें तो वोटों के कुछ फिसदी फिसलन से जीत-हार का फासला बहुत बड़ा हो जाता है। अगर जेडीएस 2018 विधानसभा चुनाव में प्राप्त कुल 18.3 फीसदी वोटों को हासिल करने में कामयाब हो जाती है तो फिर कांग्रेस के लिए चुनौती बढ़नी तय है। जेडीएस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में 37 सीटें जीतकर सत्ता का भोग लगाने में कामयाब रही। इस बार भी उसकी कोशिश किंगमेकर बनने की है। हालांकि जेडीएस की स्वीकार्यता संपूर्ण राज्य में नहीं है लेकिन तकरीबन एक दर्जन जिलों में उसकी अच्छी पकड़ है। जेडीएस जितना मजबूती से लड़ेगी कांग्रेस को उतना ही अधिक नुकसान होगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 78 सीट जीतने में कामयाब रही। उसे कुल 38.14 फीसदी वोट हासिल हुआ। वह भाजपा से तकरीबन दो फीसदी अधिक वोट हासिल की लेकिन उस अनुपात में सीटें नहीं जीती। जबकि भाजपा को कांग्रेस से दो फीसदी कम यानी 36.35 फीसदी वोट मिला लेकिन वह 104 सीटें जीतने में कामयाब रही। हालांकि भाजपा को सरकार बनाने लायक बहुमत नहीं मिला लिहाजा वह सत्ता से बाहर हो गयी। उधर, कांग्रेस और जेडीएस दोनों मिलकर सरकार बनाने में कामयाब रहे। लेकिन तालमेल के अभाव में यह सरकार 14 महीने में ही धाराशायी हो गयी। कांग्रेस और जेडीएस ने एकदूसरे पर गंभीर आरोप लगाए। इसका फायदा भाजपा को मिला। वह कांग्रेस के विधायकों को तोड़कर बीएस येदुरप्पा के सिर पर ताज रख दिया। हालांकि दो वर्ष बाद बीएस येदुरप्पा को भी अपना सिंहासन छोड़ना पड़ा और वसवराज बोम्मई भाजपा के नए सरताज बने। मौजूदा चुनाव उन्हीं के नेतृत्व में लड़ा जा रहा है। वसवराज बोम्मई लिंगायत समुदाय से आते हैं जिसकी आबादी राज्य में 21 फीसदी है। कहा जाता है कि जिस राजनीतिक दल को लिंगायत का समर्थन हासिल होता है वहीं सत्ता का वरण करता है। लिंगायत समुदाय उत्तरी कर्नाटक की प्रभावशाली जातियों में शुमार है। कर्नाटक की सत्ता जिन दो महत्वपूर्ण जातियों के हाथ में रहती है वे हैं-लिंगायत और वोक्कालिंगा। कर्नाटक में सर्वाधिक मुख्यमंत्री इन्हीं समुदायों के रहे हैं। जेडीएस नेता देवगौड़ा वोक्कालिंगा समुदाय से आते हैं। राज्य में इस समुदाय की आबादी तकरीबन 18 फीसदी है और ये राज्य के दक्षिणी हिस्से में ज्यादा है। यहीं वजह है कि भाजपा और कांग्रेस के मुकाबले दक्षिण में जेडीएस ताकतवर है। इस बार भी इस दक्षिणी हिस्से में जेडीएस और कांग्रेस के बीच ही मुख्य मुकाबला होगा। भाजपा का वोक्कालिंगा समुदाय के बीच अभी गहरी पैठ नहीं है। लेकिन लोकसभा चुनाव में वोक्कालिंगा समुदाय का वोट भाजपा को भरपूर मिलता है। विधानसभा के मुकाबले लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट प्रतिशत बढ़ जाता है। 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा इस राज्य में 51.78 फीसदी वोट हासिल करने के साथ लोकसभा की कुल 28 में से 25 सीटें जीतने में कामयाब रही। यानी देखें तो विधानसभा चुनाव के मुकाबले लोकसभा में उसे 15 फीसदी ज्यादा वोट मिला। इसका तात्पर्य यह हुआ कि कर्नाटक में प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी सर्वाधिक लोकप्रिय और पहली पसंद हैं। अगर कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन करती है तो भी 2024 के आमचुनाव में राहुल गांधी और विपक्ष के लिए प्रधानमंत्री मोदी के बराबर टिकना आसान नहीं होगा। कर्नाटक में लिंगायत और वोक्कालिंगा के अलावा दलित और मुस्लिम वोट भी जीत-हार के बड़े फैक्टर है। यहां दलित 20 और मुस्लिम 17 फीसदी हैं। राज्य में 20 फीसदी जनसंख्या अन्य पिछड़ा वर्ग की है। भाजपा और कांग्रेस की दलितों पर बराबर की पकड़ है। राज्य विधानसभा में दलितों के लिए कुल 51 सीटें आरक्षित हैं। इनमें 36 अनुसूचित जाति के लिए और 15 अनुसूचित जनजाति के लिए है। 2018 के विधानसभा चुनाव के नतीजों पर गौर करें तो आरक्षित 51 सीटों में से भाजपा व कांग्रेस दोनों 20-20 सीटें जीतने में कामयाब रही। भाजपा को दलितों का 40 फीसदी और कांग्रेस को 37 फीसदी वोट हासिल हुआ। आदिवासियों के बीच कांग्रेस के मुकाबले भाजपा की स्वीकार्यता ज्यादा रही। भाजपा को आदिवासियों का 44 फीसदी और कांग्रेस को 29 फीसदी वोट मिला। वसवराज की सरकार ने दलित आरक्षण को 15 फीसदी से बढ़ाकर 17 फीसदी कर दिया है। इससे दलित खुश हैं। कांग्रेस का फोकस दलित वोटों के साथ मुस्लिम मतों पर है। दक्षिण भारत में केरल के बाद दूसरा सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाला राज्य कर्नाटक है। यहां मुस्लिमों की आबादी तकरीबन 17 फीसदी है। दक्षिण कन्नड़, धारवाड़, गुलबर्गा वो इलाके हैं जहां मुसलमानों की आबादी 20 फीसदी से ज्यादा है। तकरीबन 60 सीटों पर मुस्लिम वोटरों का जबरदस्त प्रभाव है। कांग्रेस की कोशिश दलित, मुस्लिम एवं अन्य पिछड़े वर्ग की लामबंदी के जरिए सत्ता तक पहुंचना है। उधर, जेडीएस की भी नजर मुस्लिम मतों पर है। 2018 के विधानसभा चुनाव में वह मुस्लिम मतों के दम पर ही 37 सीटें जीतने में कामयाब रही। अगर मुस्लिम मतों का विभाजन कांग्रेस और जेडीएस के बीच होता है तो उसका सीधा फायदा भाजपा को मिलेगा। इस चुनाव में बसपा और आम आदमी पार्टी भी किस्मत आजमाने जा रही है। ये दोनों पार्टियां भले ही अपना असर न दिखाएं लेकिन भाजपा के खिलाफ वोटों के बंटवारे का सबब जरुर बनेंगी। देखना दिलचस्प होगा कि दक्षिण के द्वार पर किसका परचम फहरता है।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं। )**

## व्यंग्य



# शेर का शिकार और गीदड़ को छीछड़े

**श्रवण कुमार उर्मलिया**

ईश्वर ने इस सृष्टि में भिन्न-भिन्न चौपाये प्राणियों को सिर्फ बनाया ही नहीं है बल्कि उनके भरण-पोषण का भी पूरा प्रबंध कर रखा है। जहां एक ओर अधिकतर प्राणी अपने लिए खुद भोजन जुटाने में सक्षम होते हैं वहीं कुछ प्राणी ऐसे होते हैं जो अपने भोजन-पानी के लिए अपने से ज्यादा शक्तिशाली जानवरों पर निर्भर होते हैं। जिनमें से सबसे निकृष्ट प्राणी होता है गीदड़ जो हमेशा इस ताक मे रहता है कि कब शेर कोई शिकार करे और उसे छीछड़े मिलें। शेर भी इतना दरियादिल होता है कि वह अपने शिकार की मलाई खुद चट कर जाता है और बचे-खुचे छीछड़े गीदड़ के लिए छोड़ देता है। यही कारण है कि गीदड़ चारण-भाटों की तरह हमेशा शेरों के आसपास ही मंडराते रहते हैं और उनके सम्मान में वाह-वाह करते रहते हैं।

गीदड़ों को शेर हमेशा दुत्कारते रहते हैं- 'ससुरे मुफ्तखोरो, क्यों हमारे आगे-पीछे पछियाते रहते हो बे कंगालो, भिखमंगो ? तुम सब कितने बेशर्म हो बे ?' पर गीदड़ कभी भी शेरों की दुत्कार का बुरा नहीं मानते हैं। शेर उनके अन्नदाता हैं। वैसे भी पेट की भूख अच्छे अच्छों को विनम्र बना देती है। गीदड़ों को भूख लगती है तो वे शेरों का स्तुतिगान कर उन्हें उकसाते रहते हैं, 'हुजूर, बहुत दिनों से आप लोगों ने कुछ खाया-पिया नहीं है इसलिये कुछ कमजोर लग रहे हैं। कहीं ऐसा न हो कि आप लोग शिकार करना ही भूल जाएं। आपकी इस लापरवाही से आपके शिकार निर्द्वन्द्व होने लगे हैं। उनके मन से आपका खौफ दूर होता जा रहा है।' सुनकर शेर जोश में आ जाते हैं और शिकार पर झपट्टा मारने लगते हैं।

इंसानों ने भी गीदड़ों से बहुत कुछ सीखा है। बल्कि कुछ तो इंसानी नस्ल में भी पैदायशी गीदड़ होते पाए गए हैं। हमारे प्रिय लेखक जुगाडू लाल भी इंसानों में गीदड़ की नस्ल के रूप में शोभायमान हैं। अब तक एक लेखक के रूप मे ये अपनी प्रतिभा को भुनाते रहे हैं पर अब प्रकाशक इनकी अस्त होती प्रतिभा का नोटिस लेने लगे हैं। अब इन्हें कोई प्रकाशक भाव नहीं देता है तो ये छटपटाते रहते हैं और कुछ न कुछ जुगत भिड़ाते रहते हैं। इधर इन्होंने 'चार पुस्तकें शेर की, एक पुस्तक गीदड़ की' नामक अभूतपूर्व सुविधाजनक स्कीम ईजाद की है। वास्तव में इसे 'गीदड़ के संपादन में शेरों की पुस्तकें' नामक स्कीम भी कहा जा सकता है।

जुगाडू लाल नामक गीदड़ चार-पांच बड़े लेखक रूपी शेरों की स्तुति कर कहते हैं, 'हुजूर, साहित्य आपकी नवीन कृतियों के बिना सूना है। जिस तरह शेरों को अपना शिकार करते रहना चाहिए, उसी तरह लेखक शेरों को भी छपते रहना चाहिए। आप अवश्य चाहेंगे कि आने वाला पुस्तक मेला आपकी पुस्तकों से सज्जित हो और पाठक लाभ उठाएं। इसलिये आप मुझ अकिंचन को यह अधिकार दें कि मैं आपकी रचनाओं के संकलन और संपादन का सौभाग्य प्राप्त करूं ?' कौन लेखक नहीं चाहेगा कि उसकी पुस्तक छपे। लेखकों की अनुमति मिलने के बाद जुगाडू लाल नये प्रकाशकों को साधता है, 'जैसे ही इन महान लेखकों की किताबें आपके प्रकाशन संस्थान से छपेंगी, आपका प्रकाशन ऊर्ध्वगमन कर जाएगा। इन महान लेखकों की किताबें छापने के लिए प्रकाशकों में होड़ लगी है। और मुझे तो आप जानते ही हैं ? मैंने बड़ी-बड़ी पुस्तकों का संपादन किया है।'

प्रकाशक के झांसे में आने के बाद चार शेरों की किताबें तैयार करने के बाद जुगाडू लाल धीरे से अपनी एक किताब भी प्रकाशक की ओर सरका देते हैं। प्रकाशक पूछता है, 'भाई, चार के साथ यह आपकी किताब क्यों ? आप तो संपादक हैं न ?' जुगाडू लाल बेशर्मी से कह देते हैं, 'लेकिन मैं इंसानों में गीदड़ भी तो हूँ। मुझे भी तो छीछड़े मिलने चाहिए कि नहीं ? मैं बेवकूफ हूँ जो आपके प्रकाशन के लिए इतनी मेहनत कर रहा हूँ।'

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9868549036)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# फायर करने के आरोप में दो को पुलिस ने भेजा जेल

**कार्रवाई**

### पानी न देने के विवाद में की गई थी फायरिंग

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** विन्ध्याचल क्षेत्रान्तर्गत अष्टभुजा पहाड़ी पर युवक पर जानलेवा हमला करने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर कब्जे से घटना में प्रयुक्त रायफल मय कारतूस तथा वाहन बरामद किया। थाना विन्ध्याचल मीरजापुर पर रविवार को वादी फैलन बिन्द पुत्र स्व0 दुखाराम बिन्द निवासी अष्टभुजा, थाना विन्ध्याचल मीरजापुर द्वारा 02 नामजद आरोपियों के विरूद्ध वादी की फूलमाला/ प्रसाद की दुकान पर पानी मांगने की बात को लेकर हुए विवाद में आरोपियों द्वारा वादी को जान से मारने की नियत से रायफल से फायर करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी।

उक्त तहरीर के आधार पर तत्काल थाना विन्ध्याचल पर धारा 307,504, 506 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी एवं असलहे की बरामदगी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक विन्ध्याचल को निर्देश दिया गया। उक्त निर्देश के अनुक्रम में क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए रविवार को उ0नि0 अजय कुमार मिश्र चौकी प्रभारी अष्टभुजा मय पुलिस टीम द्वारा घटना से सम्बन्धित नामजद दो आरोपियों रमाशंकर राय पुत्र देवदत्त राय निवासी दहाउ पोस्ट पहलेजा डेहरी, थाना मुसफिल जिला रोहतास बिहार व सुरेन्द्र सिंह पुत्र इन्द्रपाल सिंह निवासी नानदीन कूर्नियान थाना राजापुर चित्रकूट को थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 रायफल, 02 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस तथा 01 सफारी वाहन बरामद कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।



फायर करने के आरोप में पकड़े गये दो बिहारी

## दुकानदार से मारपीट व सामानों की तोड़फोड़ के छह आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** जनपद के सेफ्टन मिल के पास बीते एक अप्रैल को हुई मारपीट में वादी शिव कुमार जायसवाल पुत्र रामचन्द्र जायसवाल निवासी सेप्टनमिल चौराहा थाना कोतवाली कटरा द्वारा रिक्शा चालक व अन्य अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध एक राय होकर वादी के दुकान में घुसकर सामानों की तोड़-फोड़ करते हुए मारपीट, गाली-गलौज व धमकी देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी थी। जिसके क्रम में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी थी। क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना कोतवाली कटरा पुलिस व एसओजी की सयुक्त टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए रविवार को साक्ष्यों के आधार पर घटना से सम्बन्धित छः आरोपियों अजय सोनकर पुत्र तेजईव, अनिल सोनकर पुत्र राजेन्द्र सोनकर, विकास सोनकर पुत्र तेजू सोनकर निवासी काजी तालाब थाना कोतवाली कटरा छोटू सोनकर पुत्र कुल्लुर सोनकर निवासी बैरहवा थाना कोतवाली कटरा, सोनू यादव पुत्र कान्ता यादव निवासी ककरहवा नई बस्ती थाना कोतवाली कटरा, राहुल सोनकर पुत्र पप्पू सोनकर निवासी शीतलामाता मन्दिर बथुआ थाना कोतवाली कटरा को थाना कोतवाली कटरा क्षेत्र से गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएसआई अरविन्द कुमार सरोज चौकी प्रभारी मण्डीसमिति थाना कटरा मय टीम व निरीक्षक माधव सिंह प्रभारी एसओजी मय पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे।



दुकानदार से मारपीट के पकड़े गये आरोपी

## पेड़ से बांधकर पिटा फिर प्रेमी को सौंप दी पत्नी

**होगी कानूनी कार्रवाई**

### वायरल हो रहे वीडियो का पुलिस ने लिया संज्ञान

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के सिरसी गहरवार गांव में विवाहिता प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी की जमकर पिटाई कर दी गई। पिटाई के दौरान कोई बाल पकड़कर खींच रहा था तो कोई लकड़ी से पीट रहा था। पेड़ से बंधा लाचार प्रेमी लटकता जा रहा था। जिसे बाल खींचकर खड़ा करने के बाद पीटा गया। इस दौरान प्रेमी चीख रहा था तो मौजूद लोग ठहाका लगाते दिखाई दिए। सीओ सदर शैलेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि पेड़ से बांधकर पिटाई का वायरल हो रहा वीडियो संज्ञान में आया है। जो देहात कोतवाली इलाके के सिरसी गहरवार गाँव का बताया गया है। जिसकी जांच की जा रही हैं, जांच रिपोर्ट आने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बताया गया कि कुछ दिन पूर्व गांव के पास का ही प्रेमी अपनी शादीशुदा प्रेमिका से मिलने सिरसी गहरवार गांव में मिलने पहुंचा था। घर में घुसे प्रेमी के साथ पत्नी को पति ने देख लिया। लोगों के सहयोग से प्रेमी को पकड़ कर पेड़ से बांध दिया गया। इसके बाद जो पहुंचता आशिक की पिटाई करने लगता। करीब दो घंटे तक यह माजरा चला। पीट पीटकर विवाहिता के साथ सम्बन्ध की जानकारी ली गई। पत्नी के आशिक की पिटाई से मर्माहत पत्नी के बीच बचाव को देख पति ने पत्नी को साथ रखने से इंकार कर दिया। पति के तेवर देख विवाहिता ने भी पति को छोड़कर प्रेमी के साथ रहने का ऐलान कर दिया। मामला देहात कोतवाली पहुंचा, पति, पत्नी और प्रेमी तीनों पक्ष ने आपसी रजामन्दी की। पति पत्नी ने एक दूसरे को छोड़ने का लिखित बयानहलफी दिया। इसी के साथ विवाहिता प्रेमिका ने भी प्रेमी के साथ रहने की बात कही। जिस पर तीनों पक्ष एक ही बिरादरी के होने के साथ ही राजी होने पर मामला सलट गया। अब पिटाई का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। सीओ सदर शैलेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### तीन वर्षीय पुत्र को छोड़ कर प्रेमी के संग फरार हुई विवाहिता

**राजगढ़।** प्रेम प्रसंग में फंसकर एक विवाहिता अपने तीन वर्षीय पुत्र को छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हो गई। इस संबंध में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने प्रेमी व विवाहिता की खोजबीन कर राजगढ़ थाना बुलाया। जहां दोनो पक्षों की रजामंदी से सुलह समझौता के बाद विवाहिता ने अपने तीन वर्षीय लड़के को उसके पिता को सौंप कर अपने प्रेमी के साथ उसके घर चली गई। युवती की शादी लगभग 3 वर्ष पहले फिरोजाबाद में हुआ था। युवती बीच-बीच में अपने मायके आती थी, इसी दौरान पड़ोस के गांव के एक युवक से उसका प्रेम हो गया। कुछ दिनों पहले विवाहिता अपने मायके आई हुई थी। मौका देखकर अपने 3 वर्षीय पुत्र को छोड़ प्रेमी के साथ फरार हो गई। विवाहिता के मायके वालों ने इसकी सूचना उसके ससुराल वालों को दिया। जिसके बाद पुलिस विवाहिता व उसके प्रेमी को थाने बुलाया। जहां दोनों पक्षों की मौजूदगी में पूछताछ के दौरान विवाहिता व प्रेमी एक दूसरे के साथ रहने के लिए राजी हो गए। जिस पर दोनों पक्ष के लोगों की रजामंदी से विवाहिता द्वारा 3 वर्षीय पुत्र को उसके पिता को सौंप दिया गया तथा दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौता कर विवाहिता को उसके प्रेमी के साथ भेज दिया।

## वन तथा वनसंपदा की सुरक्षा में लापरवाही व भ्रष्टाचार का आरोप

**जांच की मांग**

### सीएम पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर उच्च स्तरीय जांच की किया मांग

**हलिया।** क्षेत्र के पवांरी कलां गांव निवासी राघवेन्द्र कुमार सिंह ने ड्रमंडगंज रेंज में अतिक्रमण तथा वनों की सुरक्षा में लापरवाही बरतने व पौधों के संरक्षण के नाम पर भ्रष्टाचार किए जाने का आरोप लगाते हुए रविवार को मुख्यमंत्री पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। दिए गए प्रार्थना पत्र में राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि ड्रमंडगंज वनरेंज के बबुरा रघुनाथ सिंह, महुगढ़ प्लांटेशन, नैड़ी कठारी, लहुरियादह, कटरा, बंजारी कलां वनक्षेत्र में वन विभाग द्वारा रोपे गए पौधों को नष्टकर अतिक्रमणकारियों के द्वारा खेती की जा रही है। वनविभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से लहुरियादह, देवहट, कटरा में अतिक्रमणकारियों द्वारा कच्चे व पक्के मकान भी बना लिए गए हैं। महुगढ़ प्लांटेशन का दायरा भी अतिक्रमण के कारण सिकुड़ता जा रहा है। महुगढ़ प्लांटेशन में अतिक्रमण कर लोगों ने खेती के अलावा मकान भी बना लिया है। लेकिन वन विभाग अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की बजाय मूकदर्शक बना हुआ है। क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में सड़क किनारे लगे पुराने शीशम के पेड़ों को वनकर्मियों द्वारा कटवाकर बेच दिया जा रहा है। बबुरा रघुनाथ सिंह व सोनगढ़ा वन क्षेत्र के विभिन्न कंपार्टमेंट में दो तीन वर्ष पूर्व पौधरोपण किए गए लाखों पौधे नदारद हैं। जबकि वन विभाग कागजों में पौधों को जीवित बताकर उनके संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रतिवर्ष शासन से भारी भरकम बजट ले रहा है, जबकि धरातल पर पिछले कई सालों से रोपे गए पौधे नदारद है। पर्यावरण तथा वनसंपदा की सुरक्षा के प्रति ड्रमंडगंज वनरेंज के रेंजर वीरेंद्र कुमार तिवारी का क्षेत्रीय लोगों ने कई बार ध्यान आकृष्ट करवाया लेकिन रेंजर वनों की सुरक्षा के प्रति गंभीर नही हैं, और कार्य में घोर लापरवाही बरत रहे हैं। ड्रमंडगंज वनरेंज में वनविभाग की मिलीभगत से कई जगहों पर अवैध आरा मशीनें धड़ल्ले से चल रही हैं और जगह जगह वन भूमि पर पत्थर खनन किया जा रहा है। सोनगढ़ा वनक्षेत्र में वर्षों पूर्व पौधों की सुरक्षा के लिए जोड़ी गई पत्थर की करीब सात सौ मीटर पत्थर की चहारदीवारी को वनविभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से खननकर्ता चोरी छिपे उठा ले गए हैं। ड्रमंडगंज वनरेंज में बड़े पैमाने पर वनसंपदा की क्षति की जा रही है। इसके बावजूद रेंजर तथा अन्य कर्मचारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। रेंजर वीरेंद्र कुमार तिवारी पड़ोसी जिले प्रयागराज के निवासी हैं और आए दिन कार्यक्षेत्र से गायब रहते हैं ऐसे में वनों की सुरक्षा में तैनात अन्य कर्मचारी भी रेंजर की गैर मौजूदगी में कार्य स्थल पर नही जाते हैं। निगरानी नही होने से वनसंपदा को भारी नुकसान पहुंच रहा है। शिकायतकर्ता राघवेन्द्र कुमार सिंह ने वनों की सुरक्षा में घोर लापरवाही बरतने तथा भ्रष्टाचार में लिप्त होने का वनविभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

## विंध्याचल के कालीखोह में बिहार के दर्शनार्थियों की पिटाई

**विवाद**

### जिला पंचायत वसूल रहा पार्किंग शुल्क

### प्रसाद न लेने पर वाहन चालकों को पीट रहे दुकानदार

**मीरजापुर।** विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के काली खोह मंदिर दर्शन करने गए यात्रियों की दुकानदारों ने रविवार को पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल युवकों का इलाज स्थानीय चिकित्सालय में कराया गया। मारपीट की शिकायत मिलने पर पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। काली खोह मंदिर मार्ग पर जिला पंचायत पार्किंग शुल्क वसूल रहा है पर पार्किंग व्यवस्था न होने से भक्तों को अपमानित करने के साथ ही मारपीट की जा रही है। बताया जाता हैं कि बिहार सासाराम निवासी सोनू कुमार अपने परिवार के साथ मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन करने अपने निजी साधन से आए थे। विंध्याचल दर्शन पूजन के बाद माँ काली के दर्शन के लिए अपने वाहन से निकले। मंदिर से पहले ही जिला पंचायत के बैरियर पर स्टैंड के नाम पर 25 रुपये का रसीद कटवाया। पार्किंग शुल्क देने के बाद मंदिर के पास पहुंचकर गाड़ी खड़ी करने लगे। जहां पर दुकानदार ने प्रसाद लेने की बात कही। जिस पर श्रद्धालुओं ने बिना प्रसाद के दर्शन करने को कहा। जिस पर गुस्सा होकर दुकानदार गाड़ी हटाने की जिद्द करने लगा। दर्शन करके जाने की बात कहने के बाद भी दुकानदार प्रसाद न लेने पर गाड़ी हटाने की जिद्द पर अड़ा रहा। दोनों में विवाद बढ़ गया। दुकान के सामने दूसरी पटरी पर गाड़ी होने के बाद भी दुकानदार गाड़ी हटाने पर अड़ गया। देखते ही देखते दुकानदार एकजुट होकर श्रद्धालुओं की जमकर पिटाई कर दिया। जिसमे सोनू कुमार, रामु कुमार, बबलू गंभीर रूप से घायल हो गए । सूचना मिलने पर मौके पर पहुचे 112 ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आयी । जहा घायलों का उपचार चल रहा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है। वन विभाग के क्षेत्र में अतिक्रमण कर दुकानों की संख्या बढ़ती जा रही हैं। इसी के साथ अराजकता भी धर्म के आड़ में पांव पसार रही हैं। वैध जिला पंचायत विभाग के नाम पर बिना सुविधा दिये की जा रही वसूली सरकार की मंशा और जनहित की उपेक्षा के साथ ही कानून के साथ ही मजाक बन कर रह गया है।

### चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शस्त्र के विरुद्ध जारी अभियान के क्रम में रविवार को उपनिरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह मय टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी इरफान पुत्र इदवक्श निवासी दरवान थाना राजगढ़ को एक चाकू के साथ गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में कार्यवाई की गई।

### सम्मान समारोह संपन्न

**अदलहाट।** क्षेत्र के खजुरौल स्थित एक शिक्षण संस्थान के प्रांगण में सुविचार एकता मंच के बैनर तले सम्मान समारोह का आयोजन कर क्षेत्र की सहकारी समितियों के नव निर्वाचित अध्यक्षों का सम्मान रविवार को किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कैलाश नाथ सिंह एडवोकेट रहे। क्षेत्र के सहकारी समितियों के अध्यक्षों मे राजनरायन सिंह, शिव कुमार सिंह, सुदामा प्रसाद, जोगन सिंह, रामचंद्र सिंह, संग्राम सिंह सहित कुल 16 समितियों के अध्यक्षों का सम्मान सामाजिक संस्था के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। संस्था के उपाध्यक्ष लालचंद्र सिंह द्वारा संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए गैर राजनितिक संगठन करार किया। तथा अब तक के संस्था द्वारा कराए गए समाज सेवाओं की भी चर्चा की। कार्यक्रम में संस्था की ओर से अरुण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह, राजेश पटेल, मिथिलेश कुमार, सचिव राजकुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह, उमा शंकर सिंह, आनंद अजय, भानु प्रसाद, अशोक कुमार, डॉ हरिशंकर द्विवेदी, संजीव कुमार, महेन्द्र सिंह सहित तमाम समाजसेवी मौजूद रहे। सभा की अध्यक्षता हरिदास सिंह, संचालन संस्था के अध्यक्ष ई रविकांत सिंह द्वारा किया गया।

## आरएसएस ने निकाला पथ संचलन

### जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

**अदलहाट।** नवसंवत्सर के स्वागत के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खण्ड नरायनपुर एवं जमालपुर खण्ड के स्वयंसेवकों ने रविवार को अदलहाट बाजार में पथ संचलन किया। एकत्रीकरण एवं उद्बोधन में विंध्याचल काशी प्रांत मार्ग प्रमुख भूलेंद्र ने भारत माता के ध्वज व चित्र के साथ संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। एकल गीत और अमृत वचन के पश्चात भूलेंद्र ने कहा कि यह उत्सव राष्ट्र की पहचान है। उत्सव श्रेष्ठ परंपरा और प्राचीन संस्कृति का स्मरण कराता है। आपस में प्रेम, संगठन और देशप्रेम की भावना पैदा करता है। अध्यक्षता कर रहे संजय सिंह ने बताया कि विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक स्वयंसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना काल से निरंतर आगे बढ़ते हुए सेवा में जुटा हुआ है। अदलहाट बाजार में पथ संचलन की शुरूआत नव ज्योति इंटर कालेज गरौडी से हुई। निर्धारित गणवेश में वाद्य यंत्रों की धुन पर स्वयंसेवक चले तो मार्ग में लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। कंधे पर डंडा रखकर कार्यकर्ता कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। पथ संचलन में संघ के स्वयंसेवकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। संघ के सम्पूर्ण कार्यक्रम में पूर्ण अनुशासन देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन खण्ड कार्यवाह आलोक ने किया। कार्यक्रम के दौरान गौतम, जिला कार्यवाह रामबालक, महेंद्र सिंह, कमलेश, गोविंद, जगदीश, खण्ड कार्यवाह आलोक, अमित, अवनिंद्र, संजय, अमित सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



पथ संचलन करते स्वंय सेवक

## शिक्षक कार्यकारिणी का किया गया गठन

**राजगढ़।** विकास खंड राजगढ़ के कंपोजिट विद्यालय कुसुम्ही में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ, का गठन किया गया। जिसमें सिर्फ दो नामांकन पत्र दाखिल किए गए। उक्त निर्वाचन में सुशील कुमार सिंह, स.अ., कंपोजिट विद्यालय कुसुम्ही, को अध्यक्ष पद पर व आलोक सिंह, प्र.अ., प्राथमिक विद्यालय रैकरी विकास खंड राजगढ़ को मंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन के पश्चात राम अचल सिंह, स.अ., उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ागाँव, विकास खंड राजगढ़ को जिला कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। शिक्षक संघ के चुनाव की गहमा-गहमी को लेकर उमाकांत मिश्र, अध्यक्ष विकास खंड नगर, नारायण दत्त तिवारी, उपाध्यक्ष (जिला कार्यकारिणी), शान मुहम्मद, उपाध्यक्ष (जिला कार्यकारिणी), आलोक तिवारी, जिला संयुक्त मंत्री निर्वाचन अधिकारियों की देख-रेख में निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया। इस दौरान प्रादेशिक मंत्री सुभाष तिवारी, जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, जिला मंत्री विजय शंकर त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, अशोक सिंह (संयोजक जमालपुर), राजेंद्र यादव, प्रमोद दूबे, सर्वेश मौर्य, दिनेश सिंह, श्री प्रकाश सिंह आदि पदाधिकारियों सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।



चुनाव के बाद पदाधिकारियों का माल्यार्पण करते शिक्षक

## निवर्तमान पालिकाध्यक्ष ने घर-घर बांटा डस्टबिन

### सड़क पर कूड़ा न फेंकने व गली मोहल्ले को साफ रखने की दी नसीहत



डस्टबिन वितरित करते नपाध्यक्ष



लोगों को प्रमाण पत्र वितरित करते मनीष सिंह

**जनसंदेश न्यूज**

मीरजापुर। निवर्तमान पालिकाध्यक्ष मनोज जायसवाल एवं बथुआ वार्ड के सभासद पति शिवकुमार पटेल के साथ वार्ड के टंडनपुरी कालोनी में घर-घर जाकर लोगों को डस्टबिन का वितरण किया। निवर्तमान पालिकाध्यक्ष ने वार्ड की महिलाओं को कूड़ा डस्टबिन में डालने और पालिका की डोर टू डोर कलेक्शन वाली गाड़ी में ही कूड़ा डालने की अपील की।

अपना गली और मोहल्ला साफ रखने के लिए स्थानीय लोगों को श्रमदान करने और स्वच्छता रखने के लिए लोगों को संकल्प भी दिलाया। बता दें कि प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए वार्ड में डस्टबिन का वितरण किया गया। महिलाओं को सूखा और गिला कूड़ा अलग अलग कर डस्टबिन में रखने की अपील की गई।

इस मौके पर निवर्तमान पालिकाध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत बथुआ वार्ड के टंडनपुरी कालोनी में निवर्तमान सभासदपति, गली प्रमुख और गली सचिव की मदद से घर घर डस्टबिन का वितरण किया जा रहा है। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर, अपना गली और मोहल्ला साफ रखने का संकल्प भी दिलाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के कारण पूरे देश में स्वच्छता को लेकर एक अलग बदलाव देखने को मिला है। अब लोग स्वच्छता अभियानों में भाग लेकर स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने में लगे है।

### प्लास्टिक मुक्त व स्वच्छता के लिए लोगों को किया गया जागरूक

**मीरजापुर।** भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन जिला अध्यक्ष यूथ के द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। चैत्र नवरात्र 2023 में नगर पालिका परिषद में भारतीय मानवधिकार एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास से चैत्र नवरात्र के मेले में "प्लास्टिक मुक्त एवम स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम संचालन जिला अध्यक्ष यूथ राहुल गुप्ता ने किया। जिसमें लोगों को प्लास्टिक के प्रति लोगों को प्रेरित किया। जिसका संचालन जिलाध्यक्ष एवं मानवाधिकार पदाधिकारी सम्मिलित होकर लोगों को जागरुक किया। रविवार को 11 सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा किए गए प्लास्टिक जागरूकता एवम स्वच्छता अभियान में सम्मान समारोह आयोजित कियागया। कार्यक्रम में सभी समाजिक कर्ताओं को प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष सिंह, जिला प्रवक्ता स्मृति गुप्ता, महिला अध्यक्ष शमा नवाज, जिला अध्यक्ष यूथ राहुल गुप्ता के द्वारा सम्मान किया गया। जिसमें शंकर माली, कालू माली, गुंजन जायसवाल, सुधांशु चौरसिया, शुभम गुप्ता, मुन्ना कुमार, किरण कुमारी, फरजाना बानो, गोस्वामी, को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## संक्षेप

### युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है निर्माण



**जिगना।** विकास खंड छानबे ग्राम पंचायत विजयपुर स्थित पहाड़ी पर कूड़ा संग्रह केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है जो निर्धारित समय सीमा के पहले ही बनकर तैयार हो जाएगा। जिसका स्टीमेटेड कॉस्ट लगभग 12 लाख 50 हजार है। जिसका निर्माण कार्य लगभग पूर्ण होने के कगार पर है। केवल ग्रिल के ऊपर सीट व रंगाई पुताई का कार्य बाकी है। ग्राम प्रधान ने बताया है कि दो-तीन दिन के अंदर उसे भी कंप्लीट कर दिया जाएगा और यह अपने कार्य के लिए तैयार हो जाएगा। कूड़ा संग्रह केंद्र के अंदर कई चेंबर बनाए गए हैं। जिसमें अलग-अलग अप बिष्ट पदार्थ डाले जाएंगे।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 191 मरीजों का किया गया उपचार

**हलिया।** रविवार को क्षेत्र के मतवार, ड्रमंडगंज, बरौंधा स्थित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 191 मरीजों का उपचार किया गया और मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में कुल 61 मरीजों का चिकित्सक के द्वारा उपचार कर दवा वितरित किया गया जबकि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में कुल 67 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। वहीं नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा में 63 मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित किया गया है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में बुखार, मलेरिया, खांसी, सुगर, बीपी सहित अन्य रोगों के मरीजों का उपचार किया गया है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.कामेश्वर तिवारी ने निरीक्षण किया है। इस दौरान चिकित्सक डा.अभिषेक जायसवाल, बीसीपीएम अनिल कुमार, डाक्टर निर्मल, एलटी राकेश कुमार, बैजनाथ, दशरथ, अरविंद कुमार सिंह, फार्मासिस्ट संजय श्रीवास्तव, मनोज कुमार, सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सचिव के खिलाफ लामबंद प्रधान

**अहरौरा।** नारायनपुर विकास खंड के बैकुंठपुर, रैपुरिया, निजामुद्दीनपुर, भोरमार माफी, व बेनपुर ग्राम पंचायत के प्रधानों द्वारा सेक्रेटी अर्चना सिंह व खिलाफ मनमाने ढंग से कार्य करने का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से शिकायत किया है। ग्राम प्रधानों का आरोप है कि सेक्रेटी अर्चना सिंह व अश्वनी सिंह नारायणपुर विकास खंड में लगभग पंद्रह वर्षों से जमे हुए हैं। और एक ही विकास खंड में लंबे अरसे से जमे होने के चलते मनमाने ढंग से नियम विरुद्ध कार्य करते रहते हैं। वहीं प्रधानों का आरोप है कि दोनों सेक्रेटी का रुतबा इतना है कि नारायणपुर विकास खंड में पच्चीस फीसदी से अधिक की ग्राम पंचायतों का पदभार संभाले हुए है। ग्राम प्रधान आराधना देवी ने बताया कि सेक्रेटी अर्चना सिंह अपने मनमाना कार्य करती रहती है। ग्राम सचिवालय पर सेक्रेटी को रहना चाहिए लेकिन किसी भी ग्राम पंचायत में दोनों सेक्रेटी नही बैठते हैं। न ही उनके द्वारा शासन के निर्देशानुसार कार्य किया जाता है। ग्राम प्रधानों का कहना है कि अगर दोनों ग्राम विकास अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही नही होता है तो वह धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे। वहीं इस संबंध में बीडीओ नारायनपुर शिव नारायन सिंह ने बताया कि काफी अरसे से सेक्रेटी अर्चना सिंह जमी हुई है। लेकिन ट्रांसफर पोस्टिंग उनके अधिकार क्षेत्र में नही आता। जिस वजह से प्रधानों के शिकायत पर उनके द्वारा कार्यवाही नहीं किया गया है। प्रकरण की जानकारी उच्चाधिकारियों के संज्ञान में है।

### जज ने किया बाबा बदेवरा नाथ का दर्शन

**जिगना।** बाबा बदेवरा नाथ मंदिर पर रविवार को जिले के फैमिली कोर्ट के जज बृजेश नारायण मिश्रा ने दर्शन पूजन किया। इनका मूल निवास सराय अकिल जिला प्रयागराज है। उन्होंने रविवार को बाबा भोलेनाथ का दर्शन पूजन कर मत्था टेका। तत्पश्चात उन्होंने ग्राम प्रधान महेश्वरी उपाध्याय के घर पहुंच कर उपस्थित लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि बाबा भोलेनाथ में मेरी असीम श्रद्धा है। मुझे जब भी समय मिलता है मैं दर्शन जरूर करता हूं और भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना करता हूं कि मेरे कलम से कोई गलत फैसला न हो ऐसी मेरी कामना है। उनके साथ में क्षेत्र के बरईपार गांव निवासी समाजसेवी रविंद्र शंकर दुबे बदेवरा चौबे के प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश उर्फ सेखू उपाध्याय, हल्का लेखपाल प्रीति तिवारी, कमलेश उपाध्याय सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### हलिया सोनगढ़ा मार्ग गड्ढे में तब्दील, राहगीरों को हो रही परेशानी

**हलिया।** विकास खंड के हलिया सोनगढ़ा मार्ग के गड्ढे में तब्दील हो जाने से राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आठ वर्ष पूर्व बनी सड़क के खस्ताहाल हो जाने से आए दिन गड्ढों में गिरकर राहगीर चोटिल हो रहे हैं। क्षेत्रीय लोग सड़क निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से गुहार लगाई लेकिन आज तक गड्ढा मुक्त नहीं हुई हैं जिससे सड़क निर्माण पर ध्यान नही दिया जा रहा है जिसे लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। विकास खंड के दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली सड़क से प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन होता है सवारी गाड़ियों पर यात्री हिचकोले खाते हुए यात्रा करने के लिए विवश हैं। वहीं डिलीवरी होने पर भी महिलाओं को काफी परेशानी हो जाती है करीब बारह किलोमीटर लंबी सड़क पर जगह जगह गड्ढे हो जाने से आए दिन राहगीर गिरकर चोटिल होते हैं। क्षेत्र के प्रभाशंकर पांडेय, राजेश दुबे, कमलाशंकर पाण्डेय, राधे श्याम मौर्य, महेंद्र तिवारी, जगत बहादुर सिंह, दीनानाथ दीक्षित, आदि ने बताया कि आठ वर्ष पूर्व बनी सड़क खस्ताहाल हो गई है। सड़क मार्ग से आवागमन करने वाले स्कूली बच्चों, एंबुलेंस तथा राहगीरों को आवागमन में मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है सबसे ज्यादा दिक्कत अस्पताल में प्रसव कराने के लिए जाने वाली गर्भवती महिलाओं को झेलनी पड़ती हैं। सड़क निर्माण के लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों तथा उच्चाधिकारियों का कई बार ध्यान आकृष्ट करवाया गया लेकिन समस्या पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने गड्ढा युक्त हलिया सोनगढ़ा संपर्क मार्ग के निर्माण करवाए जाने की मांग किया है।

### अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक का पुलिस ने 151 में किया चालान

**मीरजापुर।** श्रीराम नवमी पर जुलूस को लेकर हसन खान पुत्र इम्तियाज खान उम्र 18 वर्ष निवासी पट्टी खुर्द थाना अहरौरा को 151 में कार्यवाही किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हसन खान द्वारा श्री राम नवमी जुलूस पर घातक टिप्पणी किया गया था। जिससे फेसबुक में लिखा था कि जुलूस के रामभक्त मस्जिद के सामने मुजरा कर रहे है। इसको लेकर हिन्दू धर्म के लोगों ने बताया कि हमारे आराध्य देव प्रभु श्री राम के जुलूस को लेकर अभद्र टिप्पणी करने वाले को पुलिस ने रात में हिरासत में ले लिया हैं। और पुलिस द्वारा दिन रविवार को 151 चालान करते हुए कार्यवाही किया। इस संबंध में नगरवासियों में तरह तरह की चचाएं व्याप्त हैं। जिससे कड़ी कार्यवाही न कर के चालान किया गया। जिसको लेकर नगर में तरह तरह की चचाएं व्याप्त हैं।

### कैन्सर मरीज के लिये किया एसडीपी दान

**मीरजापुर।** पिछले 2 वर्षों से जनपद के निवासी मरीज का इलाज मेदान्ता लखनऊ में चल रहा है। हर महीने 4 से 6 यूनिट एसडीपी और ब्लड की जरूरत पड़ती है। विन्ध्य फाउंडेशन लगातार कैन्सर मरीजों के लिए एसडीपी डोनेशन शिविर वाराणसी होमी भाभा में लगाती रहती है।लखनऊ में संस्था के सचिव व कौआर्डिनेटर अभिषेक साहू के द्वारा समाज सेवी राजीव गोयल एवं अन्य संस्था से सम्पर्क साधकर जरूरतमंदों की मदद करते रहते है।संस्था के अध्यक्ष कृष्णानन्द हैहयवंशी ने कहा कि हमारी संस्था पिछले 4 वर्षों से निरन्तर प्रयास करती है कि किसी मरीज की जान ब्लड की वजह से न जाने पाए। धीरे धीरे युवाओं के साथ से जगरूकता कार्यक्रम के जरिये हर घर ब्लड डोनर मुहिम को पूरा किया जा रहा है।एसडीपी दान करने वालों में कृष्णानन्द हैहयवंशी, अभिषेक साहू, अभय कसेरा, आशीष गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन के धक्के से साईकिल सवार घायल

**जमालपुर।** क्षेत्र के धरवाह गांव स्थित सड़क पर अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से शनिवार की देर रात घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर ले आए और परिजनों को सूचना दिया। मिली जानकारी के अनुसार राजू विश्वकर्मा 28 वर्ष पुत्र गुद्दन विश्वकर्मा निवासी जमालपुर हर रोज की भांति रामनगर से मजदूरी करके साइकिल द्वारा अपने घर आ रहा था कि घरवाह गांव के पास ईंट भट्ठा के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया और चोटिल होते हुए बेसुध हो गया। जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल राजू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर ले आए और परिजनों को सूचना दिया। जहां चिकित्सकों ने बेसुध स्थित में हालत नाजुक देख ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक घायल युवक बेसुध रहा।

### पुनः एक दूसरे के साथ रहने को राजी हुए 10 बिछड़े दम्पति

**मीरजापुर।** प्रोजेक्ट मिलन के तहत परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को बड़ी सफलता मिली। काउंसिलिंग के माध्यम से 10 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को बड़ी सफलता मिली है। रविवार को मीरजापुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 10 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुयी काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया। उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे। परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान प्रभारी महिला उप-निरीक्षक शशि तिवारी, महिला आरक्षी प्रीति चौबे, महिला आरक्षी सपना तथा सदस्यगण निर्मला राय आदि उपस्थित रही।

### क्वितोवा ने मियामी ओपन जीता

मियामी गार्डन्स। चेक गणराजय की पेत्रा क्वितोवा ने मियामी ओपन टेनिस खिताब जीता है। क्वितोवा ने महिला एकल मुकाबले में कजाकिस्तान की एलेना रिबाकिना को 7-6, 6-2 से हराया। चेक गणराज्य की क्वितोवा ने इसी के साथ ही रिबाकिना के 13 मैचों से जारी विजय अभियान को रोक दिया। रिबाकिना ने हाल ही में इंडियन वेल्स में भी जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया था। वहीं पुरुष एकल के खिताबी मुकाबले में जानिक सिनेर का सामना दानिल मेदवेदेव से होगा। सिनेर ने गत चैम्पियन कार्लोस अलकाराज को हराकर फाइनल में प्रवेश किया है।

## सीएसके अपने घरेलू मैदान पर सुपर जायंटस के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी

**शाम 07:30 बजे शुरू होगा मैच**

**चेन्नई।** महेन्द्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर लोकेश राहुल की लखनऊ सुपर जायंटस को हराकर इस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने उतरेगी। सीएसके को अपने शुरुआती मुकाबले में शुक्रवार को गुजरात टाइटंस से हार का सामना करना पड़ा था। टीम को सुपर जायंटस के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है क्योंकि सीएसके अपने घरेलू मैदान और दर्शकों के सामने खेल रही है जिसका लाभ उसे मिलना तय है। सीएसके चार साल बाद इस मैदान पर खेलेगी जिससे भी प्रशंसक उत्साहित हैं। सीएसके की टीम ने पहले मैच में भी अच्छा खेला था। उसके बल्लेबाज

रुतुराज गायकवाड़ अच्छी लय में हैं। रुतुराज ने गुजरात के खिलाफ शानदार पारी खेली थी। इस मैच में सीएके के प्रशंसकों को अन्य बल्लेबाजों से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। इस मैच में इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स भी अपने को साबित करना चाहेंगे। टी ने उन्हें 16 करोड़ से अधिक की मोटी रकम देकर खरीदा है।

इस मैच में सीएसके के बल्लेबाजों पर बीच के ओवरों में तेज गति से रन बनाने और गेंदबाजी बेहतर करने का दबाव रहेगा जो वह पहले मैच में नहीं कर पाये थे। चेन्नई के लिए राहत की बात यह है कि ये मैच एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर हो रहा है जहां स्पिनर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हाल में यहां खेले गए तीसरे एकदिवसीय में भी स्पिनर यहां सफल रहे थे। ऐसे में स्पिन जडेजा और मिशेल सेंटनेर यहां अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस मैच में सीएसके एक और स्पिनर भी शामिल कर सकती है।

श्रीलंका के महीश तीक्षणा पहले तीन मैचों के लिये उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में देखना होगा कि धोनी किसे अवसर देते हैं। वहीं दूसरी ओर राहुल की अगुवाई वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स ने गत दिवस अपने पहले ही मैच में दिल्ली कैपिटल्स पर बड़ी जीत दर्ज की थी। ऐसे में उसके हौसले बुलंद रहेंगे। सुपर जाइंट्स की ओर से काइल मायर्स ने आक्रामक बल्लेबाजी की थी जबकि मार्क वुड ने पांच विकेट लिए थे। वहीं बल्लेबाजी में मायर्स के अलावा कप्तान राहुल, निकोलस पूरन और मार्कस स्टोइनिस के प्रदर्शन पर भी सभी की नजरें रहेंगी। लखनऊ की ओर से पहले मैच में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज मार्क वुड इस मैच में भी सीएसके के बल्लेबाजों को निशाना बना सकते हैं। वुड ने पहले मैच में कैपिटल्स की बल्लेबाजी को ध्वस्त कर दिया था। स्पिनर के तौर पर कृष्णप्पा गौतम और रवि बिश्नोई हैं। कृष्णप्पा ने पहले मैच में इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर अपने को साबित किया था।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :

चेन्नई सुपरकिंग्स : महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़, अंबाती रायुडू, मोईन अली, बेन स्टोक्स, रविंद्र जडेजा, अजिंक्य रहाणे, सिसंडा मगाला, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, ड्वेन प्रिटोरियस, अहय मंडल, निशांत सिंधु, राजवर्धन हैंगरगेकर, मिशेल सेंटनर, सुभ्रांशु सेनापति, सिमरजीत सिंह, मथिसा पथिराना, महीश तीक्षणा, भगत वर्मा, प्रशांत सोलंकी, शेख रशीद, तुषार देशपांडे।

लखनऊ सुपर जायंटस : लोकेश राहुल (कप्तान), काइल मायर्स, दीपक हुड्डा, कुणाल पांड्या, अमित मिश्रा, निकोलस पूरन , नवीन उल हक, आयुष बडोनी, आवेश खान, करण शर्मा, युद्धवीर चरक, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, मार्क वुड , स्वप्निल सिंह, मनन वोहरा, डेनियल सैम्स, प्रेरक मांकड़, कृष्णप्पा गौतम, जयदेव उनादकट, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई, मयंक यादव।



मियामी में महिला टेनिस खिलाड़ी पैट्रा कवीटोवा और एलीना एबीकिना अपनी-अपनी ट्रॉफी के साथ ही उत्साहित नजर आयीं।

## पोंटिंग ने खराब क्षेत्ररक्षण को हार का कारण बताया

**लखनऊ।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने अपनी टीम की लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पहले ही मैच में मिली हार के लिए खराब क्षेत्ररक्षण को जिम्मेदार बताया है। पोंटिंग ने कहा कि कहा कि टीम ने विरोधी टीम के बल्लेबाज काइल मेयर का जो कैच छोड़ा वह उसे भारी पड़ा है। जब मेयर्स 14 रन थे तो चेतन सकारिया की गेंद पर खलील अहमद ने उनका कैच गिरा दिया था। इसके बाद मेयर्स ने 38 गेंदों पर ही दो चौकों और सात छक्कों की मदद से 73 रनों की तेज पारी खेली। इसके अलावा टीम पर पहले गेंदबाजों पर 16 छक्के लगे हैं उससे भी कोच ने नाराजगी जतायी।

पोंटिंग ने कहा, मुझे लगता है कि उन्हें जितने रन बनाने चाहिए थे, उससे कहीं ज्यादा रन हमारे कमजोर क्षेत्ररक्षण के कारण बनाए। मुझे नहीं लगता कि हमने अपनी सहायता की। पहले चार ओवरों के बाद हमारा क्षेत्ररक्षण वास्तव में कमजोर था। कुछ अवसर हमारे हाथ से निकले जिससे मैच में परिणाम हमारे पक्ष में नहीं रहा।

उन्होंने कहा, हमने अपनी गेंदबाजी पारी में 16 छक्के खाए और इससे पता चलता है कि हम अपनी गेंदबाजी नहीं कर पाये। जब आप इतने सारे छक्के दे देते हैं, तो अपने आप को खेल में वापस लाना कठिन होता है। मुझे नहीं लगा कि यह 190 प्लस विकेट था। वहां काफी ओस थी, अगर कुछ भी था, विकेट शायद हमारे लिए दूसरी बल्लेबाजी के लिए बेहतर था, इसलिए कुछ कारण हैं कि हम मैच क्यों हारे।

पोंटिंग ने लखनऊ के तेज गेंदबाज मार्क वुड की भी प्रशंसा की। वुड ने इस मैच में पांच विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

## श्रीलंका ने सुपर ओवर में न्यूजीलैंड को हराकर सीरीज में हासिल की बढ़त

**आकलैंड।** श्रीलंका ने पहले ही टी20 मैच में मेजबान टीम न्यूजीलैंड को सुपर ओवर में हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में मेजबान टीम के ईश सोढी ने 20वें ओवर की अंतिम गेंद पर छक्का जड़कर मैच को सुपर ओवर में पहुंचा दिया था। श्रीलंका ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 196 रन बनाए। इसके बाद न्यूजीलैंड को अंतिम ओवर में जीत के लिए 13 रन बनाने थे। ऐसे में सोढी ने अंतिम गेंद पर छक्का लगाकर मैच को बराबरी पर लाने के साथ ही टाइब्रेकर में पहुंचा दिया।

सुपर ओवर में न्यूजीलैंड की ओर से डेरिल मिशेल, जिम्मी नीशाम और मार्क चैपमैन जबकि श्रीलंका की ओर से महीश तीक्षणा ने गेंदबाजी की। मिशेल ने पहली गेंद पर ही एक रन ले लिया। वहीं दूसरी गेंद वाइड थी और तीसरी गेंद पर नीशाम पेवेलियन लौट गए। चैपमैन ने दो रन बनाने के बाद चौका लगाया पर अंतिम गेंद पर वह पेवेलियन लौट गये।

वहीं इसके बाद श्रीलंका की ओर से कुसल मेंडिस और चरित असालांका बल्लेबाजी के लिए उतरे जबकि मेजबान टीम की ओर से गेंदबाजी जिम्मी नीशाम ने संभाली। इसमें पहली ही गेंद पर एक रन बना और दूसरी गेंद पर असालांका ने छक्का लगा दिया। इसके बाद चौका लगाकर उन्होंने श्रीलंका को जीत दिला दी।

## करेन से बेहतर साबित हुए अर्शदीप

**मुम्बई।** पंजाब किंग्स की आईपीएल 2023 के शुरुआती मैच में कोलकाता नाइड राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मिली जीत में युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की अहम भूमिका रही।

अर्शदीप इस मैच में आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी सैम करेन से भी बेहतर साबित हुए। अर्शदीप ने जहां 3 ओवर में 19 रन देकर 3 विकेट लिए, वहीं में 18.50 करोड़ में बिकने वाले करेन काफी महंगे साबित हुए हैं। करेन ने भी तीन ओवर किये पर उन्हें एक विकेट ही मिला। करेन ने अर्शदीप 6.33 के इकोनॉमी रेट के मुकाबले प्रति ओवर 12 से अधिक रन दिए।

अर्शदीप को पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी में 4 करोड़ रुपये में खरीदा था और 16वें सत्र के लिए रीटेन किया था जबकि आईपीएल 2023 की मिनी नीलामी में पंजाब किंग्स ने सबको हैरान करते हुए ही करेन को 18.50 करोड़ रुपये में खरीदा था। इसके बाद भी लीग के पहले मैच में करेन फीके साबित हुए। अर्शदीप को करेन से इस सत्र में करीब 1 चौथाई कम पैसा मिलेगा पर पहले ही मैच में उन्होंने 3 गुना विकेट लिए हैं।

अर्शदीप को इस साल की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज में अवसर नहीं मिला था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में उन्हें जगह मिली भिली थी। अर्शदीप ने पिछले साल टी20 विश्व कप खेला खेलते हुएअच्छी गेंदबाजी की थी।

## गंभीर की रणनीति सफल रही, कृष्णापा रहे इम्पैक्ट प्लेयर

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 16 वें सत्र में लखनऊ सुपर जायंटस ने दिल्ली कैपिटल्स पर शानदार जीत दर्ज की है। इस जीत में लखनऊ के मेंटॉर गौतम गंभीर की अहम भूमिका रही। आईपीएल के इस सत्र में पहली बार एक इम्पैक्ट प्लेयर का उपयोग हो रहा है। उसी के जरिये गंभीर ने विरोधी टीम को निशाना बनाया। गंभीर ने जिस खिलाड़ी को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर आजमाया वह कृष्णापा गौतम रहे। कृष्णापा वही खिलाड़ी हैं जिन्हें महेंद्र सिंह धोनी की सीसके ने आईपीएल 2021 में 9.25 करोड़ रुपये में खरीदा था पर एक सत्र के बाद ही सीएसके उनसे दूर हो गयी। इसके बाद लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल की गत वर्ष हुई नीलामी में कृष्णापा को 90 लाख में खरीदा था। अब उसी ऑलराउंडर ने इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर अहम भूमिका निभाई है। कृष्णापा ने अंतिम गेंद पर छक्का लगाने के साथ ही चार ओवर में केवल 23 रन ही दिये।

इस मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 193 रन बनाये थे। लखनऊ की पारी के 20वें ओवर की 5वीं गेंद पर आयुष बडोनी आउट हो गए। जैसे ही बडोनी आउट हुए, वैसे ही लखनऊ की टीम ने इम्पैक्ट प्लेयर के रुप में कृष्णापा को मैदान में उतार दिया। कृष्णापा ने अंतिम गेंद पर छक्का लगाकर गंभीर की रणनीति को सही साबित कर दिया। इस छक्के से लखनऊ का स्कोर 20 ओवर में 193 रन पहुंच गया।

## सिंधु पहली बार मैड्रिड मास्टर्स के फाइनल में पहुंची

**सेमीफाइनल में मिन को हराया**


**मैड्रिड।** भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु पहली बार मैड्रिड मास्टर्स बैडमिंटन के फाइनल में पहुंची हैं। सिंधु ने सेमीफाइनल में सिंगापुर की येओ जिया मिन को सीधे गेम में हराया। सिंधु ने अपने से कम रैंकिंग वाली सिंगापुर की मिन को महिला एकल सेमीफाइनल में 24-22, 22-20 से हराया। इस जीत के साथ ही सिंधु का मिन के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 4-0 पहुंच गया है। पहले गेम में सिंधु एक समय 15-20 से पीछे थी पर इसके बाद उन्होंने शानदार तेजी दिखाते हुए सात अंक बचाकर पहला गेम जीता। वहीं दूसरे गेम में सिंधु शुरुआत में 1-4 से पीछे चल रही थी पर इसके बाद उन्होंने अच्छी वापसी की और हाफटाइम तक वह 11-6 से आगे हो गयीं। दूसरी ओर मिन ने इसके बाद अच्छी वापसी करते हुए स्कोर 17-17 से बराबरी पर ला दिया। सिंधु के पास इसके बाद दो मैच अंक थे पर मिन ने उन दोनों को ही बचा दिया। जिससे सिंधु ने तीसरा मैच अंक मिलने पर बिना किसी गलती के जीत दर्ज कर ली। अब फाइनल में सिंधु का सामना कैरोलिना मारिन और ग्रेगोरिया तुनजुंग के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा।



लंदन में मुक्केबाजी मुकाबले में एक दूसरे पर प्रहार करते हुए एंथनी जोसवा व जैसमीन फ्रैंकलिन।

## पूर्व क्रिकेटर सलीम दुर्रानी का निधन

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर सलीम दुर्रानी का रविवार सुबह गुजरात के जामनगर में निधन हो गया है। दुर्रानी 88 साल के थे और कैंसर से पीड़ित थे। दुर्रानी अफगानिस्तान के काबुल में पैदा हुए थे पर इसके बाद भारत आ गये थे। उन्होंने भारत की ओर से काफी साल तक क्रिकेट खेला था। दुर्रानी अर्जुन अवॉर्ड हासिल करने वाले पहले क्रिकेटर रहे हैं। सलीम को 2011 में बीसीसीआई द्वारा सीके नायुडु लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था। दुर्रानी ने भारतीय टीम की ओर से अपना पहला टेस्ट मैच 1 जनवरी 1960 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला था। यह उनका डेब्यू मैच था। दुर्रानी ने भारत की ओर से करीब 13 साल क्रिकेट खेला है। इस दौरान उन्होंने खेले गए 29 टेस्ट में 25.04 की औसत से बल्लेबाजी करते हुए 1202 रन बनाए हैं, जिसमें उन्होंने एक 1 शतक और 7 अर्धशतक लगाये थे। वह ऐसे



बल्लेबाज थे जो प्रशंसकों की मांग पर छक्का लगाया करते थे। इसके अलावा सलीम ने गेंदबाजी करते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 75 विकेट भी लिए हैं। वह एक लेफ्ट आर्म स्पिन गेंदबाज थे। दुर्रानी ने भारत की ओर से केवल टेस्ट क्रिकेट खेला है। उन्होंने अपना अंतिम टेस्ट 06 फरवरी 1973 को इंग्लैंड के खिलाफ ब्रेबोर्न स्टेडियम में ही खेला था।

दुर्रानी अपने तेज हुक शॉट के लिए लोकप्रिय थे। उन्होंने बॉलीवुड फिल्म में भी काम किया है। 1973 में सलीम ने चरित्र नाम की एक फिल्म में अभिनय किया था।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दुर्रानी के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व क्रिकेट सलीम दुर्रानी के निधन पर शोक जताया है। दुर्रानी का रविवार सुबह कैंसर से निधन हो गया था। वह 88 के थे और कैंसर से पीड़ित थे। दुर्रानी भारतीय टीम के नामी ऑलराउंडर रहे हैं। इसके साथ ही वह एक अच्छे स्पिनर भी थे। प्रधानमंत्री मोदी ने एक ट्वीट कर दुर्रानी के परिवार के प्रति संवेदना जतायी है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, सलीम दुर्रानी जी क्रिकेट के दिग्गज थे, अपने आप में एक लीजेंड थे। उन्होंने क्रिकेट की दुनिया में भारत के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। मैदान के अंदर और बाहर वो अपने अंदाज के लिए जाने जाते थे। उनके निधन से काफी दुखी हूं। उनके परिवार और मित्रों के लिए संवेदनाएं। उनकी आत्मा को शांति मिले।

### बटलर ने लगाया सत्र का दूसरा सबसे तेज अर्धशतक

**हैदराबाद।** राजस्थान रॉयल्स के आक्रामक सलामी बल्लेबाज जोस बटलर ने यहां रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में सत्र का दूसरा सबसे तेज अर्धशतक लगाया है। बटलर ने केवल 20 गेंदों में ही यह अर्धशतक बनाया। बटलर ने छठे ओवर की तीसरी गेंद पर ही फजलहक फारूकी की गेंद पर चौका लगाकर अपने 50 रन पूरे किये। यह उनके आईपीएल करियर का 16वां अर्धशतक था। बटलर ने 245.45 की स्ट्राइक रेट से 22 गेंदों में 54 रन बनाए, जिसमें 7 चौके व 3 छक्के शामिल रहे। आउट होने से पहले उन्होंने यशस्वी जायसवाल के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 5.5 ओवर में 85 रन बनाये। यह आईपीएल इतिहास में हैदराबाद का पावर प्ले में सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले इस सीजन का सबसे तेज अर्धशतक चेन्नई सुपर किंग्स के ओपनर रुतुराज गायकवाड़ ने पहले ही मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ लगाया था। रुतुराज ने 23 गेंदों में ये अर्धशतक पूरा कर 92 रन बनाये थे।

### विलियमसन आईपीएल से बाहर हुए

**अहमदाबाद।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियमसन इंडियन प्रीमियल लीग (आईपीएल) के 16 वें सत्र से बाहर हो गये हैं। विलियमसन को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ शुरुआती मैच में ही चोट लग गयी थी। उनका बाहर होना गुजरात टाइटंस के लिए एक बड़ा झटका है। विलियमसन को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सीएसके के खिलाफ कैच पकड़ने के दौरान चोट लग गयी थी। उनके बाहर होने से गुजरात की बल्लेबाजी कमजोर हुई है। इस चोट से उनके विश्व कप खेलने पर भी संदेह हो सकता है। अभी न्यूजीलैंड टीम के डॉक्टर उनकी चोट का आंकलन करने में लगे हैं। गुजरात टाइटंस के डायरेक्टर विक्रम सोलंकी ने कहा, टूर्नामेंट से इतनी जल्दी विलियमसन का बाहर होना निराशाजनक है। हम उनके शीघ्र ठीक होने की उम्मीद करते हैं। विलियमसन अब चोट के आगे के आंकलन के लिए स्वेदश लौटेंगे। वहीं फ्रेंचाइजी ने रविवार को अपने एक बयान में कहा कि टाइटन्स दाएं हाथ के इस बल्लेबाज के विकल्प की घोषणा समय आने पर करेगी।

## शुभमन गिल और रुतुराज गायकवाड़ की बल्लेबाजी से प्रभावित दिखे पूर्व खिलाड़ी

**गिल से 600 रन का सीजन देखने को मिल सकता**

**मुंबई।** गत चैंपियन गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स पर पांच विकेट से जीत दर्ज कर आईपीएल 2023 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। चेन्नई के लिए रुतुराज गायकवाड़ ने पहली पारी में सनसनीखेज बल्लेबाजी कर 92 रन (50 गेंदों पर 4 चौके और 9 छक्के) बनाकर चेन्नई को 178 का स्कोर बनाने में मदद की। इसके बाद गुजरात टाइटंस ने खिलाड़ी शुभमन गिल के 63 रन के नेतृत्व में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खचाखच भरी भीड़ के सामने आराम से कुल स्कोर का पीछा किया। गुजरात के राशिद खान अपने हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने मोइन अली और बेन स्टोक्स के अहम विकेट चटकाए और सिर्फ तीन गेंदों पर 10 रन भी बनाए। सीएसके के बल्लेबाज गायकवाड़ ने बल्ले से तूफानी प्रदर्शन किया था। उन्होंने तीन बार टाइटंस के खिलाफ खेला है, और 3 पारियों में 218 रन बनाए हैं, जिसमें हर खेल में एक अर्धशतक भी शामिल है।

पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने गायकवाड़ के बल्लेबाजी प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ऐसा लग रहा था कि गायकवाड़ अन्य बल्लेबाजों की तुलना में एक अलग विकेट पर बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने जिस दृष्टिकोण का इस्तेमाल किया वह बेहद सराहनीय है। अनिल कुंबले को गायकवाड़ की बल्लेबाजी करते हुए 9 छक्के लगाते देखना अच्छा लगा। उन्होंने कहा, हम उन्हें छक्के मारने से नहीं जोड़ते हैं, लेकिन एक पारी में 9 छक्के मारना वास्तव में आश्चर्यजनक है। साफ, यह वास्तव में साफ लग रहा था। ऐसा नहीं था कि वह आकार से बाहर जा रहे थे और इस पेश करने की कोशिश कर रहा है, बस शुद्ध समय।

पटेल ने भी गुजरात की जीत की सराहना कर कहा कि गिल एक बड़े स्कोरिंग सीजन के साथ अंत कर सकते हैं। उन्होंने कहा, जिस तरह से गुजरात टाइटन्स ने पीछा करना शुरू किया। हमने देखा कि रिद्धिमान साहा को पहले छह ओवरों को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करने का लाइसेंस मिल गया था, जितना वह कर सकते थे। इस विकेट पर, लक्ष्य बराबर से नीचे था इसलिए एक मजबूत शुरुआत जरूरी है। मुझे लगता है कि गुजरात टाइटन्स ने इसे हासिल कर लिया और गति बनाए रखी। गिल ने वहीं किया जो हम जानते हैं कि गिल कर सकते हैं और अपने अंतरराष्ट्रीय फॉर्म को आईपीएल में आगे बढ़ाया। हमें शुभमन गिल से 600 रन का सीजन देखने को मिल सकता है।

गिल के प्रदर्शन पर कुंबले की प्रभावित दिखाई दिए, जिन्होंने गिल के प्रदर्शन और रवैये को भारतीय क्रिकेट के लिए एक अच्छा संकेत बताया। उन्होंने कहा, ठीक अंत, मैं जिस तरह से आउट हुए, उससे मैं खुश नहीं था। जिसका मतलब है कि वह चाहते हैं सुधार करें और अगर वह अगले गेम में उस स्थिति में है, तब वह अपनी टीम के लिए खेल खत्म करें। यह एक युवा खिलाड़ी के लिए बहुत अच्छा संकेत है। हमने प्री-मैच शो में इसके बारे में बात की थी कि वह 40 रन बनाने से कैसे बेहतर हुआ है और वन-डे में 50 से 100 और 200। अब मुझे यकीन है कि यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक अच्छा संकेत है और शुभमन गिल इस तरह के शानदार नोट पर शुरुआत कर रहे हैं।

## राजस्थान रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 72 रन हराया

**हैदराबाद।** आईपीएल 2023 के हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में खेले गए रविवार के पहले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 72 रन के विशाल अंतर से धोकर विजयी आगाज किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने निर्धारित 20 ओवर में 203 बनाये। जवाब में हैदराबाद की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 131 रन ही बना सकी।

हैदराबाद की टीम को लेफ्टी पेसर ट्रेंट बोल्ट ने पहले ही ओवर में दो विकेट चटकाकर झटका दिया। बोल्ट ने हैदराबाद को ऐसे जोर के झटके दिए कि इससे वह पूरी पारी के दौरान कभी उबर ही नहीं सके। कुछ देर विकेट पर टिककर मयंक अग्रवाल (27) रन बनाए, लेकिन दूसरे छोर पर उसके और बल्लेबाज जैसे हैरी ब्रूक (0), वॉशिंगटन सुंदर (1) और ग्लेन फिलिप्स (8) सस्ते में लौट गए, तो उसका स्कोर 10वें ओवर में 5 विकेट पर 48 रन हो गया। हैदराबाद के बल्लेबाजों ने पूरे कोटे के 20 ओवर खेले। इसके पीछे अब्दुल समद (नाबाद 32), आदिल राशिद (18) और उमरान मलिक (नाबाद 19) जिम्मेदार रहे। हैदराबाद इससे कोटे के 20 ओवरों में 8 विकेट पर 131 तक पहुंचने में सफल रहा, लेकिन जीत से कोसों दूर रह गया।

इससे पहले राजस्थान रॉयल्स ने उसके सामने जीत के लिए 204 रनों का लक्ष्य रखा। राजस्थान के दोनों ओपनरों जोस बटलर और यशस्वी जयसवाल ने ऐसी शुरुआत दी कि हैदराबादी बॉलरों के होश फाख्ता हो गए। इन दोनों ने मिलकर 5.5 ओवरों में ही 85 रन जोड़ डाले। बटलर आउट हुए, तो उनके बाद जयसवाल (54 रन, 37 गेंद, 9 चौके) ने भी अर्द्धशतक जड़ा, तो उनके साथ दूसरे छोर पर कप्तान संजू सैमसन (55 रन, 32 गेंद, 3 चौके, 4 छक्के) ने बटलर के असर को किसी भी तरह से कम नहीं होने दिया, विकेट गिरते रहे, लेकिन रन आते रहे। और जब निचले क्रम में सिमरोन हेटमायर (नाबाद 22 रन, 16 गेंद, 1 चौका, 1 छक्का) ने उपयोगी हाथ दिखाए, तो राजस्थान कोटे के 20 ओवरों में 5 विकेट ओखोकर 203 का आंकड़ा छूने में सफल रहा। हैदराबाद के लिए अफगानी लेफ्टी पेसर फजलहक फारूकी और टी. नटराजन ने दो-दो और स्पीडस्टर उमरान मलिक ने एक विकेट लिया।

# पाकिस्तान में महंगाई दर ने तोड़ा पांच दशक का रिकॉर्ड

**इस्लामाबाद।** तंगहाली में जूझ रहे पाकिस्तान में महंगाई ने पांच दशक का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। साल-दर-साल के आधार पर मार्च में महंगाई दर 35.37 फीसदी पर पहुंच गई है। पाकिस्तान की सरकार ने इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड (आईएमएफ) से बेलआउट पैकेज के लिए पॉलिसी में बदलाव किया था। इस वजह से ब्याज दरें बढ़ी थीं और इसका असर तमाम चीजों पर देखने को मिला। खत्म हो रहे विदेशी मुद्रा भंडार की वजह से पाकिस्तान रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं को आयात करने में सक्षम नहीं है। इस वजह से आटे और दाल जैसी वस्तुओं के लिए लोगों को कई गुना अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है।

आर्थिक संकट से निकलने के लिए पाकिस्तान को आईएमएफ के बेलआउट पैकेज की सख्त जरूरत है, लेकिन पाकिस्तान को ये पैकेज अब तक नहीं मिल पाया है। शनिवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक महीने-दर-महीने के आधार पर पाकिस्तान में महंगाई दर 3.72 फीसदी रही। खराब वित्तीय प्रबंधन और राजनीतिक अस्थिरता ने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को पतन के कगार पर धकेल दिया है। रही-सही कसर पिछले आई बाढ़ ने पूरी कर दी थी, जिसमें पाकिस्तान का एक तिहाई हिस्सा जलमग्न हो गया था।

इस भीषण आर्थिक संकट से निकलने के लिए पाकिस्तान को अपने मौजूदा कर्ज चुकाने हैं। इसके लिए उसे अरबों डॉलर के फंड की जरूरत है। पाकिस्तान की गरीब जनता को इस आर्थिक उथल-पुथल का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। रमजान के महीने में फूड डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर पर भीड़ की वजह से कम से कम 20 लोगों की मौत हुई है। कराची की एक एनालिस्ट शाहिदा विजारत ने कहा कि जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है, मेरा मानना है कि अकाल जैसी स्थिति पैदा हो रही है। दक्षिण एशियाई देश पाकिस्तान आर्थिक संकट से उबरने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से लगातार गुहार लगा रहा है, लेकिन आईएमएफ ने अब तक उसे मदद देने पर मुहर नहीं लगाई है। पाकिस्तान को वैश्विक निकाय से 1.1 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज की दरकार है। खराब आर्थिक हालात के कारण पाकिस्तान के ऊपर अरबों रुपये का कर्ज है।

पाकिस्तान के ऊपर कुल कर्ज और देनदारी 60 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये से अधिक की है। यह देश की जीडीपी का 89 फीसदी है। वहीं इस कर्ज में करीब 35 फीसदी हिस्सा केवल चीन का है, इसमें चीन के सरकारी वाणिज्यिक बैंकों का कर्ज भी शामिल है। पाकिस्तान पर चीन का 30 अरब डॉलर का कर्ज बकाया है, जो फरवरी 2022 में 25.1 अरब डॉलर था।

## 1,485 करोड़ रुपए में अडानी ग्रुप ने खरीदा एक और बंदरगाह

**नयी दिल्ली।** अडानी ग्रुप ने एक और बंदरगाह को खरीद ?लिया है। अडानी पोर्ट और स्पेशल इकोनामिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने घोषणा करते हुए कहा कि नेशनल लॉ ट्रिब्यूनल के अप्रूवल (एनसीएलटी) मिलने के बाद कराईकल पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण किया गया है। कंपनी ने कहा कि डील पूरी की जा चुकी है। कराईकल पोर्ट के अधिग्रहण से पहले अडानी पोर्ट और स्पेशल इकोनामिक जोन लिमिटेड को केपीपीएल की कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के तौर पर माना जाता था। भारत के पुडुचेरी में स्थित कराईकल पोर्ट एक बड़े आकार और सभी मौसम, गहरे पानी वाला बंदगाह है। इसमें पांच फंक्शनल बर्थ, तीन रेलवे सिडिंग्स, 600 हेक्टेयर की जमीन और 21.5 मिलियन मिट्रिक टन की कार्गो हैंडिलिंग क्षमता है।

अडानी पोर्ट की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि कराईकल पोर्ट के अधिग्रहण की डील 1,485 करोड़ रुपए में की गई है।

## भूटान के राजा की भारत यात्रा से चीन बौखलाया

**बीजिंग।** डोकलाम को लेकर भूटान से मिले समर्थन पर चीन की बौखलाहट सामने आ रही है। पिछले दिनों भारत के पड़ोसी देश भूटान ने यह दावा किया कि उसके क्षेत्र में कोई भी चीनी गांव मौजूद नहीं है। साथ ही भूटानी पीएम ने कहा कि डोकलाम विवाद को हल करने में चीन की भी समान भूमिका है। भूटान के इस बयान का अब विस्तारवादी चीन फायदा उठाना चाह रहा है। चीन के सरकारी अखबार ने एक लेख में चीन-भूटान सीमा विवाद को हल करने भारत को सबसे बड़ी रुकावट करार दिया है। भूटानी प्रधानमंत्री के हालिया बयानों पर अखबार ने लिखा, चीनी विशेषज्ञों ने इस प्रगति की तारीफ की है और यह रेखांकित किया है कि दोनों देशों के बीच सीमा विवाद बहुत मामूली हैं। लेकिन भारत के प्रतिरोध के चलते उन्हें औपचारिक रूप से सीमांकित नहीं किया गया है। भारत के खिलाफ ?इस लेख से संकेत मिलता है कि भूटान के राजा की आगामी भारत यात्रा से चीन को गहरा आघात लगा है। यहां गौरतलब है कि भूटान ने डोकलाम विवाद को हल करने में चीन को बराबर का भागीदार बनाया है। जिसके ?विरोध में अखबार ने लिखा, डोकलाम पूरी तरह चीन की सीमा में है। और उसका भारत से कोई लेना-देना नहीं है। इस बारे में एक अन्य लेख चीजों को और अधिक स्पष्ट कर देता है। चीन के दृष्टिकोण को दशार्ती एक वेबसाइट ने अपने लेख में लिखा, चीन और भूटान के बीच इस बात पर कोई मतभेद नहीं है कि डोकलाम चीन का है। इसने भी वही बात लिखी, डोकलाम न ही भारत का है और न भूटान का, वह सिर्फ चीन का है।

चीनी मीडिया के ये मनगढ़ंत दावे और इस तरह जहर उगलना भूटान के समर्थन का ही नतीजा है। जानकार मानते हैं कि ट्राइजंक्शन बिंदुओं को तय करने में चीन को अपनी बात रखने का मौका देकर भारत और भूटान की शिष्टता अब विफल साबित हो गई है। एक तरफ चीन भूटानी क्षेत्र के भीतर बड़े पैमाने पर गांवों और सड़कों का निर्माण कर रहा है, वहीं थिम्पू और दिल्ली अभी भी उन समझौतों पर भरोसा कर रहे हैं जिन्हें बीजिंग ने कब का तोड़कर फेंक दिया है। इस तरह से डोकलाम को लेकर चीन की मंशा जाहिर हो गई है।



तेल अवीव में न्यायिक व्यवस्था में बदलाव के खिलाफ रैली निकालते हुए प्रदर्शनकारी।

## आईएमएफ से मांगी गई बेलआउट पैकेज से दोगुना है कश्मीर का बजट

**इस्लामाबाद।** रोटी-रोटी के लिए मोहाल पाकिस्तान की सरकार अपने ही नागरिकों को बमुश्किल खाना-पानी मुहैया करा रही है, पर भारत से रार नहीं छोड़ रही है। जनता भूखों मर रही है और पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) से जितना बेलआउट पैकेज चाहिए, जम्मू-कश्मीर का बजट उसका भी दोगुना कर दिया गया है। वास्तविकता के बावजूद पाकिस्तान का कश्मीर के लिए उसका लालच खत्म नहीं हो पा रहा है। कभी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो कश्मीर पर बयान देते हैं तो कभी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कश्मीर के लिए दुनिया से समर्थन मांगते, लेकिन वह हकीकत से कोसों दूर हैं।

वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर का बजट 1 लाख 18 हजार 500 करोड़ रुपए तय किया है यानी 14.5 अरब डॉलर। पाकिस्तान को आईएमएफ से 7 अरब डॉलर का राहत पैकेज चाहिए। अब उसे यह बजट तो इस राशि का भी

**अवाम की भूख से बढ़कर है पाकिस्तान को कश्मीर की लालच**

दोगुना है। भारत की तरफ से बताया गया है कि इस राशि का मतलब यही है कि वह जम्मू-कश्मीर के विकास मॉडल को आगे बढ़ाना चाहती है। सिर्फ कश्मीर ही नहीं, अगर भारत के दूसरे राज्यों की तुलना करें तो भी यह पाकिस्तान से कहीं गुना आगे हैं।

पाकिस्तान हमेशा कश्मीर में विकास होने की इस बात को मानने से इनकार कर देता है। इसकी जगह वह हमेशा पूरी दुनिया में कश्मीर को लेकर एक प्रपोगैंडे को आगे बढ़ता है। पिछले दिनों नियंत्रण रेखा से कश्मीर घाटी के हालात देखने वाले दो पाकिस्तानी यू-ट्यूबर्स ने भी यह सच सामने ला दिया कि उनके देश की सरकार जम्मू-कश्मीर पर झूठ बोल रही है। हर तरफ विकास, सांप्रदायिक सौहार्द्र, सस्ती बिजली, 5जी मोबाइल टॉवर और चारों तरफ विकास को देखकर ये ट्यूबर्स हैरान रह गए थे।

## अमित शाह को बिहार की नहीं, 40 लोकसभा सीटों की चिंताः आरजेडी

**पटना।** बिहार में शनिवार रात को दो अलग-अलग हिस्सों सासाराम और बिहार शरीफ में हिंसा हो गई। वहीं इस मामले को लेकर अब सियासत गमार्ने लगी है। राज्य के हालातों को लेकर जहां गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से बातचीत की, तो वहीं आरजेडी ने अमित शाह पर निशाना साधा है। वहीं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सीएम नीतीश के इस्तीफे की मांग की है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की राज्यपाल से बातचीत के बाद आरजेडी ने प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि ईडी और सीबीआई से मन भर गया तो अमित शाह केंद्रीय सुरक्षाबलों को बिहार भेजने की बात कर रहे हैं। आरजेडी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने मडिया को बताया कि अमित शाह को बिहार की नहीं, बल्कि 40 लोकसभा सीटों की चिंता है।

वहीं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सीएम नीतीश से इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने कहा कि बिहार में हो रही

**केंद्रीय मंत्री गिरिराज ने मांगा नीतीश का इस्तीफा**

हिंसा की घटनाओं के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है, तो वह मुख्यमंत्री क्यों बने बैठे हैं? नीतीश अपने पद से इस्तीफा दे दें, क्योंकि बिहार पूरी तरह बंगाल के रास्ते पर जा रहा है। बंगाल में जैसे हिंदुओं के साथ हो रहा है, वही अब बिहार में शुरू हो चुका है। बिहार में भी अब गजवा-ए-हिंद वालों का बोलबाला है। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हिंसा के बाद बने हालात से निपटने के लिए राज्य प्रशासन की सहायता के लिए बिहार में अतिरिक्त अर्द्धसैनिक बल भेजने का फैसला किया है। वहीं, राज्यपाल ने शाह को राज्य के मौजूदा हालात से अवगत कराया। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बिहार की महागठबंधन सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। पिछले 1 महीने में राज्य के अंदर अपराधिक घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता असित नाथ तिवारी ने विवादित बयान देते हुए कहा कि अमित शाह बिहार पर एटम बम गिरवा दें। बिहार की जनता बीजेपी को वोट नहीं कर रही, इससे वह बेचैन हैं। उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा कि अमित शाह उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर वहां के राज्यपाल से बातचीत क्यों नहीं करते। यूपी में केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों की संख्या क्यों नहीं बढ़ाई गई? लेकिन वह बिहार में अर्द्धसैनिक बलों की संख्या बढ़ाएंगे, क्योंकि यहां की जनता बीजेपी को वोट नहीं करती। बिहार में रामनवमी हिंसा पर कांग्रेस नेता कमलनाथ ने कहा कि इतने सालों से रामनवमी पर जुलूस निकल रहे हैं, तब तो हिंसा नहीं हुई? यह सब अब इसलिए हो रहा है क्योंकि 2024 का चुनाव नजदीक आ रहा है।

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कुछ कंपनियां बिहार के संवेदनशील इलाकों में तैनात की गई हैं और कुछ कंपनियां पहुंच जाएंगी। उन्होंने कहा कि अर्धसैनिक बलों की तैनाती राज्य पुलिस को सहयोग करने के लिए और राज्य में शांति स्थापित करने के लिए है। 10 पैरामिलिट्री की कंपनियों को बिहार भेजा गया है, इसमें सीआरपीएफ, एसएसबी और आईटीबीपी के जवान शामिल हैं।

## कांग्रेस वास्तव में वह आधार होगी, जिसके चारों ओर अन्य पार्टियां जुटेंगीः शशि थरूर

**नई दिल्ली।** लोकसभा सांसद शशि थरूर ने हालिया विपक्षी एकता की लहर का स्वागत करते हुए रविवार को कहा कि कांग्रेस वास्तव में वह आधार होगी, जिसके चारों ओर अन्य पार्टियां जुटती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि वह पार्टी नेतृत्व में होते, तो वे इसके बारे में शेखी बघारते नहीं होते और 2024 के आम चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए गठबंधन के संयोजक की भूमिका निभाने के लिए छोटे संगठनों में से एक को प्रोत्साहित करते।

मीडिया के साथ एक साक्षात्कार में थरूर ने कहा कि 2019 के मानहानि मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद लोकसभा से राहुल गांधी की अयोग्यता ने विपक्षी एकता की आश्चर्यजनक लहर उत्पन्न की है। कई दलों ने इस कहावत की सच्चाई को महसूस करना शुरू कर दिया है कि यूनाइटेड वी स्टैंड, डिवाइडेड वी फाल। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि यदि अधिकांश विपक्षी दलों ने एक साथ आने और एक-दूसरे के वोटों को विभाजित करने से रोकने के लिए अब एक नया कारण खोज लिया है तो भाजपा को 2024 के चुनावों में बहुमत हासिल करना बहुत कठिन हो सकता है।

शशि थरूर ने कहा कि अगर सूरत की अदालत का फैसला भारत को अधिक एकजुट विपक्ष देता है, तो यह सत्तारूढ़ पार्टी के लिए बुरी खबर हो सकती है, जिसने 2019 के चुनावों में केवल 37 प्रतिशत वोट के साथ, लेकिन लोकसभा की 60 प्रतिशत से अधिक सीटों के साथ जीत हासिल की। बाकी वोट 35 विजयी दलों को गए।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह 1970 के दशक में अपनी दादी, पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी के साथ राहुल गांधी की अयोग्यता में समानता देखते हैं, थरूर ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस निंदनीय अयोग्यता और जेल की सजा के बाद जनता की सहानुभूति राहुल गांधी के साथ है। उन्होंने कहा कि लोग महसूस करते हैं कि यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है कि प्रमुख विपक्षी दल के प्रमुख नेता को जेल की सजा दी जाती है और संसद में आवाज नहीं उठाई जाती है।



रोम में यूनिवर्सिटी अस्पताल से बाहर आये एक बच्चे को ऑटोग्राफ देते हुए पोप फ्रांसिस।

## ब्रोंकाइटिस से ठीक होने के बाद वेटिकन लौटे पोप फ्रांसिस

**रोम।** रोम के जेमेली अस्पताल में ब्रोंकाइटिस (श्वांस संबंधी बीमारी) का इलाज कराने के बाद पोप फ्रांसिस वेटिकन लौट आए हैं। सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद पोप को 30 मार्च को रोम के जेमेली अस्पताल ले जाया गया था। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद 86 वर्षीय पोप ने अपने शुभचिंतकों से मजाकिया अंदाज में कहा कि मैं अभी जिंदा हूं। जेमेली अस्पताल के डॉक्टर्स ने कहा कि पोप को एंटीबायोटिक दवाइयां दी गईं, इससे उन्हें काफी राहत मिली है। वहीं जब पोप अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद अपनी कार से निकले और बिना किसी व्यक्ति का सहारा लिए वह अपनी छड़ी के सहारे आगे बढ़ने लगे। दरअसल, वह यह बताने की कोशिश कर रहे थे कि वह फिट हैं।

पोप ने अस्पताल से निकलने के बाद अपने शुभचिंतकों और पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने इस बात की पुष्टि भी की कि वे सेंट पीटर्स स्क्वायर में होने वाले कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या वह अस्पताल में रहने के दौरान डरे हुए थे। इसके जवाब में पोप ने कहा कि नहीं, वे डरे नहीं। उन्होंने कहा कि जब आप बीमार होते हैं, तो बहुत असहज स्थिति में होते हैं। ऐसे में डॉक्टर्स

**शुभचिंतकों से मजाकिया अंदाज में पोप ने कहा- मैं अभी जिंदा हूं**

और अस्पताल में काम करने वाले लोग मरीजों के प्रति बेहद कोमल व्यवहार करते हैं। बीमारी के दौरान धैर्य से काम लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं बच्चों के वार्ड में गया और देखा कि डॉक्टर्स कितनी कोमलता से बच्चों की देखभाल कर रहे हैं।

मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार पोप फ्रांसिस के लिए यह साल का सबसे व्यस्ततम समय होता है। दरअसल, उन्हें कई तरह के कार्यक्रमों में हिस्सा लेना होता है। पोप ने बुधवार को सेंट पीटर्स स्क्वेयर पर आए लोगों को संबोधित किया था। इस दौरान वह ठीक दिख रहे थे, लेकिन अपनी गाड़ी पर चढ़ते हुए उनकी तबीयत कुछ बिगड़ी सी दिखी। मीडिया की रिपोर्ट के हवाले से कहा था कि पोप गुरुवार को भी एक कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे। इससे पहले पोप को 2021 में कोलन सर्जरी के लिए जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन तब अस्पताल से निकलते वक्त वह लोगों के सामने नहीं आए थे।

## मसूरी देहरादून मार्ग पर बस खाई में गिरी दो की मौत

**मसूरी।** मसूरी देहरादून मार्ग पर उत्तराखंड परिवहन निगम की बस आइटीबीपी के निकट शेरगढ़ी में डेढ़ सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरी जिसमें 19 लोग घायल हो गए और दो लोगों की मौत हो गई। बस मसूरी से सवारियां लेकर देहरादून की ओर जा रही थी आइटीबीपी के निकट बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। मौके पर एसडीआरएफ आइटीबीपी उत्तराखंड पुलिस के साथ ही स्थानीय लोग राहत और बचाव कार्य में जुट गए। घायलों को खाई से बाहर निकाल कर दून अस्पताल और उप जिला चिकित्सालय मसूरी भेजा गया जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं जिनका उपचार किया जा रहा है। वहीं मामूली रुप से घायल लोगों को उप जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां पर उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि बस में 40 से अधिक लोग सवार थे। मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी नंदन कुमार ने बताया कि घायलों को दून अस्पताल भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में तीन लोगों को गंभीर चोटें आई हैं साथ ही 18 लोगों को मामूली चोटें आई हैं।

उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जाएगा। इस दौरान प्रत्यक्षदर्शी अली के अनुसार वे मौके पर पहुंचे और उन्होंने घायलों को बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि बस में बच्चों की चीख-पुकार सुनकर उनका दिल दहल गया। उन्होंने किसी तरह से बच्चों को बाहर निकाला और मौके पर पहुंची पुलिस के साथ घायलों की मदद की। मौके पर पहुंचे पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ओपी उनियाल ने कहा कि इससे पूर्व भी परिवहन निगम की बस के ब्रेक फेल हो गए थे। उन्होंने कहा कि इसकी जांच की जानी चाहिए और मसूरी देहरादून मार्ग पर नई बसों का संचालन किया जाना चाहिए।

### असम में जूनियरों की पिटाई करने वाले 18 छात्रों पर मामला दर्ज

सिलचर। 31 मार्च को असम के सिलचर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के कैंपस के अंदर कथित रूप से दो जूनियरों की पिटाई की गयी। इस मामले में 18 छात्रों पर आईपीसी की कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। एनआईटी सिलचर के चौथे सेमेस्टर के छात्र सिद्धांत पैत्या को गंभीर हालत में सिलचर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया था। पैत्या ने अपने परिवार के सदस्यों की मदद से शनिवार को घुंगूर पुलिस चौकी में 18 सीनियरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। सीनियरों के एक ग्रुप ने उसे धमकाया था। मंगलवार की रात में वह एनआईटी कैंपस में रुका और अपनी कार हॉस्टल-6 के सामने खड़ी कर दी। सीनियरों ने सिर्फ उसे धमकाने के लिए उसकी कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। सिद्धांत की एफआईआर में स्पर्श मुनाखिया, योगेश काकोडिएस, विश्वजीत देब नाथ, यश त्रिपक्षीय, अभिजीत कलिता, धृतिमान दास, सौरव डेका, शोहन पॉल, प्रत्यूष राय, प्रफुल्ल चाथम, अनस अहमद, प्रतीक विज, दीक्षित अग्रवाल, मेहुल देवांगम, राज परिषद, सत्यव्रत बोथ, सुप्रतीक गोगोई और बिकी दास मुख्य आरोपी हैं। उसने कहा है कि इसमें कुछ और सीनियर भी शामिल थे।

### आरएसएस पर अभद्र टिप्पणी, राहुल के खिलाफ मानहानि का नया केस

हरिद्वार। राहुल गांधी पर एक और केस दर्ज हो गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक कार्यकर्ता ने संगठन को ह्ल21वीं सदी का कौरवह्ल बताने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ हरिद्वार की एक अदालत में मानहानि का मामला दायर किया है। आरएसएस के कार्यकर्ता कमल भदौरिया के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल ने आरएसएस के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 499 और 500 के तहत अदालत में केस दायर किया है। राहुल गांधी ने इस साल 9 जनवरी को हरियाणा में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कथित तौर पर कहा था कि ह्ल21वीं सदी के कौरव खाकी हाफ पैंट पहनते हैं और शाखा चलाते हैं। उनके साथ देश के दो से तीन सबसे अमीर लोग खड़े हैं।ह्लजज शिव सिंह ने वादी को 12 अप्रैल 2023 को सुनवाई के लिए कोर्ट में मौजूद रहने के लिए कहा है। भदौरिया के वकील ने कहा कि राहुल गांधी ने आरएसएस की तुलना 21वीं सदी के कौरवों से की. यह उनका अशोभनीय भाषण है, जो उनकी मानसिकता को पेश करता है।

## उद्धव के खिलाफ दिए बयान में केंद्रीय मंत्री नारायण राणे को कोर्ट से राहत

मुंबई। केन्द्रीय मंत्री नारायण राणे को कोर्ट से राहत ?मिल गई है। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता नारायण राणे को राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ विवादित टिप्पणी के मामले में को आरोपमुक्त कर दिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (रायगढ़-अलीबाग) एस. डब्ल्यू. उगाले ने राणे को बरी किया. विस्तृत आदेश अभी उपलब्ध नहीं हो सका है. राणे के खिलाफ रायगढ़ जिले के महाड में 2021 में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्हें उनकी टिप्पणी के लिए रत्नागिरी जिले से गिरफ्तार किया गया था। राणे ने कहा था ?कि यह शर्मनाक है कि मुख्यमंत्री (उद्धव ठाकरे) को स्वतंत्रता प्राप्ति के वर्ष के बारे में नहीं पता है। वह अपने भाषण के दौरान यह पूछने के लिए पीछे मुड़ गए कि आजादी को कितने वर्ष हो गए हैं। अगर मैं वहां होता, तो (उन्हें) जोरदार तमाचा मार देता।

उन्होंने दावा किया था कि ठाकरे 15 अगस्त पर राज्य की जनता के नाम अपने भाषण में यह भूल गए थे कि स्वतंत्रता प्राप्ति को कितने वर्ष हो गए. इस टिप्पणी के लिए राणे के खिलाफ महाराष्ट्र में चार प्राथमिकियां दर्ज की गई थीं। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद नारायण राणे ने कोंकण में जन आशीर्वाद यात्रा निकाली थी। यात्रा के दौरान उन्होंने रायगढ़ जिले के महाड़ में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में तत्कालीन सीएम उद्धव ठाकरे के बारे में बयान दिया था. इसका तत्कालीन शिवसेना ने विरोध किया था. उसके बाद राणे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। हालांकि केंद्रीय मंत्री राणे ने ठाकरे के खिलाफ अपनी टिप्पणी का बचाव करते हुए कहा था कि उन्होंने ऐसा करके कोई अपराध नहीं किया है। मामले की सुनवाई के दौरान नारायण राणे के वकील ने कहा कि उन्होंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया जो धर्म, नस्ल, जन्म स्थान, निवास, भाषा, जाति या समुदाय या किसी भी आधार पर अलग-अलग समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा दे रहा हो। उन्होंने कहा कि मामला राजनीति से प्रेरित है और इसलिए कानून की दृष्टि से खराब है।




फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मारिन एक चुनावी रैली में सेल्फी के लिए पोज देती हुई।

## जीईएम से वित्त वर्ष 2022-23 में दो लाख करोड़ की खरीदः गोयल

**मुंबई।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकारी खरीद के ऑनलाइन मंच जीईएम से माल एवं सेवाओं की खरीद ने वित्त वर्ष 2022-23 में दो लाख करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया जिसमें महिला उद्यमियों, एमएसएमई और स्टार्टअप की प्रमुख सहभागिता रही। गोयल ने कहा कि जीईएम के माध्यम से 12 महीने के अंदर दो लाख करोड़ रुपए की सरकारी खरीद होना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को दशार्ती है। प्रधानमंत्री का इस पर पूरा जोर है कि सरकार को उच्चतम स्तर की ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ चलना चाहिए। गोयल ने कहा कि यह सरकारी खरीद चक्र में पूरे देश की भागीदारी और निष्पक्ष व न्यायसंगत तरीके से भाग लेने के लिए महिला उद्यमियों, स्टार्टअप और एमएसएमई की क्षमता से स्पष्ट है। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि जीईएम तेजी से बढ़ेगा लिहाजा सरकारी खरीद प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अधिक से अधिक विक्रेताओं को इस खरीद मंच से जुड़ना चाहिए। जीईएम ने वित्त वर्ष 2022-23 में 31 मार्च, 2023 तक दो लाख करोड़ रुपए का सकल व्यापारिक मूल्य (जीएमवी) हासिल किया है। संयुक्त रूप से जीईएम ने स्थापना के बाद से अपने हितधारकों के सहयोग के साथ 3.9 लाख करोड़ जीएमवी का आंकड़ा पार कर लिया है और जीईएम पर लेनदेन की कुल संख्या भी 1.47 करोड़ के पार हो गई है। जीईएम 67,000 से अधिक सरकारी खरीदार संगठनों की विभिन्न खरीद जरूरतों को पूरा कर रहा है। इस खरीद पोर्टल पर 11,700 उत्पाद श्रेणियों के 32 लाख से अधिक सूचीबद्ध उत्पादों के साथ-साथ 280 सेवा श्रेणियों में 2.8 लाख सेवाएं हैं।

## मारुति सुजुकी, हुंदै, टाटा मोटर्स की थोक बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर

**- वित्त वर्ष 2022-23 में घरेलू यात्री वाहन उद्योग ने अब तक का अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया**

**मुंबई।** देश की प्रमुख वाहन बनाने वाली कंपनियों मारुति सुजुकी, हुंदै और टाटा मोटर्स ने वित्त वर्ष 2022-23 में अपनी सर्वश्रेष्ठ घरेलू थोक बिक्री दर्ज की जिसके दम पर घरेलू यात्री वाहन उद्योग ने अब तक का अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। देश की सबसे बड़ी कार विनिमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने 2022-23 में 19 प्रतिशत वृद्धि के साथ अभी तक की सर्वाधिक 19,66,164 इकाई की बिक्री दर्ज की, जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में यह आंकड़ा 16,52,653 इकाई था। मारुति ने समाप्त वित्त वर्ष में घरेलू बाजार में 17,06,831 इकाइयों की थोक आपूर्ति की जो 2021-22 में 14,14,277 इकाई के आंकड़े से 21 प्रतिशत अधिक है। हुंदै मोटर इंडिया ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में उसकी कुल बिक्री 7,20,565 इकाई रही, जो 2021-22 के 6,10,760 इकाई से 18 प्रतिशत ज्यादा है। कंपनी के मुताबिक, भारत में परिचालन शुरू करने के बाद उसका एक वित्त वर्ष में यह सर्वाधिक बिक्री आंकड़ा है। कंपनी ने 2022-23 में घरेलू स्तर पर विक्रेताओं को 5,67,546 इकाइयां भेजीं, जो 2021-22 में भेजी गईं 4,81,500 इकाइयों से 18 प्रतिशत ज्यादा हैं।

टाटा मोटर्स की वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान कुल घरेलू बिक्री 9,31,957 इकाई रही जो वित्त वर्ष 2021-22 के 6,92,554 इकाई की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है। इस वित्त वर्ष में टाटा मोटर्स के यात्री वाहनों की बिक्री 3,70,372 इकाई से 45 प्रतिशत बढ़कर अभी तक सर्वाधिक 5,38,640 इकाई हो गई। किआ इंडिया ने वित्त वर्ष 2022-23 में 44 प्रतिशत वृद्धि के साथ 2,69,229 इकाइयां बेचीं, जबकि 2021-22 में कंपनी ने 1,86,787 इकाइयां बेची थीं। जनवरी-मार्च, 2023 तिमाही में कंपनी की वाहन उद्योग क्षेत्र में अभी तक की सर्वाधिक 7.4 प्रतिशत हिस्सेदारी रही। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की वित्त वर्ष 2022-23 में थोक बिक्री 41 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,74,015 इकाई रही जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में उसने 1,23,770 इकाइयों की बिक्री की थी।

## भारत अब चीन के बाद चाय का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया हैः चाय बोर्ड

**कोलकाता।** चाय उद्योग की नियामकीय संस्था भारतीय चाय बोर्ड ने कहा है कि छोटे चाय उत्पादकों (एसटीजी) के उभरने से देश चाय उत्पादन बढ़ाने और घरेलू मांग के साथ निर्यात की जरूरतों को पूरा करने के मामले में आत्मनिर्भर बन गया है। चाय बोर्ड ने कहा कि एसटीजी ने स्थानीय आर्थिक स्थिति और लोगों की आजीविका में सुधार लाने में भी मदद की है। भारत सालाना लगभग 140 करोड़ किलोग्राम चाय का उत्पादन करता है, जिसमें से एसटीजी का योगदान 50 प्रतिशत से भी अधिक है। चाय बोर्ड ने कहा कि मूल्य के लिहाज से भारत से चाय का निर्यात करीब 80 करोड़ डॉलर का है। बोर्ड ने कहा कि इसने वर्ष 2022 में लगभग 22 करोड़ किलोग्राम की मात्रा के साथ 15 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि हासिल की। देश अब चीन के बाद चाय का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है। चीन, केन्या और श्रीलंका के बाद भारत चाय का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक देश भी है। चाय उद्योग सबसे बड़े नियोक्ताओं में भी शामिल है। चाय बोर्ड के अनुसार एजेंसी ने खेती के रकबे, उत्पादन, उत्पादकता और घरेलू खपत के संदर्भ में उद्योग के विकास में मदद की है। चाय का उत्पादन देश के 15 राज्यों में फैला हुआ है जिनमें असम और पश्चिम बंगाल प्रमुख हैं।

## कच्चा तेल स्थिर, कुछ राज्यों में बदली पेट्रोल और डीजल की कीमत

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में रविवार को कोई बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है। डब्ल्यूटीआई क्रूड 75.67 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड 79.77 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। देश में तेल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमत जारी कर दी है। भारत में हर सुबह 6 ईंधन के दामों में संशोधन किया जाता है। जून 2017 से पहले कीमतों में संशोधन हर 15 दिन के बाद किया जाता था। र ?विवार को गुजरात में पेट्रोल की कीमत 63 पैसे गिरकर 96.49 रुपए हो गई है। यहां डीजल 64 पैसे की गिरावट के साथ 92.23 रुपए प्रति लीटर हो गया है। महाराष्ट्र में पेट्रोल 30 पैसे और डीजल 29 पैसे गिरकर क्रमशः 106.21 और 92.73 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है। पंजाब और उत्तर प्रदेश में भी पेट्रोल और डीजल के दाम में गिरावट दिख रही है। वहीं बिहार में पेट्रोल 18 पैसे और डीजल 17 पैसे महंगा हो गया है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर है।

## वृहद आर्थिक आंकड़े और वैश्विक रुख तय करेंगे बाजार की दिशा

**शेयर बाजार समीक्षा**

**बाजार की नजरें रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक पर भी होगी**

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा बैठक के परिणाम, वृहद आर्थिक आंकड़े और वैश्विक रुख से इस सप्ताह शेयर बाजारों की चाल तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियां भी शेयर बाजार की दिशा को प्रभावित करेंगी। मंगलवार को महावीर जयंती और शुक्रवार को गुड फ्राइडे पर बाजार में अवकाश रहेगा। बाजार के विशेषज्ञों ने कहा कि निवेशकों की निगाह एफपीआई और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के रुख पर रहेगी। एफपीआई अब शुद्ध खरीदार हो गए हैं। बाजार की नजरें रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक पर भी होगी। एमपीसी की बैठक के नतीजे छह अप्रैल को आएंगे। शनिवार को आए वाहन बिक्री के आंकड़े काफी अच्छे रहे हैं। मारुति सुजुकी, हुंदै और टाटा मोटर्स ने बीते वित्त वर्ष में अपनी सबसे ऊंची सालाना बिक्री दर्ज की है। बाजार के जानकारों के मुताबिक यह सप्ताह छुट्टियों वाला है। कई घटनाक्रमों तथा आंकड़ों की वजह से बाजार भागीदार व्यस्त रहेंगे। वृहद आर्थिक मोर्चे पर विनिर्माण पीएमआई और सेवा पीएमआई के आंकड़े तीन और पांच अप्रैल को आएंगे। बाजार की नजर विशेष रूप से छह अप्रैल को आने वाली एमपीसी की बैठक के नतीजे पर रहेगी। उन्होंने कहा कि घरेलू कारकों के अलावा विदेशी कोषों का प्रवाह भी बाजार की दिशा को प्रभावित करेगा। शुक्रवार को एशिया, यूरोप और अमेरिका के बाजार भी सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे। उन्होंने कहा कि निवेशकों को एमपीसी की बैठक के नतीजों के साथ पीएमआई आंकड़ों का बेसब्री से इंतजार है। इसके अलावा अमेरिका के निजी उपभोग के आंकड़ों पर सभी की नजर रहेगी। इसके आधार पर ही अमेरिकी केंद्रीय बैंक का भविष्य का रुख तय होगा।

## सेबी ने जेडईईएल इनसाइडर ट्रेडिंग मामले में तीन लोगों पर लगाया प्रतिबंध

**मुंबई।** सेबी ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जेडईईएल) के शेयर में इनसाइडर ट्रेडिंग से संबंधित एक मामले में तीन लोगों पर प्र ?तिबंध लगा ?दिया है। सेबी ने प्रतिबंधित किए गए बिजल शाह, गोपाल रितोलिया और जतिन चावला पर 90 लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। उन्हें 45 दिनों के अंदर जुमार्ना भरने के लिए कहा गया है। मार्केट रेगुलेटर ने रितोलिया और चावला को गैरकानूनी ढंग से अर्जित क्रमशः 7.52 करोड़ रुपए और 2.09 करोड़ रुपए ब्याज समेत लौटाने का निर्देश भी दिया है। यह मामला जेडईईएल के शेयरों में इनसाइडर ट्रेडिंग से संबंधित है। सेबी ने एक बयान में कहा कि जेडईईएल में वित्तीय योजना और विश्लेषण, रणनीति एवं निवेशक संबंध के तत्कालीन प्रमुख बिजल शाह की अप्रकाशित संवेदनशील सूचना तक पहुंच थी। उसने यह जानकारी रितोलिया और चावला को दे दी जिसका इस्तेमाल कर दोनों ने क्रमशः 7.52 करोड़ और 2.09 करोड़ रुपए का लाभ कमाया। सेबी के अनुसार शाह को इनसाइडर ट्रेडिंग का जिम्मेदार नहीं माना गया लेकिन उसने संवेदनशील सूचना रितोलिया और चावला तक पहुंचाने में मुख्य भूमिका निभाई, जिसके कारण संबंधित नियमों का उल्लंघन हुआ।

## पाकिस्तान सरकार की मुद्रास्फीति में वृद्धि, आर्थिक मंदी का अनुमानः रिपोर्ट

**मुंबई।** नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान की सरकार ने देश में और ज्यादा मुद्रास्फीति के साथ-साथ आर्थिक मंदी आने की चेतावनी जारी की है। एक समाचारपत्र में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार ने दिन-ब-दिन बदतर होती आर्थिक स्थिति के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ महत्वपूर्ण समझौते में देरी को जिम्मेदार ठहराया है। एक रिपोर्ट के अनुसार वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा है कि राजनीतिक अस्थिरता ने मजबूत मुद्रास्फीति की संभावनाओं को बढ़ाना शुरू कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने अर्थव्यवस्था के प्रति एक निराशाजनक दृष्टिकोण चित्रित करते हुए कहा कि मासिक आर्थिक संकेतक और धीमा हो गया है। इस उपकरण की मदद से पिछले और वर्तमान संकेतकों के आधार पर आर्थिक विकास दर की भविष्यवाणी की जाती है। रिपोर्ट के अनुसार फरवरी की तरह मार्च में भी मुद्रास्फीति ऊपरी दायरे में रह सकता है। उसने हालांकि आकड़ा नहीं दिया लेकिन नकारात्मक कदमों के कारण बाजार में मुद्रास्फीति के 36 प्रतिशत तक पहुंचने की आशंका है। वित्त मंत्रालय के एक रूढ़िवादी आंतरिक आकलन ने मार्च में लगभग 34 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर का आकलन किया। मंत्रालय ने कहा कि बढ़ती मुद्रास्फीति का एक संभावित कारण राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि आर्थिक संकट बढ़ने के पीछे अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) से 1.1 अरब डॉलर के राहत पैकेज की मंजूरी में देरी भी कारक है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) की नीतियां भी मुद्रास्फीति पर नियंत्रण पाने में नाकाम रही हैं। मासिक रिपोर्ट में कहा गया कि रमजान के दौरान थोक में खरीद से मांग-आपूर्ति में अंतर हो गया है जिससे आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हो गई है।

## अडानी ग्रुप ने 1,485 करोड़ में किया कराईकल पोर्ट का अधिग्रहण

**मुंबई।** अडानी ग्रुप ने एक और बंदरगाह को खरीद लिया है। अडानी पोर्ट और स्पेशल इकोनामिक जोन लिमिटेड ने कहा कि नेशनल ला ट्रिब्यूनल के अप्रूवल मिलने के बाद कराईकल पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण किया गया है। कंपनी ने कहा कि डील पूरी की जा चुकी है। कराईकल पोर्ट के अधिग्रहण से पहले अडानी पोर्ट और स्पेशल इकोनामिक जोन लिमिटेड को केपीपीएल की कारपोरेंट दिवाला समाधान प्रक्रिया के तौर पर माना जाता था। भारत के पुडुचेरी में स्थित कराईकल पोर्ट एक बड़े आकार और सभी मौसम, गहरे पानी वाला बंदगाह है। इसमें पांच फंक्शनल बर्थ, तीन रेलवे सिडिंग्स, 600 हेक्टेयर की जमीन और 21.5 मिलियन मिट्रिक टन की कार्गो हैंडिलिंग क्षमता है। अडानी पोर्ट की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि कराईकल पोर्ट के अधिग्रहण की डील 1,485 करोड़ रुपए में की गई है। बयान के मुताबिक, बंदरगाह तमिलनाडु के कंटेनर वाली कार्गो बेस्ड औद्योगिक केंद्रों और आगामी 9 एमएमटीपीए सीपीसीएल रिफाइनरी के पास है। अडानी पोर्ट के सीईओ करण अडानी ने कहा कि कराईकल बंदरगाह के खरीदारी के साथ ही अब अडानी ग्रुप देशभर में 14 बंदरगाह को चला रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों के लिए रसद लागत को कम करने के लिए बुनियादी ढांचे के लिए समय के साथ 850 करोड़ खर्च करेगा। कंपनी का प्लान अगले पांच साल के दौरान पोर्ट की क्षमता हो दोगुना करने की है। बता दें कि केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के कराईकल जिले में स्थित है और इसकी स्थापना 2009 में हुई थी और यह चेन्नई से लगभग 300 किमी दक्षिण में स्थित है, जो एक बड़ा बंदरगाह है। वहीं अडानी ग्रुप देश को सबसे बड़ी प्राइवेट और रसद कंपनी है।

## दोहरे जोखिम का सामना कर रहे एप्पल कैमरा लेंस आपूर्तिकर्ता

**सैन फ्रांसिस्को।** एप्पल कैमरा लेंस के आपूर्तिकर्ता इन दिनों कथित तौर पर दो जोखिमों का सामना कर रहे हैं। एक तो उच्च इन्वेंट्री स्तर के कारण इस साल की दूसरी तिमाही उम्मीद से कमजोर है, और आपूर्तिकर्ता पेरिस्कोप कैमरा लेंस से लाभ प्राप्त करने में असमर्थ हैं। एप्पल के विश्लेषक मिंग-ची कू ने गुरुवार को ट्वीट किया, एप्पल कैमरा लेंस आपूर्तिकताओं को दो जोखिमों का सामना करना पड़ता है। उच्च इन्वेंट्री स्तर उम्मीद से कमजोर 23 की दूसरी तिमाही और आपूर्तिकर्ता पेरिस्कोप कैमरा लेंस से लाभ उठाने में असमर्थ हैं। 2020 की शुरूआत से, जब कुओ ने पहली बार संभावना का उल्लेख किया था, आईफोन के पेरिस्कोप कैमरा लेंस प्राप्त करने के बारे में अफवाहें फैल रही हैं। शुरूआत में अनुमान लगाया था कि आईफोन 14 प्रो में एक पेरिस्कोप लेंस शामिल किया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कुओ ने कहा है कि ऐसा लेंस केवल आईफोन 15 प्रो मैक्स में उपलब्ध होगा। कुओ ने कहा, आईफोन 14 प्रो/प्रो मैक्स के लिए मैंने पहले जिस कंपोनेंट/लेंस इन्वेंट्री रिस्क की भविष्यवाणी की थी, वह अब हो रहा है।

स्मार्टफोन कैमरा लेंस की दुनिया की सबसे बड़ी आपूर्तिकर्ता ताइवानी कंपनी लार्गन के इस साल के आईफोन 15 प्रो मैक्स पेरिस्कोप कैमरे के लिए एकमात्र लेंस आपूर्तिकर्ता होने की उम्मीद है। इसके अलावा, कुओ ने अनुमान लगाया कि जिस बिंदु पर घटक की कीमत और भी कम होगी, एप्पल आपूर्तिकर्ता आईफोन 16 के लिए पेरिस्कोप लेंस की आपूर्ति शुरू कर देगा। इस प्रकार लेंस आपूर्तिकर्ताओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यही वजह है कि इन दो जोखिमों का सामना करने के लिए एप्पल तैयार है।

## नई मिड साइज एसयूवी जुलाई तक होगी उपलब्ध

**-गजब के फीचर्स से लैस है कार**

**नई दिल्ली।** होंडा की नई मिड साइज की एसयूवी डोमेस्टिक मार्केट में जुलाई या अगस्त 2023 के आसपास सेल के लिए उपलब्ध होगी। मिडसाइज एसयूवी अत्यधिक प्रतिस्पर्धी सेगमेंट में हुंडई क्रेटा, किआ सेल्टोस, मारुति सुजुकी ग्रैंड विटारा, टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर, वीडब्ल्यू टाइगुन, स्कोडा कुशक, एमजी एस्टर और अन्य के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेगी। इसे पहले से ही भारत में टेस्टिंग के दौरान स्पॉट किया गया है और 5वीं पीढ़ी के शहर के साथ कई समानताएं होंगी, जिसे हाल ही में एक हल्का अपडेट मिला है।अधिक कठोर उत्सर्जन मानकों के आगमन के कारण होंडा वर्तमान में भारत में केवल सिटी और अमेज बेचती है और आने वाली मिड साइज की एसयूवी अपने मंथली वॉल्यूम को बढ़ाने के लिए बहुत अधिक महत्व रखेगी।स्पाई इमेज को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि 5-सीटर विदेशों में बेचे जाने वाले लेटेस्ट डब्ल्यूआर-वी और अन्य ग्लोबल एसयूवी से इंस्पायर्ड डिजाइन के साथ आते हैं।

बाहरी हिस्से में सीआर-वी की तरह तेज एलईडी हेडलैंप, रैपराउंड एलईडी टेल लैंप, स्पोर्टी एलॉय व्हील और प्रमुख फ्रंट और रियर बंपर होंगे।इसकी कुल लंबाई करीब 4.3 मीटर होगी।यह लेटेस्ट सिटी मिडसाइज सेडान के समान प्लेटफॉर्म पर बैठेगी।किसी भी डीजल इंजन की अनुपस्थिति का मतलब था कि होंडा मिडसाइज एसयूवी में आई-डीटीईसी तकनीक नहीं होगी।टॉप-स्पेक मॉडल अडास आधारित ड्राइवर सहायक और सुरक्षा तकनीकों के साथ आ सकते हैं, जबकि सुविधाओं की सूची में वायरलेस एप्पल कारप्ले और एंड्राएड ऑटो कंपैटिबिलिटी , 6 एयरबैग, ऑटोमेटिक क्लाइमेट कंट्रोल, इलेक्ट्रिक सनरूफ, एक सेमी-डिजिटल के साथ एक बड़ी टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम होगा।

121एचपी का अधिकतम पावर आउटपुट विकसित करने वाला परिचित 1.5छ चार-सिलेंडर एनए पेट्रोल इंजन पेश किया जाएगा।इसे सिक्स-स्पीड एमटी या सीवीटी ऑटो से जोड़ा जाएगा।1.5 लीटर का स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड पेट्रोल इंजन भी उपलब्ध होगा, जिसे ई-सीवीटी के साथ जोड़ा जाएगा, लेकिन इसे तुरंत बेचा जाएगा या नहीं इस बारे में कोई खबर नहीं है।

## सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से 9 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.34 लाख करोड़ बढ़ा

**मार्केट कैप**

**रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही**

**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से 2,34,097.42 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रही। गुरुवार को रामनवमी पर बाजार में अवकाश था। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 86,317.26 करोड़ रुपए बढ़कर 15,77,092.66 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के बाजार मूल्यांकन में 30,864.1 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ और यह 11,73,018.69 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 26,782.76 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 8,98,199.09 करोड़ रुपए और इन्फोसिस की 19,601.95 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 5,92,289.92 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) का बाजार पूंजीकरण 18,385.55 करोड़ रुपए बढ़कर 6,01,201.66 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत में 17,644.35 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई और यह 6,12,532.60 करोड़ रुपए रही। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन 16,153.55 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 4,67,381.93 करोड़ रुपए रहा। एचडीएफसी का मूल्यांकन 12,155.78 करोड़ रुपए बढ़कर 4,82,001.12 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 6,192.12 करोड़ रुपए चढ़कर 4,76,552.34 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। इसके ?विपरीत भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 7,387.05 करोड़ रुपए घटकर 4,17,577.59 करोड़ रुपए रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, एचडीएफसी, आईटीसी, एसबीआई और भारती एयरटेल का स्थान रहा।




पुर्तगाल में घरों की बढ़ती कीमतों का विरोध करते हुए लोग।

## गूगल ने विंडोज के लिए अपना नियरबाय शेयर लांच किया

**सैन फ्रांसिस्को।** टेक दिग्गज गूगल ने बीटा एप्लिकेशन के रूप में विंडोज के लिए अपना नियरबाय शेयर लांच किया है, जो उपयोगकताओं को अपने एंड्रॉइड डिवाइस और पीसी के बीच फाइल स्थानातंरित करने में मदद करेगा। रिपोर्ट के अनुसार, विंडोज एप के लिए नियरबाय शेयर बीटा वर्तमान में विंडोज 10 के लिए एंड्रॉइड.कॉम से सीधे डाउनलोड के रूप में उपलब्ध है और एआरएम डिवाइस समर्थित नहीं हैं। उपयोगकताओं के पीसी पर, ब्लूटूथ और वाई-फाई चालू होना चाहिए, जिसमें कंपनी उपकरणों के बीच 16-फुट (5-मीटर) ट्रांसफर रेंज निर्दिष्ट करती है।

यह उपयोगकताओं को आपके एंड्रॉइड डिवाइस और विंडोज पीसी के बीच फोटो, वीडियो, दस्तावेज, ऑडियो फाइलें या संपूर्ण फोल्डर को जल्दी से स्थानांतरित करने की अनुमति देता है। टेक दिग्गज के अनुसार, यह उन लोगों के लिए मददगार होगा जो अपनी तस्वीरों को बड़ी स्क्रीन पर एडिट करना चाहते हैं, या अपने डिजिटल फोल्डर को व्यवस्थित करना चाहते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में यह बीटा अमेरिका और चुनिंदा क्षेत्रों में रिलीज हो रहा है।

इस बीच, पिछले साल दिसंबर में टेक दिग्गज ने एंड्रॉइड फोन और टैबलेट पर अपने नियरबी शेयर एप के लिए नया मटीरियल यू डिजाइन किया था। आप जिस सामग्री को सुधारते हैं, उसमें मुख्य यूआई उपयोगकताओं के साथ नियरबाय शेयर एप पर इंटरैक्ट करने वाले विजुअल परिवर्तन जोड़े गए हैं।

## जीमेल, डॉक्स में जनरेटिव एआई फीचर्स शुरू करेगा गूगल

**सैन फ्रांसिस्को।** गूगली ने दो हफ्ते पहले वर्कस्पेस ऐप में आने वाली जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) फीचर्स की घोषणा की थी। अब गूगल ने अब जीमेल और डॉक्स में सार्वजनिक परीक्षण शुरू कर दिया है। एक ?रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान विश्वसनीय परीक्षण कार्यक्रम में यूएस में उपभोक्ता, उद्यम और शिक्षा उपयोगकर्ता (18 वर्ष से अधिक) शामिल हैं। तकनीकी दिग्गजों द्वारा इस छोटे समूह को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाता है और उन्हें साइन अप और ऑप्ट-इन करना होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी समय के साथ जनरेटिव एआई सुविधाओं की उपलब्धता का विस्तार करेगी। परीक्षक किसी भी समय कार्यक्रम छोड़ सकते हैं। कार्यक्रम के उपयोगकर्ता जीमेल में जेनेरेटिव एआई का उपयोग जन्मदिन के निमंत्रण से लेकर जॉब कवर लेटर तक सब कुछ तैयार करने के लिए कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि उपयोगकर्ता गूगल से वह भी ले सकते हैं जो उन्होंने लिखा है और इसे अधिक विस्तृत या छोटा कर सकते हैं, जिसमें बुलेट पॉइंट भी शामिल हैं। दूसरी ओर, गूगल डॉक्स में एआई टेक्स्ट को अधिक विस्तृत बना देगा या फिर से लिख देगा। साथ ही, यह उपयोगकताओं को ब्लॉग पोस्ट लिखने या गाने के बोल लिखने में भी मदद करेगा। परीक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागी जीमेल और डॉक्स के माध्यम से प्रतिक्रिया भेज सकेंगे।

# पुण्यतिथि पर नि:शुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**नेक कार्य**

**350 लोगों को वितरित की गयी दवायें, चेचकरोधी दवाओं का भी हुआ वितरण**

जनसंदेश न्यूज


शिविर में पूर्व चेयरमैन प्रमोद बरनवाल का स्वागत करते आयोजक

**जफराबाद।** समाजसेवी स्व. ठा. भानु प्रताप सिंह की 13वीं पुण्यतिथि पर ऊषा-भानु फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन बाजार के नासही मोहल्ले में हुआ। आयोजन की शुरूआत मुख्य अतिथि निवर्तमान चेयरमैन प्रमोद बरनवाल ने होमियोपैथिक के जनक सैमुअल हैनिमैन चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात संस्था के सचिव/प्रबंधक डा. सत्येन्द्र सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया तथा संस्था द्वारा विगत में किए गए सामाजिक कार्यों को बताया।

मुख्य अतिथि प्रमोद बरनवाल ने कहा कि ऊषा-भानु फाउंडेशन द्वारा समाज हित में किए गए कार्य सराहनीय है। डा. सत्येन्द्र सिंह द्वारा मानवता की सेवा में जगह-जगह होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर लगाकर रोगियों को लाभ पहुंचाया जाना बहुत ही सुन्दर कार्य है। यह दवा हानि रहित, सस्ती एवं सर्वसुलभ है। कैम्प में 350 से ज्यादा लोगों को दवाएं वितरित की गई और साथ- साथ चेचक रोधी दवाओं का भी वितरण किया गया। शिविर के सफल आयोजन में मुख्य रूप से डा. प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, डा. बीडी पाण्डेय, डा. एसए रिजवी, डा. शिव कुमार सेठ, राजेन्द्र प्रसाद यादव, बीडी शर्मा, संजय कुमार, अनिल सोनकर, महेंद्र विश्वकर्मा, संदीप सेठ, जुम्मन शेख, नेहाल कुरैशी, आमिर खान, तारिक अली, प्रेमचन्द्र, शमशाद खान आदि रहे। अन्त में डा. सत्येन्द्र सिंह ने आए हुए सभी लोगों एवं सहयोग करने वालों का आभार जताया। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम करने का आश्वासन दिया।

## दस लीटर देशी शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में उ.नि. मंजीत कुमार मय हमराही द्वारा 10 लीटर देशी नाजायज शराब के साथ अभियुक्त मनीष कुमार पुत्र शम्भुनाथ उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम हरीपुर थाना सुजानगंज को रामनगर तिराहा से शनिवार को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 64/2023 धारा 60 आबकारी अधि. बनाम मनीष कुमार उपरोक्त के पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# नारी शक्तियों का हुआ सम्मान



**जौनपुर।** नगर के एक होटल में फ्रेंड ग्रुप ट्रस्ट एवं जारा एवं नारी सशक्तिकरण गोष्टी एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ जिसमें हाल ही में मिस और मिसेज यूपी क्वीन का खिताब जीतने वाली खुशबू प्रजापति और सोनल श्रीवास्तव का सम्मान गौराबादशाहपुर के समाजसेवी धर्मेंद्र जायसवाल के सौजन्य से हुआ। उनके अलावा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों का सम्मान हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में नगर मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह ने कहाकि समाज में जितना योगदान पुरुष का है उतना ही योगदान महिलाओं का भी है। आज हर क्षेत्र में महिला बड़ी जिम्मेदारी से कार्य कर रही है जिसके लिए वह सम्मान की हकदार है। विशिष्ट अतिथि विवेक सेठ मोनू, ईशान मिश्रा अमरावती ग्रुप रहे।

कार्यक्रम में राहुल चंद्र द्वारा गीतों की प्रस्तुति की गई। सम्मान की श्रेणी में सरला महेश्वरी, पूनम जायसवाल, खुशबू जायसवाल, अर्चना सिंह, तस्नीम फातमा, शिवानी चौरसिया, उर्वशी सिंह, डॉ. राजेश चंद्रा, आकांक्षा द्विवेदी, प्रदीप सिंह रिंकू, विवेक सिंह के अलावा अन्य लोगों को भी सम्मानित किया गया।

आभार आयोजक मिनाज शेख ने किया। संचालन सलमान शेख ने किया। इस अवसर पर रमेश बरनवाल, डॉ. मनोज वत्स, संदीप पांडे, दिलीप सिंह, पप्पू माली, रागिनी मौर्य, अनिल यादव संतोष दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।

# आठ दिवसीय श्रीराम कथा का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज


श्रीराम कथा सुनाते पंडित प्रकाशचंद्र पांडेय

**पराऊगंज।** हृदय में अगर भगवान का स्थान हो जाये तो हार्ट अटैक जीवन भर नहीं हो सकता है। उक्त बातें पराऊगंज बाजार स्थित मानस सेवा समिति द्वारा आयोजित आठ दिवसीय श्रीराम कथा के प्रथम दिवस शनिवार को मानस मर्मज्ञ पंडित प्रकाशचंद्र पांडेय विद्यार्थी ने कही।

उन्होंने कीर्तन एवं सुमिरन तथा सुन्दर को रेखांकित करते हुए कहा कि भगवान का रूप जलाशय की तरह है। मनुष्य को अपनी आंखे मछली की तरह रखना चाहिए ताकि भगवान के जलाशय में मछली की तरह निवास कर सके। सुंदरकांड की उपायदेयता का बोध कराते हुए बताया कि नारी सशक्तिकरण भारतीय संस्कृति में सदियों से चली आ रही है जिस के नाते प्राण से भी ज्यादा प्यारा होने पर भी माता कैकेयी ने राम को वन भेजा तथा बाली एवं लंकापति रावण ने नारी का हरण करने पर श्रीराम ने मर्यादा का पालन करते हुए उनका बध किया। ब्रिटिश गवर्नमेंट के दांत खट्टे कर तलवार की नोक को चुराते हुए झांसी की रानी शौर्य गति को प्राप्त हुई। ऐसी होती हैं हमारी भारतीय नारी। कथा के आयोजक राधेश्याम गुप्ता ने मंचस्थ व्यास पीठ का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। उक्त अवसर पर पंडित श्रीभूषण मिश्र, पंडित राम सुमेर मिश्र, भैयालाल शुक्ल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख वंश गोपाल सिंह, हरीनाथ तिवारी, नितिन सिंह, भाजपा नेता कृष्ण प्रताप दुबे, सुभाष सिंह, पवन कुमार चौबे, सतीश गुप्ता समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुजनों ने कथा का रसपान किया। आरती वंदन सभी श्रद्धालु जनों ने किया।

## दलित बस्ती की सड़क खराब, कूड़े का अंबार

**सुरियावां।** नगर पंचायत सुरियावां आदर्श नगर होते हुए भी दलित बस्ती में रास्ता नहीं बनवा सकी और न तो इंटरलॉकिंग करा सकी। दलित बस्ती का रास्ता बिल्कुल खराब है, पत्थर, चौका भी उखड़ गए हैं। अभी तक ध्यान नही दिया गया। इससे लोगों में तीव्र रोष है और दूसरी बात यह है कि रिहायसी बस्ती के बीच में कूड़े का ढेर इकट्ठा हो रहा है जिससे गंदगी और दुर्गंध से लोगों का जीना हराम हो गया है। मच्छरों के प्रकोप से लोग बीमार पड़ रहे हैं। ऐसी स्थिति में नगर पंचायत का ध्यान कई बार आकृष्ट कराया गया लेकिन यह सड़क आज तक नहीं बनी न तो कूड़ा ही हटाया गया। कृष्णा गौड, विवेक सरोज, संजय सरोज, कृष्णा सरोज, रोहित मौर्य, संतोष सरोज ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराकर दलित बस्ती की कीचड़युक्त सड़क तत्काल बनवाने की मांग के साथ कूड़े के ढेर को हटवाने की मांग की है। और फॉगिंग कराने की मांग की है। इस सम्बंध में ईओ सोनल जैन ने बताया कि कूड़ा का उठान हो जाएगा। रास्ता के लिए धन प्रस्तावित है। कार्य शीघ्र होगा।

# डॉ. फूलचंद बने ग्राम विकास अधिकारी संघ के अध्यक्ष

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** रविवार को ग्राम विकास अधिकारी संघ जौनपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन नगर के एक होटल के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी आनंद प्रकाश त्रिपाठी एवं पर्यवेक्षण राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप सिंह एवं मंत्री देवेश कुमार यादव ने किया।

अधिवेशन में जनपद के समस्त विकास खंडों से आये नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने तीसरी बार सर्वसम्मति से डॉ. फूलचंद कनौजिया को जिला अध्यक्ष, रामकृष्ण पाल को जिला मंत्री एवं प्रदीप कुमार श्रीवास्तव को प्रांतीय प्रतिनिधि हेतु निर्विरोध चयनित किया। जनपद कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र राय, संजय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष आजाद कुमार यादव, सुरेशचंद्र, इंद्रजीत पाल, संयुक्त मंत्री कृष्णचंद यादव, उपाध्यक्ष महिला कृतिका मिश्रा, मीना रानी कोषाध्यक्ष, विनोद सहाय श्रीवास्तव सह कोषाध्यक्ष, नंदकिशोर संगठन मंत्री, विनोद सिंह, सुनील उपाध्याय, अजय रजक, संदीप यादव, मोहम्मद शाहिद, अमित सिंह सांस्कृतिक मंत्री, पूजा सोनी प्रचार मंत्री, अनूप दीक्षित, राजेंद्र यादव मीडिया प्रभारी, अविनाश सिंह, राजेश चौधरी संप्रेक्षक, राकेश रोशन एवं प्रवक्ता दीपक सिंह सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किए गए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संरक्षक आनंद प्रकाश त्रिपाठी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संयुक्त खंड विकास अधिकारी कौशांबी प्रदीप कुमार मौर्य ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुये विश्वास जताया कि नवीन कार्यकारिणी संवर्ग के हितों हेतु सदैव प्रयत्नशील रहेगी। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप सिंह ने सर्वसम्मति से कार्यकारिणी के गठित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की एकता में बल है। निकट भविष्य में हम शासन एवं प्रशासन से कर्मचारी हित के विभिन्न मुद्दों पर संघर्ष कर सफलता हासिल करेंगे। अधिवेशन में बालेश्वर मौर्य, बाबूलाल, दयाशंकर पटेल, अरुण शुक्ला, प्रदीप शंकर श्रीवास्तव, अरविंद यादव, जितेंद्र शाह, सत्येंद्र कुमार, कमलेश कुमार, अभिषेक यादव, रामलाल पाल, प्रमोद शर्मा, अजय मौर्या आदि विभिन्न विकास खंडों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडीओ आईएसबी धमार्पुर संजय श्रीवास्तव ने किया।

# नहीं चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



जनसंदेश न्यूज

**शाहगंज।** मुख्यमंत्री के पखवाड़े भर का विशेष अभियान अधिकारियों की लापरवाही की भेंट चढ़ गया। नगर क्षेत्र पूरी तरह अतिक्रमण के जद में हैं। विशेष रूप से कोतवाली, नगरपालिका मार्ग डिवाइडर बन जाने से सड़क सकरा हो गया है। मुख्यमंत्री ने एक अप्रैल से पन्द्रह अप्रैल तक विशेष अभियान चलाकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया है जिसमें अवैध स्टैंड समेत अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध अभियान चलाने को निर्देशित किया है। इस बाबत प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने जिला, तहसील, नगरपालिका प्रशासन को टीम गठित कर कार्रवाई का निर्देश दिया है लेकिन सरकार के आदेश की नाफरमानी कर किसी प्रकार की कार्यवाही न करने से अतिक्रमण करने वालों का हौसला बुलंद है। कोतवाली, नगर पालिका रोड, कलक्टरगंज, रोडवेज तिराहा, जेसीज चौक पर अतिक्रमण से जनता त्राहि-त्राहि कर उठी है। कोतवाली रोड पर नगर पालिका गेट के समीप दुकानदारों द्वारा पटरी पर कब्जा कर लिया गया है। इसके बाद ग्राहकों की बाइक व दुकान का माल उतारते ठेले से पूरा सड़क जाम हो जाता है। किसी ने रोका टोका तो विवाद होना तय है। इस बावत उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी कर जुर्माना वसूला जायेगा। वहीं पटरी को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्यवाही होगी। पुरानी सब्जी मंडी में सब्जी बेचने वाले लोगों को सड़क से हटा अन्यत्र भूमि आवंटित किया जायेगा।

# दिव्या वाटर पार्क का डीएम व एसपी ने किया लोकार्पण

**पहल**

**ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के अन्तर्गत जनपद में नए स्टार्टअप व पर्यटन क्षेत्र में नवीन संभावनाओं के क्रम मे 'दिव्या वाटर पार्क' सुरियावां का शुभारम्भ**

जनसंदेश न्यूज


दिव्या वाटर पार्क का शुभारंभ करए डीएम गौरांग राठी व एसपी डॉ. अनिल कुमार

**भदोही।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अन्तर्गत नए स्टार्टअप व पर्यटन की दृष्टि से बढ़ावा देने के लिए उनके सपनों को साकार करते हुए पूर्व विधायक रवींद्रनाथ त्रिपाठी के संरक्षण में दिव्या ग्रुप द्वारा दो वर्षों से निर्मित दिव्या वाटर पार्क का कार्य पूर्ण होने पर जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने रविवार को सुरियावां में जनपद के पहले वाटर पार्क का लोकार्पण किया। उद्घाटन समारोह में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि जनपद के पहले वाटर पार्क का शुभारम्भ होना एक अनूठा व ऐतिहासिक क्षण है। वाटर पार्क सिर्फ मनोरंजन ही नही करता बल्कि हर आयाम को छूता हैं। यह सिर्फ व्यावसायिक दृष्टि से नही देखा जाएगा बल्कि सामाजिक समरसता के लिए बहुत ही अनुकरणीय व उपयोगी हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि यह वाटर पार्क बच्चों और बड़ों के लिए बेहतर व्यवस्था है। इससे जनपद में निवेश व परिवर्तन की छवि बनती है।

ब्रह्मकुमारी परिवार विजयलक्ष्मी दीदी, भाजपा लोकसभा प्रभारी कौशलेंद्र पटेल, जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, विधायक दीनानाथ भास्कर, विधायक विपुल दुबे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, राधेश्याम दुबे, घनश्याम उपाध्याय भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हौसिला पाठक, संतोष पांडेय, राकेश दुबे, मनोज मिश्रा, कन्हैयालाल मिश्रा, चंद्रभूषण त्रिपाठी, सचिन त्रिपाठी, राजेंद्र बघेल, दीपक पाठक, प्रमोद पांडेय आदि बहुत से लोग मौजूद रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी व संचालन पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी ने किया।

## कार का सीसा तोड़कर उचक्कों ने उड़ाए 7000 हजार नगद, दो मोबाइल

**गोपीगंज।** पुलिस चौकी गोपीगंज के सामने उत्तरी लेन पर खड़ी कार का सीसा तोड़कर उचक्को ने शनिवार की शाम सात हजार रुपए नगद, जरूरी कागजात सहित दो मोबाइल एंड्राइड फोन उड़ा ले गये। घटना के सबंध में बताया जाता है कि शनिवार की देर शाम दुर्जनपुर, बड़ागांव जनपद वाराणसी इंदौर से वापस सपरिवार लौट रहे थे, गोपीगंज पुलिस चौकी के सामने उत्तर पटरी पर अपनी कार खड़ी कर चाय पीने चले गए। इसी बीच उचक्कों द्वारा मौका पाकर कार का सीसा तोड़ उसमे रखा 7000 हजार नगद सहित गाड़ी के कागजात व दो मोबाइल एंड्राइड फोन उड़ा लिए, सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज मनोज राय ने आस पास के सीसीटीवी फुटेज के सहारे उचक्कों की तलाश में जुट गए।

# तरावीह की नमाज में मुकम्मल कुरान सुनाने वाले हाफिज का किया इस्तकबाल

जनसंदेश न्यूज


कजियाना मस्जिद में तरावीह की नमाज मुकम्मल होने के बाद हाफिज अमन रजा का इस्तकबाल करते नमाजी

**भदोही।** पवित्र माह रमजान जैस-जैसे आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे विशेष नमाज तरावीह के दौरान मुकम्मल कुरआन सुनाने का सिलसिला जारी है। शनिवार की रात मोहल्ला कजियाना की मस्जिद में पहले रोजे से ही शुरू हुई तरावीह की नमाज का पहला दौर पूरा हुआ। इस दौरान मस्जिद में मौजूद नमाजियों ने हाफिजे कुरआन को मुबारकबाद देते हुए फूल माला पहना कर इस्तकबाल किया। हाफिज अमन रजा ने मुकम्मल कुरआन सुनाने के बाद आलमे इस्लाम व मुल्क में अमनो अमान के लिए दुआ किया।

इस मौके पर कारी जुनैद आलम ने कहा कि अल्लाह का बहुत बड़ा एहसान और करम है जो हमें माहे रमजान मिला। इस माह में हमें विशेष नमाज तरावीह पढ़ने का मौका मिला तो चाहिए कि इमाम इस नमाज को उस तरह पढ़े कि सुनने वाले मुक्तादियों को अल्फाज समझ मे आये। कहा कि कुरान पाक की तिलावत धीरे-धीरे करना चाहिये। कहा कि इस माह में अल्लाह पाक हर नेकी का सवाब सत्तर गुना बढ़ा देता। इस महीने की बेशुमार बरकतें हैं। कहा कि यह महीना हमें जहां सब्र सिखाता है वहीं तकवा व परहेजगारी का भी दर्स देता है। नमाजियों को हिदायत दिया कि तरावीह की नमाज मुकम्मल हो गयी है लेकिन सूरह तरावीह पूरे माह पढ़ना है। कुरआन व रमजान की अहमियत पर विस्तार से अवगत कराया। इस मौके पर हाफिज रियाज अहमद, मोअज्जिन गुलाम अकबर, एहसान राइन, हाफिज अनस, शमीम राईन, अफजल राईन, नसीम राईन, हम्माद हुसैन खान, अहमद अली, शौकत अली, अब्दुल वहाब खान, मो. अली राईन, मो. हुसैन, इरफान अली, मो. सादिक, वासिद अली, शाहनवाज खान, चांद बाबू खान, हारून खान भोलू भाई आदि मौजूद थे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

## छोटे-छोटे बच्चे रोजा रखने में नहीं है पीछे




**भदोही।** मुकद्दस माह-ए-रमजान रहमतों और बरकतों से भरपूर वाला महीना है। इस मुकद्दस महीने में जहां बड़े, बुढ़े व महिलाएं रोजा रखकर अल्लाह की इबादत में मशगूल हैं तो वहीं छोटे-छोटे बच्चे भी रोजा रखने में पीछे नहीं है। नगर के बाजार सलावत खां मोहल्ले के निवासी मो.लईक अंसारी के 7 वर्षीय बेटे मो.अबु बक्र ने भी रविवार को रोजा रखा। रमजान का महीना रहमतों और बरकतों का महीना है। रोजा हर मुसलमान मर्द, औरत, आकील व बालिग पर फर्ज है। इस लिए इस महीने में मुस्लिम घरों में लोग रोजे रखते हैं। रोजा रखकर सभी के द्वारा ज्यादा से ज्यादा इबादत की जाती है। रमजान का महीना चल रहा है तो इसमें सभी रोजे रखकर इबादत में मशगूल हैं। अल्लाह की इबादत करने और रोजे रखने में बड़े तो बड़े नन्हें-मुन्नें बच्चे भी पीछे नहीं है। नगर के बाजार सलावत खां निवासी मो.लईक अंसारी के 7 वर्षीय बेटे मो.अबु बक्र अंसारी ने अपना पहला रोजा रखा। उन्होंने न सिर्फ अपना पहला रोजा मुकम्मल किया बल्कि अल्लाह की इबादत की। मो.अबु बक्र को पहला रोजा रखने पर घर के लोगों सहित उनके रिश्तेदारों ने मुबारकबाद के साथ तोहफा दिया। घर में अम्मी और अब्बू तथा अन्य सदस्यों को रोजा रखता देख मो.अबु बक्र ने रोजा रखा।

# क्रूरतापूर्वक वध हेतु ले जाए जा रहे 49 जीवित व 12 मृत गोवंश बरामद

**कार्रवाई**

**रात्रि में जनपदीय पुलिस को राष्ट्रीय राजमार्ग के रास्ते गौ तस्करों के आने की मिली थी सूचना**

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** बीती रात्रि में जनपदीय पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि जनपद कानपुर से कंटेनर वाहनों में गोवंश लादकर शातिर गौ तस्कर भीटी बॉर्डर से प्रवेश कर जनपद के रास्ते बिहार ले जाने वाले हैं। सूचना पर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देश के क्रम में जनपदीय पुलिस के थाना ऊंज, थाना गोपीगंज व थाना औराई तथा पीआरवी के तीन वाहनों की संयुक्त टीम द्वारा गोवंश लदे वाहन को रोकने का प्रयास किया गया।

शातिर गौ तस्कर पुलिस टीम पर वाहन चढ़ाने का प्रयास करते हुए हाईवे के लेन को परिवर्तित कर तथा लालानगर टोल प्लाजा के बैरियर को तोड़कर आगे निकलने लगे। जनपदीय पुलिस द्वारा गोवंश लदे वाहन का लगातार पीछा करते हुए जनपद वाराणसी पुलिस से बेहतर समन्वय स्थापित कर जनपद वाराणसी सीमा के अंदर से गोवंश लदे कंटेनर वाहन के साथ दो शातिर अंतर्जनपदीय गौ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। बरामदशुदा कंटेनर वाहन में क्रूरतापूर्वक वध हेतु ले जाए जा रहे 21 जीवित व 12 राशि मृत कुल-33 राशि गोवंश सांड़ बरामद किया गया। भागने के दौरान घायलों का ईलाज कराया जा रहा है।साथ ही गिरफ्तारशुदा गौ तस्करों के साथ पीछे से आ रहे एक अन्य कंटेनर वाहन के साथ तीन शातिर गौ तस्करों को भी थाना औराई पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तार तस्करों के कब्जे से उक्त कंटेनर वाहन में क्रूरता पूर्वक वध हेतु ले जाए जा रहे 28 राशि गोवंश को बरामद किया गया है। गिरफ्तारशुदा अंतर्जनपदीय गौ तस्करों के विरुद्ध पूछताछ करते हुए संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। गिरफ्तार लोगों में दिलशाद उम्र करीब 35 वर्ष कानपुर देहात, चालक मस्जूद अहमद कौशांबी, आजम 23 वर्ष जनपद शामली, जुल्फीकार उम्र करीब 23 वर्ष जनपद कौशांबी, गूंगा उम्र करीब 40 वर्ष हैं।

## बहुआयामी प्रतिभा के धनी रंगमंच, टीवी, फिल्म अभिनेता एवं कवि अखिलेंद्र मिश्र ने कहा

# हिन्दी रंगमंच को 'ऑक्सीजन' देने में सरकार करे पहल

**खास मुलाक़ात**

**शासन ने बड़े-बड़े आलीशान ऑडिटोरियम बनाए जो रंगकर्मियों की आर्थिक पहुंच से हैं दूर**

**हिन्दी बेल्ट का समाज नाटकों के प्रति नहीं है गंभीर, मात्र एक-दो फीसदी लोग संवेदनशील**

**आज भी रंगकर्म को आर्थिक मदद मिलती है कम चिरौरी, मान-मनुहार और चंदा ही है सहारा**

**सुरोजीत चैटर्जी**

हिन्दी भाषा का प्रारूप विश्वस्तरीय हो चुका है। लेकिन नाटकों का अपना कोई बॉक्स ऑफिस नहीं है। हिन्दी बेल्ट में समाज नाटकों को गंभीरतापूर्वक नहीं लेता। मात्र एक-दो फीसदी लोग ही इस दिशा में गंभीर हैं। आज भी नाटकों की प्रस्तुति के लिए आर्थिक मदद बहुत कम मिलती है। चिरौरी, मान-मनुहार वगैरह कर चंदा जुटाने के लिए किसी प्रकार एक प्ले का मंचन करना संभव हो पाता है। नाटकों का टिकट खरीदना तो दूर की बात किसी को अपना नाटक दिखाने के लिए पास दो और वह आए तो वो एहसान जताना नहीं भूलता कि खासी व्यवस्तता के बावजूद मैं आपका प्ले देखने आया। तमाम शहरों में नाटकों के लिए उपयुक्त ऑडिटोरियम नहीं हैं। कमाल तो ये है कि सरकार ने कई शहरों में करोड़ों रुपये खर्च कर बड़े-बड़े ऑडिटोरियम तो बना दिये हैं लेकिन उनका किराया इतना महंगा है कि उनमें नाटकों का मंचन संभव नहीं है। ऐसे हॉल क्या सिर्फ सरकारी आयोजनों, उनके महोत्सवों और आर्थिक रूप से सक्षम लोगों के कार्यक्रमों के लिए ही बनाए गये हैं? वास्तव में ज़रूरत इस बात की है कि शासन थिएटर को महत्व दे। सरकारी ऑडिटोरियम न्यूनतम रेट पर रंगकर्मियों को दिया जाय। इसके लिए सरकार को आगे आना पड़ेगा। भारत सरकार कानून बनाकर नाटक मंडलियों के लिए मंत्रालय बनाए। हमारी शिक्षा प्रणाली की विषय सूची में नाटक को शामिल किया जाय। प्रत्येक शिक्षण संस्थान में नाट्य विधा एक सब्जेक्ट के तौर पर सम्मिलित हो। वर्तमान में गिने-चुने विश्वविद्यालयों में ही नाटक को विषय के रूप में पढ़ाया जा रहा है जो पर्याप्त नहीं है। 'हिन्दी रंगमंच दिवस' पर बहुआयामी प्रतिभा के धनी रंगमंच, टीवी और फिल्म के सुविख्यात अभिनेता एवं कवि अखिलेंद्र मिश्रा ने 'खास मुलाक़ात' में यह बात कही।





### पत्तों में नहीं, पेड़ की जड़ों को पानी की ज़रूरत

बिहार के सिवान स्थित कुलवा गांव में जन्में अखिलेंद्र को बाल्यकाल के उस दौर में नाटकों का चस्का लगा जब इस विधा को घर-परिवार और समाज हेय दृष्टि से देखता था। दुर्गापूजा के मौके पर 'गवना के रात' से अभिनय यात्रा आरंभ करने वाले अखिलेंद्र वर्तमान में भले ही छोटे-बड़े पर्दे के नामचीन अभिनेता हैं और 'चंद्रकांता' धारावाहिक के क्रूर सिंह या 'सरफरोश' फिल्म के मिर्ची सेठ चरित्र समेत उनके तमाम अन्य कैरेक्टरर्स को दर्शक अब भी अपने दिल-दिमाग़ से भले न उतार पाए हों लेकिन उन्होंने आज भी रंगकर्म जारी रखा है। साथ ही इन दिनों वह लगभग डेढ़ घंटे की एकल प्रस्तुति 'स्वामी विवेकानंद का पुनर्पाठ' के माध्यम से विवेकानंद के सुने-अनसुने प्रसंगों को अनूठे अंदाज़ में पेश कर रहे हैं। इसके अलावा डॉ. शंकर शेष लिखित 'एक और द्रोणाचार्य' एवं कैफ़ी आज़मी कृत 'आख़िरी शमा' 35 साल से मंचित कर रहे हैं। 'मोटेराम का सत्याग्रह' का मंचल 30 वर्ष तक कर चुके हैं। आज भी कभी-कभी इसके मंचन का हिस्सा बनते हैं। उनकी कविताओं संग्रह 'अखिलामृतम्' खासा चर्चित है। एक सवाल के जवाब में बोले- भारतवर्ष में आज रंगकर्म एक अलग रूप में उभरा है। यदि छोटे-छोटे कस्बों में भी साहित्य और संस्कृति के प्रति संवेदनाएं हैं तो वहां नाटक किये जा रहे हैं। रंगमंच के लिए सरकार तो कुछ भी कर रही है वो पर्याप्त नहीं है। शासन नाटक को प्रोत्साहित करने के लिए आये आगे और इस विधा को सशक्त बनाने में योगदान दे। रिहर्सल के लिए भी स्थान उपलब्ध कराए। वास्तव में सिर्फ पत्तों को पानी देने से पड़े हरे-भरे नहीं होते बल्कि पेड़ की जड़ों में पानी देने की आवश्यकता है। तभी रसास्वादन होगा।





### यूपी में हिन्दी रंगकर्म का परिदृश्य उत्साहजनक


एक सवाल के जवाब में अखिलेंद्र ने कहा कि 80 के दशक में जब टेलीविज़न आया और हमलोग, रामायण आदि धारावाहिक वगैरह बनने लगे तो रंगमंकर्मियों की चिंता बढ़ी। इस बारे में पृथ्वी थिएटर में एक बड़ी बैठक कर विचार-विमर्श किया गया कि टीवी की बढ़ती लोकप्रियता के चलते नाटकों पर संकट आ रहा है। लेकिन हुआ उससे उलट। नाटक और भी मजबूत हो गये। मुंबई में तो मराठी, गुजराती और अंग्रेज़ी भाषा के नाटकों के बाद अब हिन्दी नाटकों ने स्वयं को स्थापित कर लिया है। उधर, यूपी में भी रंगकर्म का परिदृष्य उत्साहजनक है। साहित्य और रंगकर्म की दिशा में बिहार को देखें तो वहां दूर-दराज के अलाकों में भी बहुत गंभीरता है। वैसे भी बिहार बुद्धिजीवियों की धरती है। आर्यभट्ट, चंद्रगुप्त, सम्राट अशोक, विद्यापति, चाणक्य, फणीश्वरनाथ रेणु, रामधारी सिंह 'दिनकर' जैसों की यह धरती साहित्य-संस्कृतिकर्मियों के लिए बेहद उपजाऊ है। लेकिन जातिवाद की राजनीति ने रंगकर्म को नुकसान पहुंचाया है। नाटकों के लिए पटना तो एक प्रकार से गढ़ ही है। इसके अलावा दरभंगा, बेगूसराय, बक्सर, हजारीबाग और चाईबासा आदि में भी रंगकर्म हो रहा है।






# काशी में जन्मी थी हिन्दी रंगमंच की दुनिया


शहर के मध्य नागरी नाटक मंडली जहां अब भी नाटकों की शृंखला जीवंत




**आज यानि (तीन अप्रैल) हिन्दी रंगमंच दिवस है, रंगमंच को अभिनय कला का नशा माना जाता है। जिसने भी इस दुनिया में कदम रखा, रंगमंच उसकी रूह में उतर गया। फिर वह चाहकर भी रंगमंच की दीवानगी से खुद को जुदा नहीं कर सका। दरअसल, रंगमंच इश्क का एक ऐसा दरिया है जिसकी गहराइयों में जिंदगी बसती है। वास्तव में यह जीवन का वो रंग है, जिसमें अभिनय की बारीकियां समाई होती है। यही कारण है कि लोगों का इससे कभी जुड़ाव कम नहीं हुआ। राज कपूर और शशि कपूर हिंदी फिल्मों के बड़े अभिनेता थे, पर उनकी जान पृथ्वी थिएटर में बसती थी। इसलिए कि रंगमच ही वो माध्यम है, जहां अभिनय को तराशने का मौका मिलता है। रंगमंच की दुनिया भले ही पूरे विश्व में सजती हो लेकिन काशी ही एक ऐसा स्थान है जहां से हिन्दी रंगमंच ने अपनी यात्रा शुरू की।**


## मल्टीप्लेक्स की दुनिया में रंगमंच के संवाद हैं जीवंत

**काशी में तीन अप्रैल 1868 की शाम 'जानकी मंगल' हिन्दी नाटक का हुआ था मंचन**

**बाबू भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने अचानक एक घंटे में संवाद याद कर मंचन को कर दिया था जीवंत**

**5जी की स्पीड की दुनिया में रंगमंच के कलाकारों ने अब भी बना रखी है अपनी पहचान**

**रंगमंच की दुनिया से आने वाले कलाकारों ने ही छोटे व रुपहले पर्दे पर बनायी पहचान**




**अश्वनी कुमार श्रीवास्तव**

**वाराणसी।** हिंदी रंगमंच दिवस प्रतिवर्ष तीन अप्रैल को मनाया जाता है। तीन अप्रैल 1868 की शाम बनारस में पहली बार शीतलाप्रसाद त्रिपाठी कृत हिन्दी नाटक 'जानकी मंगल' का मंचन हुआ। जून 1967 में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने हिंदी साहित्य का इतिहास में पहली बार इस नाटक के मंचन को प्रामाणिक तौर पर पुष्ट किया। इंग्लैंड के 'एलिन इंडियन मेल' के आठ मई 1868 के अंक में भी उस नाटक के मंचन की जानकारी भी प्रकाशित हुई थी। इसी आधार पर पहली बार शरद नागर ने ही हिन्दी रंगमंच दिवस की घोषणा तीन अप्रैल को की थी। हिंदी रंगमंच की स्थापना में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका तत्कालीन काशी नरेश ईश्वरीनारायण सिंह ने निभाई। उन दिनों नाट्य क्षेत्र में ब्रितानी माडल ज्यादा प्रभावी थे। काशी की पारम्परिकता, आधुनिकता के दबाव से बचने की कोशिश में बीच का रास्ता खोज रही थी। तब महाराज ईश्वरीप्रसाद नारायण सिंह ने अपने दरबारी कवि गणेश को इस पर काम करने को कहा। गणेश ने जो नाटक लिखा वह पारम्परिक और छन्दबद्ध था।

महाराज संतुष्ट नहीं हुए। वह ऐसी परम्परा शुरू करना चाहते थे जो अंग्रेजी नाट्य प्रस्तुति का मुकाबला कर सके। तब उन्होंने यह जिम्मेदारी शीतलाप्रसाद त्रिपाठी को सौंपी। उन्होंने शास्त्रीय संस्कृत नाटक, पारंपरिक रामलीला और यूरोपीय नाट्य तत्वों को मिलाकर जानकी मंगल तैयार किया। बाबू ऐश्वर्यनारायण प्रसाद सिंह ने रामलीला के कलाकारों संग रिहर्सल शुरू किया। प्रस्तुति का स्थान चुना गया कैंटोनमेंट का असेंबली रूम्स एंड थियेटर जिसे बाद में 'रायल थिएटर' के नाम से भी जाना गया।

### हिन्दी रंगमंच के पितामह थे बाबू भारतेन्दु

आधुनिक भारत की बात करें, तो भारतेंदु हरिश्चंद्र ने रंगमंच में प्रयोग का दौर शुरू किया, उन्हें तो हिंदी रंगमंच का पितामह कहा जाता है। आज भी उनके नाटकों का मंचन किया जाता है। भारतेंदु ने अंधेर नगरी चौपट राजा, नील देवी, भारत-दुर्दशा जैसे नाटकों का लेखन किया। लेकिन, कहते हैं न कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है और बदलती तकनीक ने हर क्षेत्र में अपना प्रभाव डाला। कहा भी गया कि जो समाज जितना प्रगतिशील होगा वह उतना ही विकसित होगा। साहित्य के क्षेत्र में भी निरंतर परिवर्तन होते आ रहे हैं। नई नई तकनीकों का प्रयोग रंगमंच में भी दिखाई देने लगा है।

### अचानक मंच मिला तो पीछे नहीं हटे भारतेन्दु बाबू

मन में रंगमंच का ताना बाना बुनते हुए मंच मिलने का इंतजार करने वाले बाबू भारतेन्दु हरिश्चन्द्र को जब अचानक मंच पर हुनर दिखाने का मौका मिला तो फिर वह पीछ नहीं हटे, और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखें, जानकी मंगल नाटक की प्रस्तुति के ठीक पूर्व लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाला लड़का बीमार पड़ गया। नाटक स्थगित होने की नौबत आ गई। तभी 18 वर्षीय युवा हरिश्चंद्र वहां पहुंचे। उन्होंने लक्ष्मण की भूमिका करने को कहा। महाराज ने संवाद याद होना असंभव बताया तो उन्होंने घंटे भर में याद कर सुना दिया। फिर नाटक खेला गया। भारतेन्दु के मन में हिंदी नाटक लेखन और उसके अभिनय का उत्साह जगा और उन्होंने खुद नाटक लिखना शुरू कर दिया। अपना नाट्य दल भी बनाया जिसमें राधाकृष्ण दास, रविदत्त शुक्ल, दामोदर शास्त्री, पं. चिन्तामणि, पं. माणिक लाल जोशी आदि थे। उन्होंने वाराणसी और बलिया के दादरी मेले में नाट्य प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद तो काशी में नाटक करने के लिए नाट्य संस्थाओं का बनना आरम्भ हो गया।

### मनोरंजन के साथ संदेश भी देते थे रंगमंच

उस दौर में जब मनोरंजन का कोई साधन नहीं था तो रंगमंच ही लोगों को लिए एक मात्र साधन की रूप में स्थापित था, ब्रिटिश हुकुमत थी लेकिन कलाकारों की आवाज मंच से बुलंद हुआ करती थी, यह आवाज पात्र के संवादों तक ही सिमट कर नहीं होती थी बल्कि अंग्रजी हुकुमत के विरोध में भी संदेश देती थी या फिर उनके द्वारा किये गये कुछ कार्यो के विरोध भी कलाकारों के संवाद से सुनायी देती थी। नाटक मनोरंजन के साथ सामाजिक विकास और उत्थान का कार्य भी करता है।

### रंगमंच ने ही दिलाया टीवी व फिल्मों में स्थान

छोटे पर्दे पर या फिर रुपहले पर्दे पर आज ज्यादातर वही कलाकार सफल है, जो रंगमंच की दुनिया से होते हुए फिल्म, टीवी और ओटीटी प्लेटफॉर्म तक पहुंचे हैं। उनकी अदाकारी में एक अलग ही जीवंतता देखने को मिलती है। वरना टीवी को तो बुद्ध बक्से की संज्ञा दी ही गई है। जबकि, रंगमंच को जीवन का राग कहा गया। फिल्म और टीवी पर तो टेक पर टेक हो जाते हैं, पर रंगमंच इस सबकी इजाजत नहीं देता। वहां आपका समीक्षक दर्शक होता है, जो सब देखता और समझता है। इसलिए अभिनय का सबसे कठिन माध्यम कोई है तो वो रंगमंच है।

### देश भर में होती रामलीलाएं भी रंगमंच का हिस्सा

भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृति है और रंगमंच इसी संस्कृति की देन है। नाट्यकला के विकास का श्रेय भी भारत को ही जाता है। ऋग्वेद के सूत्रों में यम और यामी, पुरुरवा और उर्वशी के संवाद मौजूद है। भारत में सदियों पहले ही भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र की रचना की थी और कहा था कि नाट्यशास्त्र हमारी संस्कृति का हिस्सा रहा है, तभी तो इसे पंचमवेद तक की संज्ञा दी गई। पुरातन काल में हमारी संस्कृति और हमारी आस्था को भी नाटक के रूप में मंचन कर-के प्रस्तुत किया जाता था। जिससे लोगों की आस्था तक रंगमंच में जुड़ी होती थी। रामायण व महाभारत का आज भी मंचन सुदूर-क्षेत्रों में देखा जा सकता है।

### मनोरंजन के साथ संदेश भी देते थे रंगमंच

उस दौर में जब मनोरंजन का कोई साधन नहीं था तो रंगमंच ही लोगों को लिए एक मात्र साधन की रूप में स्थापित था, ब्रिटिश हुकुमत थी लेकिन कलाकारों की आवाज मंच से बुलंद हुआ करती थी, यह आवाज पात्र के संवादों तक ही सिमट कर नहीं होती थी बल्कि अंग्रजी हुकुमत के विरोध में भी संदेश देती थी या फिर उनके द्वारा किये गये कुछ कार्यो के विरोध भी कलाकारों के संवाद से सुनायी देती थी। नाटक मनोरंजन के साथ सामाजिक विकास और उत्थान का कार्य भी करता है।

### 5जी की स्पीड में भी रंगमंच को चाहने वाले

रंगमंच जीवन का ऐसा किस्सा है, जो समाज की दकियानूसी परम्पराओं पर भी सवाल खड़े करता है। इसलिए कहा जा सकता है कि रंगमंच जीवन को दिशा भी देता है। ये समाज की बुराइयों से रूबरू कराता है, तभी तो इसे दिल का सुकून देने वाला माध्यम भी कहा गया। इसमें प्रेम का राग है, तो जुदाई का दर्द भी। रंगमंच जिंदगी की हर अच्छी बुरी घटना का जीवंत रूप भी है। यह समाज के अंदर घटने वाली बातों को दर्शकों के माध्यम से जनता तक पहुँचाने की कड़ी है। आज भले ही मनोरंजन के साधनों की भरमार हो गई हो। इंटरनेट की स्पीड ने मनोरंजन को 2-जी से बाहर निकालकर 4जी और 5जी की गति दे दी, फिर भी इसे चाहने वाले दर्शकों से इसे दूर नहीं कर सके।

# बच्चों व युवाओं को आर्ट में पारंगत करने की चाहत



**हर माह गैलरी में लगायी जाती है कला प्रदर्शनी**

**माइल्स स्टोन साबित हो रही है रामछाटपार की गैलरी**

**कलाविद् प्रो. मदन लाल से खास मुलाकात**

**राधेश्याम कमल**

**वाराणसी।** रामछाटपार शिल्प न्यास के संयोजक एवं काशी हिंदू विश्वविद्यालय दृश्य कला संकाय के सेवानिवृत्त प्रो. मदन लाल बच्चों एवं युवाओं को कला के क्षेत्र में और भी आगे ले जाना चाहते हैं। इसके लिए वे पिछले कई वर्षों से प्रयासरत हैं। वे बनारस के कलाकारों से लेकर पूरी दुनिया के आर्ट कलाकारों का यहां समागम कर रहे हैं। उन्होंने महेशपुर सामनेघाट में आर्ट गैलरी भी खोल रखी है। इस आर्ट गैलरी में हर माह कला प्रदर्शनी आयोजित की जाती है। उनका मानना है कि यह आर्ट गैलरी बच्चों एवं युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है जहां पर उनकी आशाओं का किरण झलकती है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के दृश्य कला संकाय में लगभग 29 वर्षों तक अध्यापन करने वाले प्रो. मदन लाल ने कला के क्षेत्र में अब तक सैकड़ों शिष्यों को पारंगत किया। जो देश के विभिन्न क्षेत्रों में रह कर कला के मुख्य धारा में जुड़ कर ख्याति अर्जित कर रहे हैं। प्रो. मदन लाल ने बीएचयू में 1978 में फाइन आर्ट किया। बाद में 1981 में बड़ौदा विश्वविद्यालय से पोस्ट ग्रेजुएट तथा टोक्यो (जापान) से 1988 में डबल पीजी की पढ़ाई पूरी की। वे 1990 से लेकर 2019 तक बीएचयू फाइन आर्ट में अध्यापन करते रहे। कलाविद् प्रो. मदन लाल से जनसंदेश टाइम्स ने खास मुलाकात की। पेश से उनसे बातचीत के प्रमुख अंश।





### बच्चे से लेकर दिवंगत कलाकारों की भी रखी गई हैं कलाकृतियां

कलाविद् प्रो. मदन लाल बताते हैं कि महेशपुर कालोनी स्थित 1999 से रामछाटपार शिल्प न्यास कला केन्द्र चल रहा है। इसमें आधुनिक संग्रहालय, गैलरी व देश-विदेश के कलाकारों की बनायी गई कलाकृतियां रखी गई है। यहां पर तीन साल के बच्चे से लेकर दिवंगत कलाकारों की भी कलाकृतियां रखी गई है। वे बताते हैं कि हम यहां पर कार्य करके यह दिखाना चाहते हैं कि लोग बच्चों व युवाओं की कलाकृतियों को देख कर उसे समझें।

### बाल कला दिवस मना रहे हैं

वे बताते हैं कि जैसे 19 नवम्बर को हम नेहरूजी का जन्मदिन मनाते हैं उसी तरह हम संस्था में बाल कला दिवस मनाते हैं। पूरे देश में शायद बाल कला दिवस का इस तरह का आयोजन नहीं होता है। इस बार पांच अप्रैल को बाल कला उत्सव मनाया जायेगा। इसका उद्घाटन पद्मश्री बीएचयू की डा. चूड़ामणि गोपाल करेंगी। यह बाल कला उत्सव 6 से 13 अप्रैल तक चलेगी। इसमें तीन साल से 14 साल तक के बच्चे भागीदारी करके गैलरी में ही पेंटिंग बनायेंगे। हम उनको कलर व बाकी सब सामान देंगे। इसके लिए बच्चों को कोई सब्जेक्ट नहीं दिया जाता है। बच्चे अपने मन से कलाकृतियां या पेंटिंग बनाते हैं। इस आयोजन के लिए हम एर हफ्ते से गैलरी में जुटे हुए हैं। इसमें प्रार्थना, अनवार, मनोज भी लगे हुए हैं।

### साल भर में होते हैं 30 विविध आयोजन

रामछाटपार शिल्प न्यास महेशपुर में साल भर में लगभग 30 आयोजन होते हैं। इससे युवा कलाकार व बच्चे काफी लाभन्वित होते हैं। यहां पर हर पूर्णिमा पर गंगा तट पर संगीत का आयोजन होता है। जिसमें देश के मूर्धन्य कलाकारों की भागीदारी होती है। इस वर्ष भी इसका 20वां महीना है। इसी तरह हम आर्ट फेयर भी लगाते हैं। इसमें विशेष रूप से कला प्रदर्शनी लगायी जाती है। कलाकारों की कलाकृतियों को गैलरी में रखकर प्रदर्शित करते हैं। हम इसके माध्यम से गंगा पार में रेत में आकृति की खोज प्रतियोगिता करते हैं जो शायद कहीं नहीं होता है। रेत में आकृति की खोज का इस साल 21वां साल पूरा होगा।



### कला पर व्याख्यान के लिए विदेशों की हुई यात्रा

वे बताते हैं कि कला संबंधित व्याख्यान देने के लिए विदेशों में कई यात्राएं हुई। उनकी पहली जापान यात्रा 1985 में हुई। इसके बाद वे 15 बार जापान की यात्रा पर गये। इसके बाद वे दो बार चाइना, कोरिया, थाईलैंड, ताइवान, सिंगापुर, नीदरलैंड, इटली, फ्रांस भी गये। 2004 में वे यूरोप गये। इसके बाद जर्मनी, पेरिस, आस्ट्रिया गये। गत फरवरी 2023 में वे यूरोप गये तो उनकी धर्मपत्नी राजश्री गुप्ता भी थीं। वे बताते है कि विदेशों में जाकर हमने संग्रहालयों को देखा और उसी आधार पर हमने रामछाटपार शिल्प न्यास कला गैलरी का निर्माण किया।